संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 13 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 162 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



टीडीपी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुके देकर स्वागत करते हुए नायडू।

### आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।
-स्वामी विवेकानंद"

## खुदरा महंगाई दर 12 महीने के निचले स्तर पर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश की खुदरा मुद्रास्फीति मई में सालाना आधार पर घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले महीने यानी अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत थी। ' सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2-6 फीसदी के सहिष्णुता दायरे में बना हुआ है। आंकड़ों के अनुसार क्रमिक आधार पर मुद्रास्फीति की दर मई में 0.48 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। खाने-पीने की कीमतें कम हुईं: मई में खाद्य मुद्रास्फीति की दर अप्रैल के 8.75 प्रतिशत से घटकर मई में 8.62 प्रतिशत हो गई। हालांकि यह आंकड़ा मई 2023 की खाद्य महंगाई दर 3.3 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण मुद्रास्फीति मई में घटकर 5.28 प्रतिशत रह गई, जो पहले 5.43 प्रतिशत थी। इस बीच, मई में शहरी मुद्रास्फीति की दर 4.15 प्रतिशत रही।

# मोहन माझी की हुई 'ताजपोशी'

● मोहन माझी ने ली ओडिशा के सीएम पद की शपथ, पीएम मोदी-शाह समेत कई भाजपा नेता रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**भुवनेश्वर: ओडिशा** में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। क्योंझर से विधायक मोहन चरण माझी ने भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ ओडिशा में पहली बार एक सीएम, दो डिप्टी सीएम और 13 मंत्रियों की सरकार बनी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 5 बजे शुरू हुआ। इस कार्यक्रम को भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन चरण मांझी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण मांझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी शपथ समारोह में मौजूद रहें। पूर्व सीएम नवीन पटनायक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। बता दें कि माझी के नाम का एलान 11 जून को हुई विधायक दल की बैठक में किया गया। भाजपा ने वरिष्ठ पार्टी नेता राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को ओडिशा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। सीएम चुने जाने के बाद माझी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी जाएंगे। बता दें कि मोहन माझी के अलावा 16 अन्य मंत्रियां ने भी शपथ ली। गणेश राम, संपंद स्वेन, प्रदीप बालासमंता, गोकुला नंद मलिक, सूर्यबंशी सुराज को मंत्री स्वतंत्र प्रभार की शपथ दिलाई गई। **घोटाला उजागर करने के लिए विस अध्यक्ष पर फेंक दी थी दाल:** 2023 में माझी तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 700 करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाले को उजागर करने के लिए अनूठे तरीके से विधानसभा में विरोध किया था। माझी ने तब एक कटोरी बिना पकी दाल स्पीकर की तरफ उछाल दी थी।

**भाजपा ने जताया भरोसा:** चार बार एक ही विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले माझी पर इस बार भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा जताया और उन्हें ओडिशा का 15वां मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। आपको बता दें कि इस बार ओडिशा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में बीजू जनता दल के विजयरथ को रोका और बड़ी जीत दर्ज की। 147 में से 78 सीटों पर जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी ओडिशा में सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। पार्टी ने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना पीएम मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था।



### माझी का ऐसा रहा है सियासी सफर

**मोहन** चरण माझी का जन्म 1972 में ओडिशा में हुआ था। उनके पिता का नाम गुनाराम माझी है। उनकी शादी डॉ. प्रियंका मरांडी से हुई है और उनके दो बेटे हैं। मोहन चरण माझी ने अपना सियासी करियर एक सरपंच के रूप में शुरू किया था। उन्होंने यह जिम्मेदारी 1997 से 2000 के बीच संभाली। 1997 में उन्हें भाजपा ओडिशा आदिवासी मोर्चा के सचिव की जिम्मेदारी मिली। इसके अलावा मोहन स्थानीय स्तर पर युबज्योति क्लब, रायकला के अध्यक्ष, बाबा धबलेश्वर महादेव मंदिर समिति, रायकला के सदस्य और भाजपा ओडिशा एसटी मोर्चा के महासचिव जैसे पदों पर भी रहे।

**फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं मोहन:** हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में मोहन ने अपनी संपत्ति 1.97 करोड़ रुपये घोषित की थी। वह खुद को पेशे से किसान और समाजसेवक बताते हैं। शैक्षिक योग्यता की बात करें तो माझी स्नातक पेशेवर हैं। 1993 में सीएस कॉलेज चंपुआ से बीए किया है। इसके बाद मोहन ने 2011 में ढेंकनाल लॉ कॉलेज से एल.एल.बी. किया है। यात्रा और खेल का शौक रखने वाले मोहन रायकला, क्योंझर में राइजिंग स्टार क्लब के फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव में क्योंझर सीट से जीते

**आदिवासी** नेता मोहन माझी ने विधानसभा चुनाव में क्योंझर सीट से जीत हासिल की है। इस चुनाव में उन्होंने बीजू जनता दल की मीना माझी को 11,577 मतों से शिकस्त दी। 52 वर्षीय भाजपा नेता की विधानसभा चुनाव में यह चौथी जीत है। वह पहली बार 2000 में क्योंझर (एसटी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के विधायक चुने गए थे। इसके बाद 2004, 2019 और अब 2024 में भी क्योंझर सीट से जीते हैं। माझी ओडिशा विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक भी रह चुके हैं।



आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू और पवन कल्याण ने पीएम मोदी को भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

## जी7 शिखर सम्मेलन से पहले खालिस्तान समर्थकों का कायराना हरकत

**रोम: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले खालिस्तान समर्थकों ने इटली में महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। मालूम हो कि 50वां जी-7 शिखर सम्मेलन इस बार इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाला है। वहीं, इटली के मिलान में कथित तौर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले पर विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि हमने इसकी रिपोर्ट देखी है और भारत ने इस मुद्दे को इटली के अधिकारियों के समक्ष उठाया है। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा इटली की करने वाले हैं।

## आंध्र प्रदेशः चंद्रबाबू ने ली सीएम पद की शपथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**विजयवाड़ा:** टीडीपी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। नायडू के साथ राज्य कैबिनेट के कई मंत्रियों ने भी शपथ ली। वहीं, जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। गौरतलब है, आंध्र प्रदेश विधानसभा में एनडीए ने एक तरफा जीत दर्ज की है। मंगलवार को तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने चंद्रबाबू नायडू को अपने विधायक दल नेता चुना था और उन्होंने चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके अलावा, पवन कल्याण, नायडू के बेटे नारा लोकेश और कई मंत्रियों को राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने शपथ दिलाई। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर बधाई देते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और अन्य सभी लोगों को बधाई, जिन्होंने आज पद की शपथ ली। मेरा दृढ़ विश्वास है कि एनडीए सरकार आंध्र प्रदेश राज्य को समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, लोगों की आकांक्षाओं और आशाओं को पूरा करेगी।'

**जिम्मेवारी**
▶▶ टीम में डिप्टी सीएम पवन कल्याण समेत 24 मंत्री, पीएम मोदी समारोह में हुए शामिल

**शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहेंगे यह लोग:** बुधवार सुबह राज्यपाल ने 74 वर्षीय चंद्रबाबू नायडू को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत कई दिग्गज मौजूद रहे। वहीं, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन वी रमण और सुपरस्टार रजनीकांत और चिरंजीवी ने भी समारोह में हिस्सा लिया।

**जब पीएम ने लगाया गले:** वहीं सबसे देखने लायक दृश्य तब था, जब पीएम मोदी ने चंद्रबाबू नायडू के पद संभालने पर उन्हें गले लगाया और थपथपाया।

## तीसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा पर इटली जाएंगे प्रधानमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर गुरुवार को इटली जाएंगे। यहां वे दुनिया की सात बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी7 की बैठक में भाग लेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन में भारत की नियमित भागीदारी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए नई दिल्ली के प्रयासों की बढ़ती मान्यता की ओर इशारा करती है। जी7 शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में बोर्गो एग्नाज़िया के लक्जरी रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा।

# कठुआ में मुठभेड़, दूसरा आतंकी भी ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**हीरानगर/कठुआ:** जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में बुधवार दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। तलाशी अभियान चल रहा है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने यह जानकारी दी है। एडजीपी ने कहा कि हीरानगर में हुई मुठभेड़ में बहादुर जवानों ने दोनों आतंकी मार गिराए हैं। हालांकि ऑपरेशन अभी चल रहा है। इलाके में किसी अन्य आतंकी के छिपे होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आसपास के इलाके में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ड्रोन से भी घटनास्थल पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान आतंकी की मौजदूगी का पता चला। इसके बाद शुरू हुई गोलीबारी में आतंकवादी को मार गिराया गया। सुरक्षाकर्मी धीरे-धीरे घेरा और छोटा करते गए। खुद को घिरता हुए देख आतंकी ने सुबह दस बजे के करीब फिर गोलीबारी की। इसके जवाब में मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं।



**जवान शहीद**
▶▶ पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है

**मारे गए आतंकी से भारी मात्रा में हथियार और एक लाख की नकदी बरामद:** सुरक्षा बलों ने चल रही मुठभेड़ स्थल के आसपास हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

# कुवैत के लेबर कैंप में भीषण आग, 45 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुवैत सिटी:** दक्षिणी कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार तड़के एक कंपनी के श्रमिक शिविर में भीषण आग लगने से 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम 50 लोग झुलस हो गए। अधिकतर भारतीयों में से कुछ की हालत गंभीर है, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने के लिए आश्वस्त किया है। कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत की रसोई के अंदर बुधवार सुबह करीब 4:00 बजे आग लग गई। संदेह है कि चौकीदार के कमरे में रखे गैस सिलेंडर से लगी थी। आग लगने के समय एक ही कंपनी के शिविर में लगभग 160 कर्मचारी थे। अधिकारियों को सुबह करीब छह बजे आग लगने की सूचना दी गई, जब ज्यादातर लोग सो रहे थे। गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ अल-सबाह ने घटनास्थल का दौरा किया और इमारत के मालिक, चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। गृह मंत्री ने कुवैत नगर पालिका और मेनपॉवर के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण को इसी तरह के उल्लंघनों के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसमें आवासीय भवनों में भीड़भाड़ रोकने और भविष्य की घटनाओं को रोकने के लिए सभी सुरक्षा आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना शामिल है।

**50 झुलसे**
▶▶ कई भारतीयों समेत 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत
▶▶ भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया

# जुलाई में आएगा पूर्ण बजट !

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई के पहले या तीसरे सप्ताह में आ सकता है। पहले पूर्ण बजट में महिलाओं-किसानों और युवाओं के लिए सरकार खजाना खोल सकती है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के नए उपाय बजट में दिखाई दे सकते हैं, तो महिलाओं को लखपति बनाने की भाजपा की योजना को आगे बढ़ाने के लिए सरकार भारी निवेश की घोषणा कर सकती है। केंद्र सरकार ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के इलाज के लिए बड़ी घोषणा भी कर सकती है। इसके लिए एक माह का सत्र बुलाया जा सकता है। चुनावी वर्ष होने के कारण फरवरी माह में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था जिसमें किसी बड़ी घोषणा से दूरी बरती गई थी।



**रोजगार के मोर्चे पर सबसे अहम प्रयास:** केंद्र सरकार के लिए आने वाले वर्षों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सबसे बड़ी चुनौती रहने वाला है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार एक बार फिर सड़क परिवहन, बंदरगाह, रेल, विभिन्न शहरों में मेट्रो, मोनोरेल और हवाई अड्डों के विकास को अपनी प्राथमिकता में रख सकती है। स्टार्टअप और स्किल इंडिया के कार्यक्रमों के जरिए विकास देना सरकार की प्राथमिकता रह सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, आयकर छूट की सीमा पहले ही काफी अधिक है, लिहाजा इसे और ज्यादा बढ़ने की संभावना नहीं है।

## 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इसके अलावा 264वीं राज्यसभा का सत्र 27 जून से प्रारंभ होगा। इस दौरान नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण, लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा की जाएगी। दोनों सदनों के सत्र तीन जुलाई तक चलेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री ने बुधवार को बताया कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे।

**शपथ ग्रहण**
▶▶ नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण, अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा

## सिंधिया ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की योजनाओं की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया ने आज बुधवार (12 जून) को पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) का कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान एक बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (डोनर) डा. मजूमदार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

## हिंदुओं को चिन्हित कर उनकी हत्या की घटनाओं के पीछे पाक का हाथ : विहिप

**टीम एक्शन इंडिया**
**जौनपुर:** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल की ओर से संयुक्त रूप से बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जम्मू कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विमल सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विहिप जिला अध्यक्ष विमल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में 9 जून को हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जिहादी आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण हमले में 10 निर्दोषों के मारे जाने से संपूर्ण भारत के लोग दुखी हैं।

**एडीआर रिपोर्ट** मोदी मंत्रिमंडल में सबसे युवा महिला मंत्री रक्षा खडसे हैं, मोदी मंत्रिमंडल में शामिल हुईं रक्षा दूसरी सबसे युवा मंत्री हैं

# ऐसी है नई मंत्रिपरिषद: 99% करोड़पति तो 66% की आयु 51 से 70 साल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 9 जून 2024 को नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। नरेंद्र मोदी के साथ कुल 71 अन्य मंत्रियों ने भी इस दिन शपथ ली थी। इनमें से 30 कैबिनेट और पांच स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री और 36 राज्य मंत्री शामिल हैं। मोदी मंत्रिमंडल में सबसे युवा महिला मंत्री रक्षा खडसे हैं। मोदी मंत्रिमंडल में शामिल हुईं रक्षा दूसरी सबसे युवा मंत्री हैं। वह 37 साल की हैं। उनसे पहले के. राम मोहन नायडू (36 वर्षीय) सबसे युवा मंत्री हैं। खडसे मात्र 26 साल की उम्र में पहली बार सांसद बनी थीं। वह राकांपा के नेता एकनाथ खडसे की बहू हैं। 2024 के आम चुनाव में उन्होंने शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के श्रीराम पाटिल को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया।




**चंद्रशेखर पेम्मासानी मोदी 3.0 में सबसे अमीर मंत्री:** 5 हजार 700 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति वाले चंद्रशेखर पेम्मासानी मोदी 3.0 में सबसे अमीर मंत्री हैं। पेम्मासानी ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं। संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कुल 424.75 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। जनता दल (सेक्युलर) से भारी उद्योग मंत्री और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी की कुल संपत्ति 217.23 करोड़ रुपये की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुल 144.12 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की कुल संपत्ति 121.54 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र के मुंबई उत्तर से भाजपा के एक और मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 110.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। नए मंत्रियों में से करीब 99 फीसदी करोड़पति हैं। विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने खुद को करोड़पति बताया है।

**रिपोर्ट**
▶▶ नए मंत्रियों में से करीब 99 फीसदी करोड़पति हैं। विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने खुद को करोड़पति बताया

## पहचान की अपील




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात, जिसकी **उम्र** लगभग 30 वर्ष, **कद:** 5'6", **रंग:** सांवला, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, जिसने काले रंग की कमीज और काले रंग का प्रिंटेड अंडरवियर पहने हैं। जो कि 08.06.2024 को गीता कॉलोनी की ओर जमुना ब्रिज, दरियागंज में मिला और जिसे एलएनजेपी अस्पताल में MLC No.116338990/24 पर भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। जिसके मृत शरीर को 72 घंटे के लिए एमएएमसी के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No.02A दिनांक: 09.06.2024 u/s 174 Cr.PC** थाना दरियागंज, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना: दरियागंज, दिल्ली**
फोन नं. 011-23274683, 23279331
मो.: 8750870421, 9717459540
दि.पु./7214/केन्द्रीय जिला/2024

## भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2018/ट्रैक–I)पी / (आरएसपी–ईयूआर / वॉल. I — दिनांक : 12.06.2024

**शुद्धिपत्र सं. 3 & 4**

विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक / रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं–256 डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in
1772/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात नामालूम व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** लगभग 40–42 वर्ष, **रंग:** सांवला, **कद:** 5'5", **चेहरा:** अण्डाकार, **शरीर:** मध्यम, जिसने स्लेटी रंग की टी–शर्ट, काले रंग की पैंट पहनी थी और जो नंगे पैर था, जो बेहोशी की हालत में ब्रिटेनिया से रानी बाग रोड की ओर एमसीडी ऑफिस के सामने, पार्क शकूरपुर, दिल्ली में मिला। जिसे बीजेआरएम अस्पताल में थाईड एमएलसी नं. 1947 / 2024 के तहत लाया गया जहां लाये जाने के तुरंत बाद डाक्टर ने जिसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 75ए, दिनांक 03.06.2024 को थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली में** दर्ज है।

जिसके मृत शरीर को बीजेआरएम अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली**
**फोन: 011-27356014, 8750870224**
DP/7260/NW/2024

## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **उम्रः** लगभग 40 साल, **कद :** 5'4", **रंगः** गेहुंआ, **पहचानः** गले पर तिल का निशान, जिसने लाल और नीले रंग की चैकदार कमीज तथा काले रंग की पैन्ट पहनी हुए थी, दिनांक 27.05.2024 को सीआरपीएफ कैम्प, तिलक नगर, दिल्ली के पास फुटपाथ पर मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी सं. 146ए दिनांक 27.05.2024 थाना तिलक नगर, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष : थाना तिलक नगर, नई दिल्ली**
**दूरभाष सं.: 8750871130, 8700052844**
DP/7318/WD/2024

## गुमशुदा की तलाश


श्याम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नामः** श्याम, **पुत्रः** राजेश कुमार, **पताः** 1/5838, गली नं. 01, तिकोना पार्क, रोहताश नगर, शाहदरा दिल्ली, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 20 साल, **कदः** 5'5", **रंगः** गोरा, **शरीरः** पतला, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** काली पैंट और चैक शर्ट और काली चप्पल पहन रखा है जो दिनांक 09.06.2024 से 1/5838, गली नं. 01, तिकोना पार्क, रोहताश नगर, शाहदरा दिल्ली से लापता है। इस बाबत **GD No. 087A दिनांकः 10.06.2024, थानाः शाहदरा, पूर्वी दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता पुरुष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता पुरुष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः शाहदरा, पूर्वी दिल्ली**
**फोन नं. 9868775948**
DP/7273/SHD/2024

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-टेंडरिंग**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत-24/2024-25 (ओपन टेंडर) | अम्बाला मंडल के सीनियर डीईएन-1/यूएमबी के अनुभाग में अंबाला कैंट (यूएमबी) और धूलकोट (डीकेटी) में दोनों गुड्स शेडों के उन्नयन/आधुनिकीकरण और राजपुरा (आरपीजे) (कौली साइडिंग) में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य। | Rs. 10289339.26 | Rs. 201500.00 | 04 महीने | 03.07.2024 |
| 2 | 30-विद्युत-25/2024-25 (ओपन टेंडर) | अम्बाला मंडल के कीरतपुर साहिब स्टेशन मोरिंडा और कुराली स्टेशन और भरतगढ़ में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य। | Rs. 7574868.86 | Rs. 151500.00 | 04 महीने | 03.07.2024 |

1) निविदाकर्ताओं की शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-12/2024-25 दिनांक: 11.06.2024** 1800/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली विश्वविद्यालय ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में किए बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय ने शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के नए नियम जारी किए हैं। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं। अब इनको लेकर शिक्षक संगठन विरोध जता रहे हैं। उन्होंने पहली की प्रक्रिया में पूरी शिक्षक भर्ती करने की मांग की है।

**नई नियमावली जारी की गई:** दूसरी ओर, डीयू प्रशासन का कहना है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के मुताबिक ही बदलाव किए गए हैं। डीयू का स्तर और बढ़ाने के लिए प्रक्रिया के नियमों को उच्च स्तरीय बनाने की कोशिश की गई है। डीयू में आम चुनाव से पहले शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया का पहला चरण पूरा किया गया था। इसमें चार हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई। चुनाव संपन्न होने के बाद प्रक्रिया दोबारा शुरू की जा रही है। इसके लिए नई नियमावली जारी की गई है। इसमें शिक्षकों को साक्षात्कार के लिए बुलाने के सभी स्नातक, परास्नातक के अंक, पीएचडी और शोध पत्रों के अंक मिलाकर कुल 100 में से 55 प्वाइंट होना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों को पांच प्रतिशत की राहत दी गई है।

**पियर रिव्यू में छपे शोध पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा:** इसके अलावा एक पद पर 40 और अतिरिक्त पदों पर 20-20 आवेदकों को आमंत्रित करने का नियम लागू कर दिया गया है। जबकि पहले सभी योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता था। नए नियम के तहत पियर रिव्यू में छपे शोध पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। पीएचडी के दौरान शोध पत्र स्कोपस और यूजीसी केयर जर्नल में ही प्रकाशित होना चाहिए। साक्षात्कार से पहले असिस्मेंट कमेटी प्रजेंटेशन लेगी और ग्रेड तय करेगी। उसको ध्यान में रखकर चयन समिति उम्मीदवार का चयन करेगी। विश्वविद्यालय की ओर से किए गए बदलावों पर शिक्षक विरोध जता रहे हैं।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या:** वरि.मं.सा.प्र./द.पू.म.रे./रायपुर निविदा सं. 96235312B
**कार्य का नाम:** 132/27 केवी ट्रैक्शन पावर ट्रांसफार्मर 30 एमवीए कैपेसिटी (ओएनएएन)/42 एमवीए (ओएनएएफ) विथ ऑन लोड टैप चेंजर 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एस पर RDSO स्पेसिफिकेशन TI/SPC/PSI/TRNPWR/3201 द स्कोप ऑफ वर्क इंक्लूड्स डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, असेम्ब्ली, टेस्टिंग बेफोर डिस्पैच एन्ड डिलीवरी फॉर डेस्टिनेशन एन्ड अन्लोडिंग, इरेक्शन कमीशनिंग एन्ड टेस्टिंग, कंट्रोल केबलिंग फ्रॉम न्यू ट्रांसफार्मर टू कंट्रोल पैनेल इन कंट्रोल रूम इन्क्लुडिंग सप्लाई ऑफ रेकविसिट केबल एंड सिविल वर्क एसोसिएटेड विथ NIFPS लाइक कंस्ट्रक्शन क्यूबिकल etc. एस पर स्टैण्डर्ड ड्राइंग विथ सुपरविज़न ऑफ अबव प्रोसेस। आल्सो डिसमेंटलिंग ऑफ एक्सिस्टिंग ट्रांसफार्मर 13.5/29 एमवीए।
**निविदा समाप्ति तिथि:** दिनांक **08.07.2024** के **10:30** बजे।
**1.** अधिक जानकारी एवं दस्तावेज़ डाउनलोड करने के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर जाएं। **2.** निविदा अनुबंध से संबंधित अन्य पूछताछ के लिए वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय, डीआरएम रेलवे कॉम्प्लेक्स, नीयर आरवीएच कॉलोनी, डब्ल्यूआरएस, रायपुर, पिन-490008, से कार्यालयीन समय सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9:30 से शाम 6:00 बजे। फोन नंबर 0771-2252258, 9752877770

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, द.पू.म.रेलवे, रायपुर**
PR/R/Sr.DMM/FL/39
South East Central Railway @secrail

## एक महीने बाद लौटी जसप्रीत की मां

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिलक नगर में एग रोल की रेहड़ी लगा सोशल मीडिया के जरिए सुर्खियों में आने वाले दस वर्षीय जसप्रीत सिंह की कहानी में नया मोड़ आ गया है। पिता के निधन के बाद छोड़कर गई जसप्रीत की मां वापस आ गई हैं। जसप्रीत मां सिमरन प्रीत कौर के साथ चाचा-चाची के घर पर रह रहे हैं, लेकिन बेटी मां के साथ नहीं रह रही है।

**पिता के निधन के बाद चली गई थी मां:** बेटी तरनप्रीत कौर बुआ के साथ उनके घर पर है। बेटी का कहना है कि वह मां के साथ नहीं रहना नहीं चाहती है। ब्रेन टीबी की बीमारी के चलते

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जमुना पुत्र घासी राम निवासी सी–317, जीपी ब्लॉक, पीतमपुरा दिल्ली–110034** ने **मुकदमा संख्या 595/16 धारा 33/38 Delhi Excise Act अन्तर्गत थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जमुना** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जमुना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 595/16 धारा 33/38 Delhi Excise Act अन्तर्गत थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जमुना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.10.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री वसुन्धरा छौंकर**
अति. मुख्य महानगर दण्डाधिकारी,
(उत्तर पश्चिम)
कमरा नं0 101, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, नई दिल्ली
**DP/7203/NW/2024 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण राघव, पुत्रः ज्ञात नहीं, पताः मकान नं. 126, गली बताशे वाली, चावड़ी बाजार, दिल्ली** ने **CC No. 1319/2020, U/S 138 NI Act, पुलिस थाना गोकल पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कृष्ण राघव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कृष्ण राघव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1319/2020, U/S 138 NI Act, पुलिस थाना गोकल पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **कृष्ण राघव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सुखजीत सिंह**
**महानगर दण्डाधिकारी–03 (उत्तर–पूर्व जिला)**
**कमरा नं. 22, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/6901/NE/2024**

## उत्तर रेलवे

**संविदा चिकित्सा प्रेक्टिशनर (सीएमपी) की नियुक्ति**

**सं. UMBOPERS9 (PP3)18/2020-O/o DPO-II/UMB/NR**

उ. रे., मंडल अस्पताल, अंबाला छावनी – 133001 में संविदा चिकित्सा प्रेक्टिशनर (सीएमपी) की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रमुख खबर तथा भर्ती सूचना के अंतर्गत रिक्तियों की स्थिति, नियम, शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप विस्तृत विज्ञापन के साथ उ. रे. की वेबसाइट **https://nr.indianrailways.gov.in** →Division → Ambala Division → At the end this page पर उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उ. रे. मंडल अस्पताल,
अंबाला छावनी – 133001
1745/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साजिद पुत्रः** मो0 इस्माईल **निवासीः** मकान नं0–एच–11, गली नं0–14, जगतपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 28954/2016, U/s 379/411/34 IPC पुलिस स्टेशन जगतपुरी, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साजिद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साजिद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 28954/2016, U/s 379/411/34 IPC पुलिस स्टेशन जगतपुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **साजिद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुशी सक्सेना**
**एलडी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–05**
**कमरा नं0–07, करकरडूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/7247/SHD/2024 (Court Matter)**

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 103 / 2023–2024 दिनांक 20.03.2024. क्र.सं. 13
निविदा संख्या 77239072RGC खुलने की तिथि 27.06.2024
निविदा के मद विवरण को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
दिनांकः 11.06.2024 — 1765/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **उम्रः लगभग** 35–40 साल, **कद :** 5'5", **रंगः** सांवला, जिसने पीले रंग की टी–शर्ट और संतरी रंग की लुंगी पहने हुए तथा नंगे पैर था, दिनांक 01.06.2024 को दांडी आश्रम, यमुना बाजार, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी सं. 54ए दिनांक 01.06.2024 थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष : थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली**
**दूरभाष सं.: 011-23968730, 8750870123**
DP/7066/N/2024

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** 2024-जून-02 — **दिनांक:** 07.06.2024

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2024-जून-02-01 | ₹ 9904876.35 |

**कार्य का विवरण** : सहायक मंडल इंजीनियर (मुख्यालय) / आगरा के अधीन एस.एस.ई. (कार्य) / ईदगाह एवं एस.एस.ई. (कार्य) / आगरा कैंट के अधिकार क्षेत्र में दो वर्ष के लिए सीवर लाइन तथा मैनहोल आदि की सफाई का कार्य।

| क्र.सं. | निविदा सं. | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|---|
| 2 | 2024-जून-02-02 | ₹ 5896040.35 |

**कार्य का विवरण** : सी.एंड डब्ल्यू. डिपो / आगरा कैंट में द्वितीय पिट लाइन की लंबाई के साथ सीमा दीवार का प्रावधान।

| क्र.सं. | निविदा सं. | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|---|
| 3 | 2024-जून-02-03 | ₹ 6436939.20 |

**कार्य का विवरण** : धौलपुर (पी), मं.रे.प्र. कार्यालय, आगरा कैंट (पी), आगरा कैंट (टीएल / एसी), ईदगाह (पी), आगरा फोर्ट (पी), कोसी कलाँ (पी) और बाद (पी) डिपो में महिला शौचालय और चेंजिंग रूम का प्रावधान।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 01.07.2024 को 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **1007/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**(नीलामी केटलॉग सं.: UMB-Ctg-Mix0423)** — रेट यूनिटः– **वार्षिक लाइसेंस फीस**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-NLDM-SMU-68-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी की महिला के लिए स्टाल सं. 2, प्लेटफार्म नं. 1 नंगल डेम रेलवे स्टेशन पर) | 17.06.2024 को 10:00 बजे | 17.06.2024 को 10:50 बजे |
| 2 | MPS-UMB-KEJ-MPS-5-23-1 (एमपीएस–बहुउद्देश्यीय स्टाल) कैथलीघाट रेलवे स्टेशन के गेट के सामने परिसंचारी क्षेत्र में 10'x 6' आयाम के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान (अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी के लिए) | | |
| 3 | MPS-UMB-ABS-MPS-3-23-1 (एमपीएस–बहुउद्देश्यीय स्टाल) अबोहर रेलवे स्टेशन पर पीएफ नंबर 1 (पार्सल कार्यालय के सामने) में आयाम 10'x 6' के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान (अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी के लिए) | | |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।
1742/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

**मैं, नेहा पत्नी श्री सुशील कुमार निवासी 2019 ,ब्लॉक-डी,ओमेक्स सिटी, सैक्टर-18, सोनीपत बयान करती हूँ कि नेहा व नेहा निरवाल दोनों नाम मेरे ही यानि एक ही औरत का नाम है।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# जल संकट: दिल्ली सरकार को 'सुप्रीम' फटकार

## पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली सरकार को 'सुप्रीम' फटकार

**आदेश**

▶▶ अगर टैंकर माफिया के खिलाफ आप कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम दिल्ली पुलिस को आदेश देंगे





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पानी के संकट के मामले पर सुनवाई करते हुए पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार से कहा कि अगर टैंकर माफिया के खिलाफ आप कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम दिल्ली पुलिस को आदेश देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में दिल्ली सरकार को हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि इस मामले में राज्यों के सेकेट्री जवाब क्यों नहीं दाखिल करते हैं। हिमाचल प्रदेश ने कोर्ट में कहा था कि हमारे पास जो अतिरिक्त पानी था, वो पानी दे चुके हैं। आखिर कोर्ट में झूठे जवाब क्यों दिए जा रहे हैं। अगर पानी हिमाचल से आ रहा है तो दिल्ली में पानी कहां जा रहा है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि टैंकर माफिया काम कर रहा है। अगर आप इस पर करवाई नहीं करते तो हम मामले को दिल्ली पुलिस को दे देंगे। हम मीडिया के जरिए इसकी तस्वीर देख रहे हैं। कोर्ट ने दिल्ली से पूछा कि पानी की बबार्दी रोकने के लिए क्या काम किया है। क्या किसी टैंकर माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई आपने की है। एक भी एफआईआर आपने दर्ज कराई है। कोर्ट ने कहा कि हर साल यह समस्या आती है। तब दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हमने कार्रवाई की है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि पानी की बबार्दी रोकने के लिए आपने जो किया है, उस पर आज शाम तक आप हलफनामा दायर करें। तब दिल्ली सरकार ने कहा कि हम हलफनामा दाखिल करेंगे। सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार ने कहा कि दिल्ली सरकार की तरफ से गलत जवाब दिए जा रहे हैं। वकील श्याम दीवान ने कहा कि आज की सुनवाई केवल 6 जून के आदेश के पालन को लेकर है, लेकिन हर बार दिल्ली सरकार की तरफ से अलग-अलग मुद्दे सामने लाकर ऐसा ही किया जाता है। तब सिंघवी ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार समाधान नहीं चाहती, इसलिए सुझाव को गलत समझ रही है। इस पर श्याम दीवान ने कहा कि 52.2 फीसदी पानी दिल्ली जल बोर्ड की तरफ से नुकसान होता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार को भी फटकार लगाते हुए पूछा कि जब अतिरिक्त पानी नहीं है तो फिर देने की बात क्यों कही। कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिकारी को अदालत में तलब करते हुए कहा कि आपने 137 क्यूसेक पानी को लेकर अदालत में गलत जवाब दिया। पहले कहा कि अतिरिक्त पानी है। आपने फिर कहा कि फ्रेश पानी रिलीज कर दिया। इसका मतलब एक्स्ट्रा पानी नहीं था। अदालत में गलत जवाब दिया गया। हम आपके अधिकारी को जेल भेज देंगे। याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई है। दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली की पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में देश की राजधानी में पानी की जरूरत पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है।

इसलिए सीमावर्ती राज्य अतिरिक्त पानी दिल्ली को दे।

## क्लस्टर बसों को अंतरिम राहत: 15 जुलाई तक चला सकेंगे बसें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उच्च न्यायालय ने दिल्ली में बसों की संभावित कमी को रोकने के लिए कदम उठाते हुए क्लस्टर बसों के परमिट 15 जुलाई तक बढ़ा दिए गए हैं। परमिट खत्म होने पर करीब 1,000 सार्वजनिक बसों के सड़कों से गायब होने का खतरा था। साथ ही अदालत ने दिल्ली सरकार को याचिकाओं पर जवाब देने के लिए 15 दिन का समय देते हुए सुनवाई 15 जुलाई तय की है। वर्तमान में दिल्ली में 3,147 क्लस्टर बसें चल रही हैं जिनमें से 997 का संचालन बंद होना तय था क्योंकि दिल्ली परिवहन विभाग के साथ उनका 10 साल का अनुबंध 19 जून को समाप्त हो रहा था। इन बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने की सरकार की योजना में देरी हुई, जिसके कारण इस अंतरिम राहत की आवश्यकता पड़ी।




# दिल्ली में पानी की बर्बादी रोकने के लिए एडीएम-एसडीएम की जिम्मेदारी तय

**जिम्मेदारी**

▶▶ पाइप लाइन के लीकेज से होने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी में भीषण** गर्मी के बीच जल संकट से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला किया है। इसके तहत पूरी दिल्ली में पाइप लाइन के लीकेज से होने वाले पानी की बबार्दी को रोकने के लिए एडीएम और एसडीएम स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने आदेश जारी कर मुख्य सचिव को इस पर अमल करने को कहा है। ये अधिकारी पानी की पाइप लाइनों की मॉनिटरिंग करेंगे और कहीं पर लीकेज मिलता है तो 12 घंटे के अंदर उसको दुरुस्त कराएंगे। इसके अलावा, तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की जाएगी, जो पानी के टैंकरों की व्यवस्था और इससे संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए क्विक रिस्पांस टीम के रूप में कार्य करेंगे। आतिशी का कहना है कि दिल्ली में कहीं पर भी पानी की लीकेज बर्दाश्त नहीं की जाएगी, एक बूंद पानी भी बर्बाद नहीं होने देंगे। उल्लेखनीय है कि 30 मई को भीषण गर्मी की स्थिति और पानी की बढ़ती मांग के मुद्दे पर दिल्ली सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि पांच जून से प्रत्येक जोन में एडीएम व एसडीएम स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। साथ ही तहसीलदार और अन्य अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की जाएगी, जो पानी के टैंकरों की व्यवस्था और पानी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए क्विक रिस्पांस टीम के रूप में कार्य करेंगे।

## सीबीएसई की कंपार्टमेंट परीक्षाओं की तारीख घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं व 12वीं की शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कंपार्टमेंट परीक्षाओं की तिथियां जारी कर दी हैं। सीबीएसई ने डेटशीट जारी करते हुए कहा कि ये टेंटेटिव (अस्थायी) तिथियां हैं। इसके तहत 10वीं की परीक्षाएं 15 से 22 जुलाई तक और 12वीं की केवल एक दिन 15 जुलाई को परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

## स्कूलों में अब बुनियादी सुविधाओं में मिली कमी तो होगा एक्शन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी के सरकारी स्कूलों में बुनियादी कमियों में कोई सुधार न किए जाने को लेकर शिक्षा सचिव अशोक कुमार ने क्षेत्रीय शिक्षा निदेशकों को फटकार लगाई है। सचिव ने क्षेत्रीय शिक्षा निदेशक विकास कालिया, हर्ष आर्या और केएस उपाध्याय को नोटिस जारी करते हुए कहा कि स्कूलों में टूटी डेस्क, कॉपी किताबें न बांटी जाना, पानी की कमी, शौचालयों की सफाई, छोटी-मोटी मरम्मत, सुरक्षा उपाय समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी को पूरा करने और उनमें सुधार करने का निर्देश दिया गया था।

**प्रधानाचार्यों के खिलाफ भी होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई:** साथ ही ये भी निर्देश दिया गया था कि सभी जिला व क्षेत्रीय शिक्षा निदेशक उन प्रधानाचार्यों और उपप्रधानाचार्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करेंगे जो अपने संबंधित स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने में विफल रहे हैं।

**कॉपी-किताब, टूटी हुई डेस्कों को लेकर हाईकोर्ट ने लगाई थी फटकार :** सचिव ने कहा कि निर्देश जारी किए इतने दिन हो गए लेकिन अभी तक उनके समक्ष कोई भी कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। उल्लेखनीय है कि सरकारी स्कूलों में कॉपी-किताब न बांटे जाने, टूटी हुई डेस्कों को लेकर हाई कोर्ट ने हाल ही में शिक्षा सचिव को फटकार लगाई थी। सचिव ने बताया कि छह जून को शिक्षा निदेशक और अपर निदेशक ने मामले की समीक्षा की और पाया कि अभी भी कुछ स्कूलों ने विभाग के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया है। डेस्कों टूटी पड़ी हैं, अभी तक मरम्मत नहीं की गई है। सचिव ने कहा कि ये स्थिति प्रधानाचार्यों, उप शिक्षा निदशक जोन, उप शिक्षा निदेशक जिला की ओर से कार्य को लेकर गैर-गंभीरता को दशार्ती है। सचिव ने क्षेत्रीय शिक्षा निदेशक को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वो ऐसे स्कूलों को चिन्हित करें जहां बुनियादी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा मानक के अनुरूप नहीं है और क्षेत्र के संबंधित जिला उप शिक्षा निदेशक के खिलाफ आदेश का अनुपालन न करने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई करें।

## 900 करोड़ रुपये से दिल्ली के गांवों का होगा कायाकल्प

**कटिबद्ध**

▶▶ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार दिल्ली के सभी गांवों का कायाकल्प करने पर 900 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बुधवार को विकास मंत्री गोपाल राय ने गांवों में विकास कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए ग्रामीण विकास बोर्ड और उसकी कार्यकारी एजेंसी एमसीडी और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने गांवों के विकास के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित किया है। गांवों में विभिन्न विकास कार्य के लिए चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ग्रामीण विकास बोर्ड ने 1387 प्रस्ताव पास किए थे। अब इन कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा किया जाएगा। सभी एजेंसियां 15 जून तक अपना एक्शन प्लान तैयार कर लें और 19 जून को सभी विधायकों के साथ बैठक कर विकास कार्यों में आ रही समस्याओं और उसके समाधान पर चर्चा की जाएगी। 27-28 जून को कागजी काम निपटाने और विकास कार्य में तेजी लाने के लिए सभी विभाग सचिवालय में कैंप लगाएंगे। हमारे पास इन विकास कार्यों को पूरा करने के लिए अक्टूबर तक का ही समय है लेकिन हम इसे पूरा कर लेंगे।

## भाजपा ने पानी चोरी के मुद्दे पर आयुक्त को सौंपा शिकायती पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा बुधवार को दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मिले। इसके साथ उन्होंने दिल्ली सरकार एवं दिल्ली जलबोर्ड की सांठगांठ से चल रहे टैंकर माफिया की लूट के खिलाफ एक शिकायती पत्र सौंपा। इस मौके पर सांसद योगेन्द्र चंदोलिया, प्रवीण शंकर कपूर, कार्यालय मंत्री बृजेश राय एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज भी उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में कहा गया कि दिल्ली में जल संसाधनों की चोरी एक आपराधिक गतिविधि है, जो दिल्ली सरकार एवं जलबोर्ड की मिली भगत के साथ हो रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जल चोरी का खेल हरियाणा से दिल्ली में यमुना जल घुसने के पहले बिंदु मुनक नहर क्षेत्र से ही शुरू हो जाता है। मुनक नहर क्षेत्र में रात दिन ऐसे निजी टैंकरों की लाइन लगी रहती है, जिनके मालिक दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं। इसी तरह दिल्ली के हर जल सयंत्र या जल पंपिंग स्टेशन और खासकर बोरवेल पर भी सरकारी ही नहीं, निजी टैंकरों की भी लाइन देखी जा सकती है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने शिकायत में कहा है इस सब में दिल्ली की जल मंत्री से लेकर संयंत्र अधिकारियों तक सबकी भूमिका संदिग्ध है। इसे देखते हुए भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 166, 378, 379, 409, 405, 420 के साथ धारा 120 बी और अन्य प्रासंगिक धाराओं और कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज करें। सचदेवा ने अपने पत्र में कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड पाइपलाइनों से रिसाव से पानी की बबार्दी की शिकायतें पिछले 10 वर्षों से चल रही हैं। इतने लंबे समय से चली आ रही समस्या के बावजूद दिल्ली सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई या मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया है। जल बबार्दी राजधानी में मौजूदा जल संकट का महत्वपूर्ण कारण बनी है। उपरोक्त मुद्दों की जांच करने के लिए एक विशेष जांच टीम गठित की जानी चाहिए, क्योंकि इससे दिल्ली की बड़ी आबादी प्रभावित होती है। इस जल टैंकर घोटाले में ना सिर्फ जल बोर्ड के छोटे बड़े अधिकारियों के बल्कि सत्ताधारी दल के नेताओं की संलिप्तता की संभावना है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी मालेर्ना कई बार कह चुकी हैं कि दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है।



**आरोप**

▶▶ जल संसाधनों की चोरी एक आपराधिक गतिविधि है, जो सरकार एवं जलबोर्ड की मिली भगत के साथ हो रही

## नीट काउंसलिंग पर दिल्ली हाई कोर्ट ने नहीं लगाई रोक, एनटीए को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने नीट की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने पेपर लीक और प्रश्न पत्र में गड़बड़ियों की जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 5 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि नीट का मामला सुप्रीम कोर्ट के साथ कई हाई कोर्ट में भी लंबित हैं। हम सुप्रीम कोर्ट में सभी मामलों को एक साथ सुनवाई के लिए ट्रांसफर याचिका दाखिल करेंगे। इस मामले में तीन मुख्य मुद्दे हैं। पहला ग्रेस मार्क, दूसरा एक सवाल का गलत होना और तीसरा पेपर लीक का। तब याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कोर्ट को काउंसलिंग पर रोक लगाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मुद्दे को कल सुप्रीम कोर्ट में उठाया जा चुका है। सुनवाई के दौरान मेहता ने ऐसा कोई आश्वासन देने से इनकार किया कि इस समय काउंसलिंग शुरू नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले पर इस तरह का आदेश देने से मना कर दिया था। हाई कोर्ट ने अपना आदेश लिखवाते हुए कहा कि एनटीए जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन दाखिल कर विभिन्न याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग करेगा। याचिका में 5 मई को आयोजित की गई नीट की परीक्षा के आधार पर 4 जून को आए नतीजों के आधार पर होने वाली काउंसलिंग पर रोक लगाने की मांग की गई है।




## मुंगेशपुर में तापमान फिर पहुंचा 47 डिग्री के पार

**सावधानी बरतें**

▶▶ इस बीच दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में भीषण गर्मी एवं लू की मार जारी रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मानसून की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ जाने से उत्तर भारत में अभी भीषण गर्मी और लू की मार लंबी हो सकती है। 15 से 16 जून के आसपास ही मानसून धीरे-धीरे आगे बढ़ना शुरू होगा। इस बीच दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में भीषण गर्मी एवं लू की मार जारी रहेगी। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव राजीवन की एक्स पोस्ट पर स्काईमेट वेदर ने भी सहमति जताई है। यह भी बताया कि 20-21 जून के बाद बिहार सहित कई अन्य राज्यों में बूंदाबांदी शुरू हो जाएगी। इससे गर्मी से परेशान लोगों को कुछ राहत मिलेगी। मुताबिक, दोपहर ढाई बजे नरेला में 47 डिग्री, मुंगेशपुर में 47.8 डिग्री, पीतमपुरा में 46.3 डिग्री और नजफगढ़ में 47.3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

## जम्मू में आतंकी हमले के खिलाफ वीएचपी का देशव्यापी विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जम्मू कश्मीर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार पद की शपथ लेने के दिन से बढ़ी आतंकी घटनाओं को लेकर आक्रोशित विहिप की युवा इकाई द्वारा राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें आतंकियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की जा रही है।

**आतंकी हमले में 10 से अधिक श्रद्धालुओं की हुई थी मौत:** यह विरोध प्रदर्शन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालयों में जिला स्तर देशभर में सैकड़ों स्थानों पर हो रहा है। दक्षिणी दिल्ली के जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल भी शामिल हुए। ज्ञात हो कि जम्मू में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकी हमले में 10 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि 20 से अधिक घायल है। इनमें से कई दिल्ली के भी है।

**जम्मू-कश्मीर में आतंक की और भी बढ़ी घटनाएं:** इसी तरह जम्मू-कश्मीर में आतंक की और घटनाएं भी बढ़ी है, जिससे देशभर में चिंता का माहौल है।



## एयरपोर्ट पर बेहोश होकर फर्श पर गिरा यात्री

**जान बचाई**

▶▶ सीआईएसएफ कर्मियों की मदद से यात्री को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली से कनाडा** जा रहे एक यात्री सीआईएसएफ कर्मियों ने सीपीआर देकर बचाया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इससे पहले एक इमिग्रेशन अधिकारी की भी इसी तरह जान बचाई गई। सीआईएसफ ने बताया कि सुबह 10:52 बजे सीआईएसएफ के उपनिरीक्षक लक्ष्मण उपाध्याय नई दिल्ली के बोर्डिंग गेट नंबर-6 पर ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक यात्री बलबीर सिंह विस्तारा की फ्लाइट एआई-185 से दिल्ली से वैंकूवर जाना वाला था। बलवीर अचानक बेहोश होकर फर्श पर गिर गया। इस दौरान लक्ष्मण उपाध्याय ने तुरंत कार्रवाई की और एयरपोर्ट पर तैनात अन्य सीआईएसएफ कर्मियों की मदद से यात्री को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया। इसके बाद यात्री को होश आ गया। इसके बाद टर्मिनल-3 मेडिकल रूम में मौजूद डॉक्टर भी पहुंच गए। प्रारंभिक उपचार के बाद यात्री को एंबुलेंस के जरिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया।

## शराब पीकर झगड़ता था साला, जीजा ने चाकू से गोदकर की हत्या

**वारदात**

▶▶ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वारदात के 24 घंटे के अंदर आरोपित को लुधियाना से पकड़ लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रानीबाग थाना क्षेत्र में जीजा ने साले की चाकू गोदकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित पंजाब के लुधियाना भाग गया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वारदात के 24 घंटे के अंदर आरोपित को लुधियाना से पकड़ लिया। पुलिस ने इसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू और खून से सने कपड़ों को बरामद कर लिया है। पुलिस के शुरूआती जांच में पता चला है कि साला अकसर शराब पीकर जीजा व अन्य लोगों से झगड़ा करता रहता था। जिससे परेशान जीजा ने साले की चाकू गोदकर हत्या कर दी।

**सैनिक विहार में झुग्गी में रहता था:** पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीते आठ जून को रानीबाग थाना पुलिस को पीतमपुरा स्थित भगवान महावीर अस्पताल से एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि घायल अर्जुन को यहां घायलवस्था में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने इसे मृत घोषित कर दिया गया है। अर्जुन अपनी बहन और जीजा के साथ सैनिक विहार स्थित झुग्गी में रहता था। चश्मदीद मृतक की बहन ने पुलिस को बताया कि भाई और उसके पति के बीच झगड़ा हुा। इस दौरान उसके पति प्रकाश पनेरू ने भाई पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मृतक के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। आरोपित को पकड़ने के लिए गठित टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने शुरू किए।




**लुधियाना से पकड़ा गया आरोपित**

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित के फोन को सर्विलांस पर लगाया और काल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की। जिसमें पता चला कि वारदात के बाद आरोपित ने पंजाब के लुधियाना में रहने वाले अपने चचेरे भाई से बात की है। साथ ही उसका लोकेशन लुधियाना जाने वाले रास्ते का मिला।

पुलिस टीम ने तुरंत टीम को लुधियाना के लिए रवाना कर दिया। पुलिस टीम आरोपित के चचेरे भाई के पास पहुंची। जहां से पता चला कि आरोपित का पिता ताजपुर स्थित राइस मिल में काम करते हैं। पिता के पास आरोपित के होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने वहां छापा मारा।

जहां से पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसका साला अर्जुन एक साल से उसके साथ झुग्गी में रहता था। वह कोई काम नहीं कर रहा था। इस बीच वह शराब पीने का आदी हो गया। शराब पीकर वह अकसर झगड़ा करता था।

कुछ दिन से वह दोस्तों को भी शराब पिलाने के लिए झुग्गी में लेकर आने लगा। इस बात को लेकर उनका झगड़ा होता था। इसके बाद उसने साले की हत्या की साजिश रची और उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी।

# हरियाणाः नई आबकारी नीति हुई लागू

## रात की महफिलों में जाम छलकाना हुआ महंगाः देसी शराब की बोतल पर पांच रुपये और बीयर की बोतल पर 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे

**जेब पर चपत**

**होल सेल दर पर विदेशी शराब लेने वाले ठेकेदार को 20 प्रतिशत लाभ मानकर बिक्री करनी होगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा में रात की महफिलों में अब जाम छलकाना महंगा हो गया है। प्रदेश में बुधवार से शराब और बीयर महंगी हो गई। देसी शराब की बोतल पर पांच रुपये और बीयर की बोतल पर 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे। इसी तरह अंग्रेजी व विदेशी शराब पर भी पहले के मुकाबले पांच प्रतिशत तक अतिरिक्त राशि चुकानी होगी।

प्रदेश में बुधवार को नई आबकारी नीति लागू हो गई है। पहली बार सरकार आयातित शराब को भी नई नीति के दायरे में लाई है। होल सेल दर पर विदेशी शराब लेने वाले ठेकेदार को 20 प्रतिशत लाभ मानकर बिक्री करनी होगी। पहले पालिसी में ऐसा प्रावधान नहीं था। वहीं, बार व होटल संचालकों को राहत दी गई है। पहले होटलों में लाइसेंसी बार चलाने वाले संचालकों को अपने आसपास के दो शराब ठेकों से शराब लेने का नियम था। कई बार ठेकेदारों के मनमर्जी के रेट लगाने की शिकायतें आती थीं। दोनों ठेकेदार अपने रेट तय कर लेते थे और होटल संचालकों की मजबूरी थी कि किसी तीसरे से शराब नहीं खरीद सकते थे। इस बार सरकार ने पालिसी में बदलाव करते हुए होटल संचालकों को एक और विकल्प दिया है।

वह अब आसपास के तीन ठेकों में से किसी से भी शराब खरीद सकेंगे। ये भी शर्त रखी है कि तीनों ही शराब ठेके अलग-अलग लाइसेंस धारकों के होने चाहिए। तीन विकल्प मिलने के बाद तीनों ठेकेदारों में प्रतिस्पर्धा होगी और होटल संचालकों को तय रेट पर शराब मिल सकेगी।



## श्रमिकों को सिलिकोसिस जैसी खतरनाक बीमारी से बचाने के लिए उठाए जा रहे कदम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य और श्रम मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि श्रमिकों को सिलिकोसिस जैसी खतरनाक बीमारी से बचाने के लिए जल्द ही 44 मोबाइल डिस्पेंसरी वैन शुरू की जाएगी। ये वैन खनन, निर्माण स्थलों या जहां भी सिलिकोसिस होने की संभावना बनी रहती है, उन स्थानों पर जाकर श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच करेगी, ताकि इस बीमारी का प्रथम चरण में ही पता लग सके और उन्हें उचित इलाज मुहैया करवाया जा सके। इसके लिए प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है जल्द ही इन वैन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। मूलचंद शर्मा यहां श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इंडस्ट्रियल सेफ्टी एवं हेल्थ विंग को सुदृढ़ करें और फैक्ट्रियों में जाकर श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ कार्य अनुसार वातावरण की भी जांच करें। जिन फैक्ट्रियों में श्रमिकों को उचित वातावरण नहीं मिल रहा, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2009 से 2014 तक हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पंजीकृत श्रमिकों को केवल 26.24 करोड़ रुपये का ही लाभ दिया गया। जबकि वर्ष 2014 से 2019 तक 526 करोड़ रुपये और वर्ष 2019 से 2024 तक 1232.19 करोड़ रुपये का लाभ दिया गया है।

## बिजली की किल्लत पर कौन सही, बिजली मंत्री या मुख्य सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** जहा एक ओर हरियाणा प्रचंड गर्मी से झुलस रहा है वही सरकार की ओर से बिजली की कमी पर अलग अलग बयान दिए जा रहे है। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने जहा यह माना कि प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ी है और उत्तर पूर्व के प्रदेशों और हिमाचल प्रदेश से बिजली खरीद के लिए कार्रवाई की जा रही है। लेकिन बुधवार को बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने प्रदेश में बिजली की किल्लत की स्थिति को स्वीकार नही किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 14026मेगावाट बिजली की उपलब्धता है। बिजली कटौती को लेकर उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान में बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ती है। हमारे पास 14026 मेगावाट बिजली की उपलब्धता है । दिल्ली एनसीआर का लोड हरियाणा पर आया है।आज हम सबसे उत्तम स्थिति में है। उधर मुख्य सचिव टीवीएसएन

**घमासान**

**हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने जहा यह माना कि प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ी है**

प्रसाद ने रविवार को कहा था कि एनसीआर में नए उद्योग आने से बिजली की मांग बढ़ी है।उन्होंने कहा था कि बिजली की मांग को पूरा करने के लिए उत्तर पूर्व के राज्यो और हिमाचल से बिजली खरीद की कार्रवाई की जा रही है। उधर आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में मार्च से अक्टूबर तक हर साल पैदा होने वाली बिजली की किल्लत पर पूर्व मनोहर सरकार को घेरा है। पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने बुधवार को यहां कहा कि मनोहर सरकार ने अपने दस साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कुछ नही किया।

**न्यूज फ्लैश**

### समाधान शिविर में आई 98 समस्याएं, 53 समस्याओं का हुआ निपटारा

**फतेहाबाद: प्रदेश** सरकार के आदेशानुसार जनता की समस्याओं के निवारण के लिए जिला स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को तीसरे दिन करीब कुल 98 समस्याएं आई। परिवार पहचान पत्र से संबंधित 75 समस्याओं में से मौके पर 53 का निपटारा किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की 21, प्रोपर्टी आईडी से संबंधित दो समस्याएं सुनी गई। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी व अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने लोगों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नागरिकों की समस्याओं के निवारण के लिए मुख्य सचिव कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ का गठन किया है। इन शिविर में पुलिस, राजस्व, नगर निकाय, समाज कल्याण आदि जनकल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद रहते हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। शिविर में ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि से थी। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में कर्मचारियों की ड्यूटियां भी निर्धारित कर हुई है। आने वाली समस्याओं के निवारण के लिए कर्मचारी प्रार्थी की कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर रहे हैं। तकनीकी पहलुओं वाली समस्याओं को मुख्यालय में भी अनुशंसित की जा रही है। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम द्वारा भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हर रोज कार्य दिवस के दौरान सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### जींदः संदिग्ध परिस्थितियों में गाड़ी चालक ने जहरीला पदार्थ निगल की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद।** गाड़ी मालिक द्वारा लगाए गए डीजल चोरी के आरोपों से आहत चालक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक चालक के बेटे की शिकायत पर गाड़ी मालिक के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। गांव नगूरां निवासी 52 वर्षीय रामफल गाड़ी चालक के तौर पर कार्य करता था। संदिग्ध परिस्थितियों में रामफल ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान रामफल ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और का जायजा लिया। मृतक के बेटे प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता रामफल गांव उझाना निवासी सुरेंद्र की गाड़ी चलाता था। सुरेंद्र ने उसके पिता पर तीस लीटर डीजल गाड़ी से चुराने का आरोप लगाया और वीडियो भी बना ली। इस दौरान उसे जातिसूचक गालियां भी दी। इन्हीं आरोपों से उसका पिता आहत था। जिस पर उसका पिता खेत में पहुंचा और जहरीला पदार्थ निगल लिया। प्रदीप ने आरोप लगाया कि गाड़ी मालिक सुरेंद्र द्वारा डीजल चोरी के आरोप लगाने तथा वीडियो बनाने से परेशान हो कर यह कदम उठाया है। बुधवार को जानकारी देते हुए अलेवा थाना के जांच अधिकारी नफे सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक के बेट प्रदीप की शिकायत पर गाड़ी मालिक सुरेंद्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने, एसीएसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सभी जिलों में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान, आयुष मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि योग साधना से मन, शरीर एवं बुद्धि से सामंजस्य स्थापित होता है जिससे जीवन में उमंग एवं उत्साह भर जाता है और जीवन तनाव व विकृतियों से बचता है। चिकित्सा पद्धति में भी ऐसी कोई दवा नहीं बनी है जो जीवन को सुखमय बना सके परन्तु यौगिक क्रियाओं से ऐसा संभव है। आज योग ने पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधा है। आज योग ने पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधा है जिसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। डॉ. कमल गुप्ता आज यहां 21 जून, 2024 को होने वाले दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

## उधार पर शराब नहीं दी तो कर थी सेल्जमैन की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

जींदः जुलाना थाना के अंतर्गत गांव जैजैवंती में हुए शराब ठेके के सेल्जमैन की हत्या के मामले में बुधवार को पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हत्या के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को मामले में जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक रोहताश ढुल ने बताया कि नौ जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव जैजैवंती निवासी आनंद की हत्या कर दी गई है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर मृतक के भाई अशोक का ब्यान अंकित किया था। जिसने बताया था कि उसका भाई आनंद गांव जैजैवंती में शराब के ठेके पर बतौर सेल्जमैन का काम करता था। रात को करीब एक बजे उसे सूचना मिली की उसके भाई आनंद की किसी ने चोट मार दी है। उसे हमारे गांव के खेड़ा में फैंक गए हैं। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज किया था। वारदात को अंजाम देकर आरोपित मौके से फरार हो गए थे। सूचना के आधार पर पुलिस दोनों का पीछा करती रही लेकिन हत्या में प्रयोग की गई बाइक व कुल्हाड़ी को छिपा कर आरोपित पुलिस से तीन दिन तक छिपते रहे।

## पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह पर मुकदमा चलाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा की जूनियर महिला कोच से छेड़छाड़ के मामले मे हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह को राहत नहीं मिली है। संदीप सिंह की आरोप मुक्त किए जाने की अर्जी पर बुधवार को जिला अदालत में दायर जवाब में चंडीगढ़ के सेक्टर 26 थाना पुलिस ने कहा कि महिला अपने बयानों पर कायम है। महिला कोच ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दिए बयानों में संदीप सिंह पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। इसलिए इस मौके पर संदीप सिंह को आरोप मुक्त नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में पुलिस ने संदीप सिंह की अर्जी को रद्द किए जाने और उनके खिलाफ आरोप तय कर मुकदमा चलाए जाने की मांग की।अब मामले में अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी। हालंकि बुधवार को सुनवाई के वक्त संदीप सिंह खुद पेश नहीं हुए।



संदीप सिंह के खिलाफ सेक्टर-26 थाना पुलिस ने दिसंबर 2022 में छेड़छाड़ के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। पूर्व मंत्री ने आरोपमुक्त किए जाने की अर्जी में कहा कि शिकायतकर्ता महिला पहले भी मामूली बातों पर कई लोगों के खिलाफ शिकायतें दे चुकी है। उनके खिलाफ छह महीने की देरी से एफआईआर दर्ज हुई थी यानी पूरी योजना बनाकर उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि महिला कोच की पोस्टिंग और विदेश में ट्रेनिंग जैसी मांगों को उन्होंने नहीं माना, इसलिए उन पर झूठे आरोप लगाए गए हैं।

**कानून का शिकंजा**

**चंडीगढ़ पुलिस ने अदालत में कहा हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह पर मुकदमा चलाया जाए**

पीड़ित महिला कोच की ओर से एडवोकेट दीपांशु बंसल अदालत में पेश हुए। उन्होंने बताया कि दो साल पहले हरियाणा खेल विभाग की एथलेटिक्स कोच ने पूर्व मंत्री पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे।उसकी शिकायत पर सेक्टर-26 थाना पुलिस ने 31 दिसंबर 2022 को संदीप सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 354-ए, 354-बी, 342, 506 और 509 के तहत केस दर्ज किया था। शिकायत में महिला ने बताया कि एक जुलाई 2022 को संदीप सिंह ने उसे अपने सेक्टर 7 स्थित सरकारी घर पर बुलाया। वहां उन्होंने महिला से छेड़छाड़ शुरू कर दी थी और उसके कपड़े भी फाड़ दिए।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने श्री माता मनसा देवी मंदिर में अपने जन्मदिन के अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ पूजा अर्चना की। मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के दौरान देश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए प्रार्थना की। विधिपूर्वक पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर की परिक्रमा भी की।

## इंसाफ न मिलने पर सड़कों पर उतरेगा सिख समाजः भूपेंद्र सिंह असंध

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध ने कहा कि जब तक पीड़ित युवक को इंसाफ नहीं मिलेगा सिख समाज शांति से नहीं बैठेगा। एचएसजीएमसी इंसाफ के लिए कानूनी और सामाजिक दोनों तरह की लड़ाई लड़ेगी। जब तक वारदात के दोषियों को सजा नहीं मिल जाती तब तक कमेटी का संघर्ष जारी रहेगा। वे बुधवार को गुरुद्वारा मंजी साहब मेंयहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। भूपेंद्र सिंह असंध ने कहा कि कुछ शरारती तत्व ऐसे मौका का फायदा उठाकर भाईचारा बिगड़ने का प्रयास करते हैं।

## बच्चो हमारे राष्ट्र के भावि कर्णधारः राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अंकुर जैन**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि बच्चे हमारे राष्ट्र के भावि कर्णधार है, जिनका तेजी से बदलते परिदृश्य के अनुसार सही लालन-पालन, शिक्षा, संरक्षण कर हमारा नैतिक दायित्व है। इसलिए हर अभिभावक को बेहतरीन ढंग से बच्चों की देखरेख करनी चाहिए। राज्यपाल आज इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम सैक्टर 5 में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश भर के सभी जिलों में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रकार की 18 प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले 383 बच्चों को सम्मानित किया। इनमें 303 लड़कियां शामिल रही।

राज्यपाल ने कहा कि आप सबके बीच आकर बेहद खुशी की अनुभूती हो रही है। पुरस्कार ग्रहण करने वाले प्रिय बच्चों को अपनी ओर से बधाई, आशिर्वाद एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इन पुरस्कारों के लिए हरियाणा बाल कल्याण परिषद ने प्रदेश भर के उन बच्चों का चयन किया है, जिन्होंने क्विज, ऑन स्कैचिंग द स्पॉट, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, फन गेम, सोलो सोंग, सोलो डांस, क्ले मॉडलिंग, फैंसी ड्रेस सहित अनेक राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान हासिल किया है। इसके

**देखरेख**

**तेजी से बदलते परिदृश्य के अनुसार सही लालन-पालन, शिक्षा, संरक्षण कर हमारा नैतिक दायित्व है**

अलावा बाल भवन द्वारा चलाए जा रहे दत्तक एवं स्पेशल एडॉप्शन कार्यक्रम, प्रारंभिक कक्षाएं, सायंकालीन कक्षाएं तथा स्पेशल बच्चों के लिए प्रयास स्कूल, नशा मुक्ति केंद्र, परिवार परामर्श केंद्र व अन्य कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए ओपन शेल्टर होम, कोचिंग एवं मार्गदर्शक कक्षाएं भी चलाना भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। बाल कल्याण परिषद् के अधिकारियों को चाहिए कि वे बच्चों को नैतिकता एवं स्वावलम्बन की न केवल शिक्षा प्रदान करें बल्कि उन्हें स्वावलम्बी बनने में सहयोग भी करे। बच्चों की रूची समझकर उन्हें भविष्य का मार्ग दिखाए ताकि वे बड़े होकर एक शिक्षित और सुव्यवस्थित होकर उच्च कोटि का नागरिक बन सके। बाल कल्याण परिषद् द्वारा बच्चों के कल्याण के लिए हमेशा नए सृजनात्मक कार्यक्रमों को शामिल करते रहना चाहिए ताकि उनका उज्जवल भविष्य एवं जीवन सार्थक बन सके।

## कांग्रेस ने झूठ बोलकर लोगों को ठगाः पूनिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चैलेंज देते हुए कहा है कि श्री हुड्डा में अगर दम है तो वह अपने 29 विधायकों को राज्यपाल के समक्ष पेश करके दिखाएं। श्री पूनिया ने कहा कि कांग्रेस ने सदा झूठ बोलकर लोगों को ठगने और गुमराह करने का काम किया है। कांग्रेस को घेरते हुए सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में अभी तक जिला अध्यक्ष तक नहीं बना पाई है, संगठन खड़ा करना तो दूर की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन की ताकत पन्ना प्रमुख तक पहुंच चुकी है और नायब सरकार मजबूती के साथ जनसेवा के कार्यों में जुटी हुई है। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि कांग्रेस की किसी भी योजना को उठाकर देख लें, कांग्रेस ने सदा हॉफ काम किया है। अधूरी चीजें देकर जनता को गुमराह करने में कांग्रेस को महारत हासिल है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा गरीब लोगों को प्लॉट देने की बात करते हैं। कांग्रेस शासन में दिए गए प्लॉटों की रजिस्ट्रियां तक कांग्रेस ने नहीं दी, जबकि नायब सरकार रजिस्ट्रियों के साथ-साथ प्लॉट पर कब्जा भी दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी जिस योजना की शुरूआत करते हैं उसे अंजाम तक भी पहुंचाते हैं। सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि अब कांग्रेस का झूठ चलने वाला नहीं है। जनता मोदी और नायब सरकार के साथ है और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार काम करने वाली सरकार है। 10 सालों में डबल इंजन की सरकार ने जो काम किए हैं वह कांग्रेस 60 सालों में भी नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री नायब सैनी हर जिले में प्रवास करेंगे और लोगों से रूबरू मिलकर उनकी हर समस्या का समाधान करेंगे।



श्री पूनिया ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित किया।

संविधान का सबसे ज्यादा दुरुपयोग अगर किसी ने किया है तो कांग्रेस ने किया है। देश में एमरजेंसी लगाकर लोगों के हक को खत्म करने वाली भी कांग्रेस है। अलग-अलग समय में संविधान में बदलाव करने वाली भी कांग्रेस है।

## हरियाणा में आम आदमी पार्टी तीसरी ताकत बनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद आम आदमी पार्टी ने कहा कि हरियाणा में वह तीसरी ताकत बन गई है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर वह 5लाख 53 हजार वोट लेकर जहा दूसरे स्थान पर रही वही प्रदेश के जेजेपी,इनेलो और बीएसपी जैसे दल मिलकर भी इतने वोट हासिल नहीं कर सके। पार्टी के साथ गठबंधन में होने के कारण कांग्रेस हिसार, सोनीपत और अंबाला लोकसभा सीट आम आदमी पार्टी के वोटों की हिस्सेदारी से जीत पाई। आम आदमी पार्टी हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने बुधवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि एक दिन पहले ही आम आदमी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी ने लोकसभा चुनाव परिणामों पर गहन मंथन किया है।चुनाव परिणामों को सकारात्मक नजरिए से देखा गया है।कुरुक्षेत्र सीट पर पार्टी प्रत्याशी प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता को मिले 5लाख 53हजार वोट को पार्टी को मिलते मजबूत जन समर्थन के रूप में देखा गया और पार्टी को और आगे ले जाने के लिए बूथ स्तर पर मजबूत करने का फैसला किया गया।

**वोट प्रतिशत**

**कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर वह 5लाख 53 हजार वोट लेकर दूसरे स्थान पर रही**

अनुराग ढांडा ने मोजूदा सीजन में हरियाणा में बिजली की किल्लत के लिए प्रदेश की पूर्व मनोहर सरकार की दस साल की निष्क्रियता को जिम्मेदार बताया।इस सरकार ने बिजली के क्षेत्र में दस साल कोई काम नही किया। इस समय 1500मेगावाट बिजली की कमी है।प्रदेश में मार्च से अक्टूबर तक बिजली की किल्लत रहती है। जल्दी ही धान की रोपाई शुरू होने पर बिजली की कमी दो हजार मेगावाट तक बढ़ जाएगी। ढांडा ने कहा कि म्हारा गांव जगमग गांव योजना नाकाम हो गई है।इन गांवों में 15से17घंटे तक पावर कट लगाए जा रहे है। वर्ष 2015में मनोहर लाल सरकार ने झाड़ली प्लांट की 750 मेगावाट बिजली केंद्र को दे दी थी।अब मनोहर लाल केंद्र में ऊर्जा मंत्री बन गए है तो क्या केंद्रीय पूल से बिजली दिलाएंगे।

## पिछले 10 साल में बीजेपी ने बिजली के मुद्दे पर कोई काम नहीं कियाः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर बिजली के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम खट्टर को केंद्र में ऊर्जा मंत्री बनाया गया है। पिछले साढ़े नौ साल तो उन्होंने हरियाणा में कुछ नहीं किया। पिछले 10 साल में बीजेपी ने हरियाणा में बिजली के मुद्दे पर कोई काम नहीं किया। हरियाणा में हर साल मार्च से लेकर अक्टूबर तक बिजली की जबरदस्त किल्लत रहती है। न गांव में बिजली है न शहरों में और खेतों का हाल तो सबको पता है। आज के दिन पूरे प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। इस वक्त 1500 मेगावाट की कमी चल रही है, जो आने वाले समय में बढ़कर 2000 मेगावाट हो सकती है। लेकिन इसके लिए बीजेपी की प्रदेश सरकार ने कोई तैयारी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि आज शहरों और कस्बों में 8 से 12 घंटे पॉवर कट लग रहे हैं, पॉवर बैकअप पर सोसायटी चल रही हैं। गांव में जहां सरकार दावा करती थी कि जगमग योजना ले आए और हरियाणा के सभी गांव को जगमग कर दिया उन गांवों में आज के दिन 15 से 17 घंटे कट लग रहे हैं। हरियाणा में ये स्थिति बिजली की उपलब्धता की है। उन्होंने कहा उद्योगों को सलाह दी जा रही है कि रात में काम करें। ऐसे में हरियाणा कैसे तरक्की करेगा, जबकि आज के दिन में पॉवर बुनियादी जरूरत है। यदि बीजेपी 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद बुनियादी जरूरत भी पूरी नहीं कर पा रही है तो फिर हरियाणा की तरक्की के सभी दावे बेईमानी है। 2015 में




जब हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर होते थे, उस वक्त झाड़ली एनटीपीसी प्लांट से हरियाणा में सेंट्रल पुल को लगभग 750 मेगावाट सरेंडर कर दिया था। वो भी हरियाणा के लोगों के हितों के खिलाफ लिया गया फैसला था। जिसका उस समय विरोध हुआ था। उन्होंने कहा मैं मनोहर लाल खट्टर से पूछना चाहता हूं कि आज वो केंद्रीय ऊर्जा मंत्री हैं क्या वो हरियाणा का वो उधार उतरेंगे जो 2015 में 750 मेगावाट पुल में सरेंडर किया था। आज जब हरियाणा को जरूरत है तो क्या 750 मेगावाट केंद्रीय पुल से दिलाएंगे और जो 2015 में हरियाणा के लोगों के साथ विश्वासघात किया था क्या उस गलती को सुधारने का प्रयास ऊर्जा मंत्री के तौर पर करेंगे। उन्होंने कहा कि जब मनोहर लाल खट्टर हरियाणा के मुख्यमंत्री थे तब अडानी ग्रुप के साथ एक समझौता किया था जिसमें मुंद्रा से हरियाणा को 1400 मेगावाट बिजली प्राप्त होनी थी। वो 25 साल के लॉन्ग टर्म एग्रीमेंट के तहत बिजली ली गई थी, जिसका रेट 2.92 रुपए रेट तय हुआ था। लेकिन मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा के लोगों का विश्वास तोड़ते हुए मिड टर्म में अनुबंध की शर्तों को बदला और 3.20 रुपए प्रति यूनिट रेट कर दिया। जबकि 25 साल का लॉन्ग टर्म एग्रीमेंट था। नए समझौते में न केवल बिजली का रेट बढ़ा दिया गया बल्कि 1400 मेगावाट बिजली को घटाकर हरियाणा सरकार ने 1096 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए एग्री कर लिया। जब 2023 में धान का सीजन था, तब 1096 मेगावाट में से 500 मेगावाट बिजली ही पहुंच पाई थी।

## न्यूज फ्लैश

### लाखों श्रद्धालु सरकार के खर्चे पर करेंगे तीर्थ स्थलों के दर्शन : हरविन्द्र




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के जरिए प्रदेश के लाखों श्रद्धालु धीरे-धीरे निशुल्क रूप से देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर से अब तक 6 एसी वोल्वो बसे प्रदेश सरकार की तरफ से रवाना की जा चुकी हैं और सैकड़ों यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं। इस अनोखी योजना से श्रद्धालुओं की आस्था को भी सम्मान मिल रहा है।

विधायक हरविन्द्र कल्याण बुधवार को करनाल डॉ मंगलसैन ऑडोटोरियम के प्रागंण से सूचना जन सम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत दो एसी वोल्वो बसों को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक गौरव गुप्ता ने वोल्वो बसों को करनाल से अयोध्या धाम तीर्थ यात्रा के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया।

इस दौरान विधायक हरविन्द्र कल्याण ने बसों में बैठे श्रद्धालुओं से बातचीत की और तमाम व्यवस्थाओं का आंकलन भी किया। इससे पहले ऑडोटोरियम के हॉल में विधायक हरविन्द्र कल्याण व विधायक रामकुमार कश्यप ने सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के मुख्य पहलुओं को श्रद्धालुओं के साथ सांझा किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से एक-एक किट बैग भी उपलब्ध करवाया।

विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि चुनावों से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल की ही पावन धारा पे मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा का आगाज किया था। इस योजना के तहत 1 लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थो के निशुल्क दर्शन करवाएं जा रहे हं। अब तक 6 बसें प्रदेश सरकार की ओर से तीर्थो के लिए रवाना की जा चुकी हैं। इस योजना से श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी गंभीरता के साथ सरकार की योजनाओं को तेजी के साथ आगे बढ़ा रहे है और प्रदेश को विकसित करने के साथ-साथ लोगों की आस्था का भी सम्मान कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश में तेजी के साथ विकास किया है। सरकार की योजनाओं से प्रदेश का हर वर्ग खुश नजर आ रहा है और आमजन को खुशहाल बनाने के लिए ही सरकार पूरा फोकस रखकर योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है।

### 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव डा. सविता कुमारी ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में, जो मामले सर्वोच्च न्यायालनय भारत में लंबित है और जिन मुकदमों में सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमें विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. विजय कौशिक को मिला चौथा वर्ल्ड रिकॉर्ड

## स्मार्ट एंड इकोनॉमिकल फार्मिंग की रचना कर बनाया अपना चौथा विश्व रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र करनाल में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. विजय कौशिक ने चौथा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उनको यह वर्ल्ड रिकॉर्ड स्मार्ट एंड इकोनॉमिकल फार्मिंग नामक पुस्तक की रचना के लिए मिला है, जिसमें उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए 101 तरीके. सुझाए हैं। इन सुझावों में फसल सुधार, कृषि उत्पाद की मार्केटिंग, सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ आदि को विस्तार से समझाया गया है।




डॉ. कौशिक ने यह पुस्तक 2023 में तैयार की थी। पुस्तक की सॉफ्ट कॉपी के आधार पर इंफ्ल्यूएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने डॉ. कौशिक को वर्ल्ड रिकॉर्ड से नवाजा है। पुस्तक अभी पब्लिश होनी है। उनका पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड 2021 में भारत रत्न अवार्डीज पर प्रथम काव्य संग्रह लिखकर अपना नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में नाम दर्ज कराया। दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड सामाजिक कुरीतियों, रीति रिवाजों एवम् त्यौहारों पर प्रथम काव्य संग्रह लिखकर हॉर्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन तथा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड कृषि आधारित 31 खाद्यान्न, दलहन, तिलहन तथा चारा फसलों पर काव्य संग्रह तैयार कर ब्रावो इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, यूनाइटेड अरब अमीरात प्राप्त किया।

डॉ. कौशिक ने अब तक कुल 23 साल की सेवाएँ दे चुके हैं, जिसमें हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग में 7 साल, अर्थ एवम् सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग में 11 साल 6 महीने तथा हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार में अब तक साढ़े चार साल की सेवाएं दी है। वह अब तक कुल 6 पुस्तकें लिख चुके हैं। इसके अतिरिक्त 40 रिसर्च पेपर्स राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नल में, 40 लेख लीडिंग मैगजीन में छपवा चुके है। इन्होंने लगभग 20 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर लगभग 23 शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिसमें उनको तीन बार बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड, एक बार बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन अवार्ड मिला।

### समाधान शिविर: 61 शिकायतों में से 34 का निपटारा




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आज यहां लघु सचिवालय में तीसरे दिन भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अनुभव मेहता ने की। शिविर में 61 शिकायतें आईं, जिनमें से 34 का मौके पर ही निपटारा किया गया।

राज्य सरकार के निर्देश पर हर कार्य दिवस पर यहां लघु सचिवालय में परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्टरी, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नकशे की मंजूरी, पैंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों के निपटारे के लिये समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। आज इस शिविर में 61 शिकायतें आईं जिनमें से 34 का मौके पर ही निपटारा किया गया। सत्ताईस शिकायतें अभी लंबित हैं। इनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

### चुनाव कार्यो में लगे जेबीटी अध्यापकों का निपुण प्रशिक्षण हुआ आरंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के नेतृत्व में चुनाव कार्यो में लगे जेबीटी अध्यापकों का चार दिवसीय निपुण प्रशिक्षण कार्यशाला का आरंभ हुआ। उन्होंने बताया कि करनाल जिले के सभी खंडों से 105 अध्यापकों को निपुण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक शिक्षण कार्य में नए तौर तरीकों से शिक्षण कार्यों को प्रभावी बनाएं। प्रशिक्षण कार्यशाला की नोडल अधिकारी बीईओ सीमा मैदान ने प्रशिक्षण कार्यशाला में चल रही गतिविधियों को जांचा। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक समय पर उपस्थित होकर निपुण प्रशिक्षण ग्रहण करें। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने सभी अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य अध्यापक पर ही निर्भर है।

### रविंद्र एंटी करप्शन इंडिया के इंटरनेशनल चीफ इंचार्ज नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं इंटरनैशनल प्रेजिडेंट राजेश गर्ग ने इंटरनैशनल टीम का विस्तार करते हुए समाजसेवी एवं तिरुपति बासमती एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी रविंद्र कुमार सिंगला को इंटरनेशनल चीफ इंचार्ज नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गर्ग ने रविंद्र कुमार सिंगला को तिरंगा वस्त्र पहनाकर एंव नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि रविंद्र कुमार सिंगला एक विख्यात समाजसेवी है, जो कि समाजसेवा के कार्यों में तत्पर रहते हैं। रविंद्र कुमार सिंगला ने कहा कि वह




अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

इस अवसर पर राजेश गर्ग ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा के प्रकल्पों के अंतर्गत

सरकारी स्कूल के जरुरतमंद विद्यार्थियों की हर प्रकार की मदद एवं लोगों की सहायता, गरीब कन्याओं की शादी में मदद करवाना आदि शामिल हैं।

## सिविल सर्जन ने आईएमए के प्राइवेट डाक्टर्स के साथ की मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आईएमए के प्राइवेट डाक्टरस की मीटिंग का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री का सपना भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए वर्ष 2025 का लक्ष्य है। टीबी एक संक्रामक रोग है, जो शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है, मगर मुख्यता यह फेफडों को प्रभावित करती है। यह संक्रमित व्यक्ति के खाँसने छीकने एवं थूकने से फैलती है। दो सप्ताह या इससे अधिक समय तक खाँसी, बलगम और बुखार, बलगम या थूक के साथ खून आना, छाती में दर्द की शिकायत, भूख कम लगना, वजन में लगातार गिरावट। अगर किसी भी



व्यक्ति में उक्त लक्षण पाए जाएं तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर बलगम की मुफ्त जाँच करवा लेनी चाहिए। एक टीबी का मरीज अगर ईलाज नहीं कराता तो वह 15-20 लोगों को टीबी कर सकता है।

सिविल सर्जन ने प्राइवेट डाक्टरस को नोटिफिकेशन व यूडीएसटी बढाने के निर्देश दिये तथा डिफ्रेंशियल टीबी केयर के बारे में बताया। यह भी बताया कि टीबी के मरीज को नोटिफाई न करना एक दण्डनीय अपराध है। यह भी अवगत करवाया कि भारत सरकार द्वारा टीबी की अधिक जानकारी के

**बैठक**

**▶▶ नोटिफिकेशन व यूडीएसटी बढ़ाने के दिए निर्देश, टीबी के मरीज को नोटिफाई न करना एक दंडनीय अपराध**

लिए टोल फ्री नम्बर 1800116666 जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति मिसकॉल करके टीबी के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

उप सिविल सर्जन (टीबी) डा. सिम्मी कपूर द्वारा वर्ष 2023 के टारगैट व अचीवमैंटस के बारे में बताया गया। वर्ष 2023 में प्राइवेट डाक्टरस द्वारा टीबी नोटिफिकेशन के टारगैट का केवल 84 प्रतिशत ही अचीव किया गया, जो कि एक चिंताजनक विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक मरीज की नोटिफिकेशन पर 500रुपए एवं आउटकम पर 500रुपए ऐज इन्सैन्टिव दिया जाता है। प्राइवेट अस्पताल से इलाज लेने वाले टीबी के मरीजों को सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक माह टीबी मरीज के खाते में 500 रुपए दिये जाते हैं। मीटिंग में आईएमए प्रैसिडैंट, 27 प्राइवेट डाक्टरस यमैडिसन एवं चैस्ट स्पैस्लिस्ट डा. प्रदीप, चिकित्सा अधिकारी, जिला नागरिक हस्पताल तथा डीपीपीएम द्वारा भाग लिया गया एवं जिला करनाल को टीबी मुक्त करवाने एवं प्रत्येक टीबी मरीज को नोटिफाई करवाने का आश्वासन दिया।

### समर कैंप में कई गतिविधियों में भाग लेंगे बच्चे



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कम्युनिटी सेंटर स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से सेक्टर-6 के कम्युनिटी सेंटर में बच्चों के लिए समर कैंप की शुरूआत की गई। निवर्तमान पार्षद मेघा भंडारी ने मुख्य रूप से पहुंचकर कैंप का शुभारंभ किया और बच्चों को इस कैंप में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

मेघा भंडारी ने कहा कि शारीरिक रूप से सक्रिय होने के अलावा आपका बच्चा समर कैंप में जीवन कौशल भी सीखेगा और विकसित करेगा। उसे नई चीजें सीखने को मिलेंगी, खुद से काम करना सीखने को मिलेगा, दूसरे कैंप-साथियों के साथ तालमेल बिठाने को मिलेगा और भी बहुत कुछ। ये सभी चीजें उसे भविष्य में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार नागरिक बनाएंगी।

संस्था के अध्यक्ष पुनीत गुप्ता ने बताया कि समर कैंप का प्रथम चरण 1 से 10 जून तक सफलतापूर्वक समाप्त हो गया है। अब दूसरा चरण 11 से 20 जून तक चलेगा, जिसका समय सुबह 6 बजे से सुबह साढ़े 8 बजे तक और शाम को साढ़े 6 से 8 बजे तक रहेगा।

इस कैंप में लॉन टेनिस, रोलर स्केटिंग, फन एक्टिविटी सहित कई गतिविधियां कराई जाएंगी। यह गतिविधियां शाम के बैच में भी चलती रहती हैं।

## पीपीपी डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन के लिए शिविर 14 जून से : पिलानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार नागरिक संसाधन सूचना विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र का डाटा वेरिफिकेशन और अपडेशन करने के लिए 14 से 22 जून तक खंड स्तर पर व नगरपालिका क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि असंध ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय तथा वहां की नगरपालिका के लिए एसडीएम कार्यालय, घरौंडा ब्लॉक के लिए



बीडीपीओ कार्यालय व नगरपालिका के लिए वहीं के एसडीएम कार्यालय, इन्द्री ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय, नगरपालिका इन्द्री के लिए एसडीएम कार्यालय, नीलोखेड़ी ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय व नगरपालिका इन्द्री के लिए एसडीएम कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार करनाल ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय व नगरपालिका के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में, तरावड़ी में नगरपालिका, निसिंग ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय व वहां की शहरीय क्षेत्र के लिए नगरपालिका कार्यालय, कुंजपुरा ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय, चिड़ाव ब्लॉक के लिए वहां के बीडीपीओ कार्यालय तथा मुनक ब्लॉक के लिए बीडीपीओ कार्यालय परिसर में कैंप आयोजित किए जाएगें।

### स्टार्टअप के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है : डॉ. सुरेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के बागवानी महाविद्यालय अंजनथली में कुलपति डॉ. सुरेश के मार्गदर्शन में एक व्यापक कैरियर मार्गदशन वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता का नेतृत्व करते हुए छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में अतिथि वक्ता डॉ. एसपी गोयल, कुलपति डॉ.एसके मल्होत्रा और उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद किया।



कुलपति डॉ. सुरेश ने बढ़ते स्टार्टअप उद्यमों में छात्रों से उत्साह के साथ अपनी करियर यात्रा शुरू करने का आग्रह किया। देश में स्टार्टअप और नए विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नए स्टार्टअप शुरू करने से पहले एक अच्छा आइडिया सोच ले, बिजनेस प्लान बनाएं, मार्केट रिसर्च करें, संबंधित लोगों से बातचीत करें, अपने बिजनेस का एक अच्छा सा नाम खोजें, बिजनेस मॉडल बनाए, स्टार्टअप का रजिस्टर करें। क्योंकि ये सब बातें नए स्टार्टअप शुरू करने की आधारशीला के समान होती है।

डॉ. एसपी गोयल ने अंतिम वर्ष के छात्रों को उनके करियर पथ पर आगे बढ? के लिए अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने छात्रों को उनकी रुचि के क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी और आवश्यक तैयारी रणनीतियों के बारे में बताया। केंद्रित तैयारी के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने छात्रों को उत्साह के साथ कैरियर के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## डेयरी प्लॉट हासिल करने के लिए निगम की ओर से संचालकों को आखिरी मौका

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर में अनाधिकृत रूप से पशु डेयरी का संचालन कर रहे ऐसे लोग जिन्होंने अब तक पिंगली स्थित डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर डेयरी प्लॉट के लिए आवेदन नहीं किया है, उन्हें 15 दिन का समय देकर नगर निगम ने आखिरी मौका दिया है, जिसमें कहा गया है कि यदि इस अवधि में भी डेयरी संचालक डेयरी प्लॉट के लिए आवेदन नहीं करेंगे, तो नगर निगम अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत उनकी डेयरी सील व पशु जब्त करने जैसी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्लॉट लेने के लिए संचालकों को आवेदन के साथ 50 हजार रुपए की धरोहर राशि नगर निगम कार्यालय में जमा करवानी



होगी। यह जानकारी नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जसपाल सिंह गिल ने दी।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर से बाहर पिंगली में करीब 20 एकड़ भूमि पर डेयरी परियोजना विकसित की गई है। हालांकि परियोजना कई साल पहले लागू की गई थी, लेकिन डेयरी संचालकों की शिकायत थी कि वहां बिजली-पानी जैसी सुविधाएं मुहैया हों, तो डेयरी शैडो का निर्माण सम्भव होगा। डेयरी संचालकों की मांग पर नगर निगम ने गौर किया और वहां न केवल चौड़ी सडकें, बिजली, पानी, सीवरेज व बरसाती

**आवेदन नहीं किया**

**▶▶ अब तक पिंगली स्थित डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर डेयरी प्लॉट के लिए आवेदन नहीं किया है**

पानी निकासी की व्यवस्था की, बल्कि प्लॉटों की नींव भरने के बाद उसमें 3 फुट तक मिट्टी की भरपाई भी करवाई जा रही है। मुख्य द्वार पर एक बड़ा स्लाईडिंग गेट भी लगवाया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त सुविधाओं का फायदा उठाकर काफी डेयरी संचालकों ने डेयरी निर्माण शुरू किया। उन्होंने बताया कि इस समय डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर 26 डेयरियां स्थानांतरित हो चुकी हैं और 47 डेयरियां का निर्माण मुकम्मल हो गया है। उन्होंने बताया कि 23 डेयरियों का लेंटर डल चुका है तथा 38 की डीपीसी डल गई है। इसके अतिरिक्त 62 प्लॉटों में 3 फुट मिट्टी की भरपाई भी करवाई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में चारे व अन्य पशुपालन से सम्बंधित दुकाने तथा पशु चिकित्सालय के निर्माण का प्रावधान भी परियोजना में शामिल है। इसके अतिरिक्त गोबर गैस प्लांट तथा चिलिंग प्लांट लगाए जाने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि परियोजना स्थल पर डेयरी संचालकों को उनसे सम्बंधित हर सम्भव सुविधा नगर निगम की ओर से मुहैया करवाई जाएगी।

## विधायक कल्याण ने अधिकारियों के साथ किया यमुना बांध का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मानसून सत्र से पहले घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने बुधवार को नहरी विभाग के अधिकारियों के साथ यमुना बांध पर गाँव लालूपूरा, ढाकवाला मे चल रहे नये तटबंधो के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में पूरी गुणवत्ता व तेजी से करने के निर्देश दिए तथा बाढ़ बचाव कार्य के लिए बनाई गई ड्राइंग व रूप रेखा को बारीकी से देखा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को तय समय सीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने विधायक कल्याण को भरोसा दिलाया कि मानसून सत्र से पहले तमाम कार्य पूर्ण कर लिए



जायेंगे। गौरतलब है कि बीते वर्ष ज्यादा बरसात के कारण क्षेत्र के कई गाँव में बाँध टूटने की स्थिति बन गई थी। उस दौरान विधायक हरविंद्र कल्याण ने अधिकारीयों के साथ करीब 22 दिनों तक यमुना की पटरी पर ही अपना कैंप लगाया था तथा सरकार द्वारा पूरे करनाल जिले में कई स्थानों सदरपुर, लालूपुरा, ढाकवाला, खिराजपुर, जडौली, नबियाबाद तथा कलसौरा में नये तटबंध बनाने तथा पुराने तटबंधो की मुरम्मत के लिए 23 करोड़ रूपए की राशि मंजूर की गई थी, जिससे विभिन्न स्थानों पर बाढ़ बचाव कार्य चला हुआ है।

# संपादकीय

## अमन और सद्भाव सबसे बड़ी जरूरत

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत हो चुकी है। शपथग्रहण के बाद अब मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा भी हो गया है, जिसमें कोई बड़ा फेरबदल नहीं हुआ है। गृह, रक्षा, विदेश, वित्त और रेल मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग अब भी उन्हीं मंत्रियों के पास हैं, जिनके पास पिछली बार थे। जबकि इस बार सरकार का गठन जिस तरह जदयू और तेदेपा के साथ मिलकर हुआ है, उसमें कयास लगाए जा रहे थे कि ये दल अपने लिए महत्वपूर्ण विभाग मांग सकते हैं। अब संभवतः लोकसभा अध्यक्ष को लेकर कोई बड़ा फैसला देखने मिले। लेकिन पुराने मंत्रियों को नयी सरकार में वही विभाग देकर नरेन्द्र मोदी ने यह संदेश देने की कोशिश शायद की है कि उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आने वाला है। जिस तरह पिछली दो सरकारें उन्होंने चलाईं, इस बार भी वैसे ही चलाएंगे। अपने इस मंसूबे में वे कितने कामयाब होते हैं और क्या उनके गठबंधन के बाकी साथी उनकी कार्यशैली को सहजता से स्वीकार करते हैं, यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। लेकिन देश के जो मौजूदा हालात हैं, उन्हें देखकर प्रधानमंत्री को यह सलाह दी जा सकती है कि वे कम से कम अब घटनाओं और स्थितियों की उपेक्षा करने या अपनी राजनैतिक सुविधा-असुविधा से ऊपर उठकर आम जनत के हित को देखते हुए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करें।

जिस दिन प्रधानमंत्री शपथ ले रहे थे, उसी दौरान जम्मू-कश्मीर में एक आतंकी हमला हुआ। वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं को इस बार निशाने पर लिया गया। ऐसी किसी भी घटना की फौरन निंदा होनी चाहिए और मृतकों, घायलों की जाति, धर्म को न देखकर सभी के लिए संवेदना जताई जानी चाहिए। मगर कुछ लोगों ने इसमें भी राजनीति करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर इस घटना के बहाने घृणा फैलाने के प्रयास दिखने लगे। इधर मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने सोमवार को जिरीबाम जा रहे पुलिस काफिले पर घात लगाकर हमला किया। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। यह घटना मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के जिले के दौरे से ठीक पहले हुई है। अमूमन शांत रहने वाले जिरीबाम जिले में पिछले हफ्ते से तनाव बढ़ रहा है। इसलिए बीरेन सिंह वहां का दौरा करने वाले थे, तभी यह हमला हुआ। इसके बाद से मणिपुर में फिर से जातीय तनाव तेज होने की आशंका जतलाई जा रही है। वैसे भी एक साल से अधिक वक्त से मणिपुर अशांत है। कुकी और मैतेई समूहों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में मानवता ने पूरी तरह से दम तोड़ दिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री से सहज अपेक्षा थी कि वे कम से कम एक बार इस अशांत प्रदेश में जाते और अमन कायम करने की कोशिश करते। लेकिन श्री मोदी ने इस ओर निराश ही किया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भी स्थितियों को संभालने में नाकाम रहे हैं, फिर भी पद पर बने ही हुए हैं। एक बार आधे-अधूरे तरीके से इस्तीफे की पेशकश उन्होंने की, लेकिन इससे राज्य में शांति बहाली नहीं हुई। अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस मामले में बड़ा बयान देते हुए एक तरह से नयी सरकार को नसीहत दी है। नागपुर में संघ के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि 'मणिपुर में शांति का इंतजार करते हुए एक साल हो गया है। पिछले 10 सालों से राज्य में शांति थी, लेकिन अचानक राज्य में फिर से बंदूक संस्कृति बढ़ गई।

# प्रश्नपत्र लीक होने की बढ़ती घटनाएं



-प्रियंका सौरभ

> सख्त कानूनी ढांचा लीक में शामिल व्यक्तियों और अंगों के लिए कठोर दंड लागू कर सकता है। उदाहरण के लिए: सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित मौतों की रोकथाम) टिप, 2024, कारावास और भारी जुर्माने सहित कठोर दंड का प्रस्ताव करता है। परीक्षा कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और सख्त जवाबदेही भी एक उपाय हो सकता है। उदाहरण के लिए: खतरे का पता लगाना और उन्हें रोकने के लिए नियमित ऑडिट करना और निगरानी प्रणाली लागू करना। प्रश्नपत्र लीक का छात्रों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर पड़ता है इससे छात्रों में तनाव और चिंता में वृद्धि होती है। प्रश्नपत्र लीक होने से उत्पन्न असुविधा और अनियमितता छात्रों में तनाव और चिंता को काफी हद तक बढ़ा देती है, जिससे उनका मानसिक कल्याण और परीक्षा प्रदर्शन प्रभावित होता है

**यह दुर्भाग्य** की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बेहतर सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, सख्त कानूनी उपाय और प्रभावित छात्रों के लिए व्यापक समर्थन शामिल है। इन उपायों को लागू करके, हम परीक्षा प्रणाली में विश्वास बहाल कर सकते हैं और सभी छात्रों के लिए एक निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकते हैं। जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो परीक्षार्थियों के साथ परिजनों के भी सपने भी चकनाचूर होते हैं। ऐसी घटनाओं से एक उन्नत, समृद्ध, सुशिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज बनने-बनाने का हमारा सामूहिक स्वप्न और मनोबल टूटता है। इससे युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष एवं निराशा की स्थायी भावना घर करती है, शासन का प्रभाव कम होता है और व्यवस्था से आमजन का मोहभंग होता है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्ज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं। इसके साथ ही सरकार की विश्वसनीयता संकट में पड़ती है। प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े-बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। राजनेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निमार्ता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता। प्रश्नपत्र लीक की लगातार घटनाएं भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले प्रश्नपत्र लीक के 70 से अधिक मामले 2023 में सामने आए, जिससे बीसीएस , मेडिकल प्रवेश परीक्षा और राज्य भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हुईं । इन लीक ने छात्रों में अत्यधिक तनाव और चिंता पैदा कर दी है , जिससे उनकी तैयारी और आत्मविश्वास का स्तर बाधित हुआ है। प्रश्नपत्र लीक होने में मैनुअल हैंडलिंग और सुरक्षा चूक प्रमुख कारण है। प्रश्नपत्रों की छपाई और वितरण की पारंपरिक विधि में कई टचपॉइंट शामिल होते हैं, जहां सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है। उदाहरण के लिएः 2020 में, मैनुअल हैंडलिंग गलती के कारण बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के दौरान एक महत्वपूर्ण गलती हुई। संगठित अपराध में संलिप्तता से आपराधिक गिरोह परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों का लाभ बढ़ते आर्थिक लाभ कमाते हैं। उदाहरण के लिएः राजस्थान में, कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिससे करोड़ों का अवैध राजस्व अर्जित हुआ। तकनीकी कमजोरियाँ बताती है कि खराब सुरक्षा वाले डिजिटल सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लीक हो सकता है। उदाहरण के लिएः मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र हैक किए गए ईमेल पोस्ट के माध्यम से लीक हो गए, जिससे व्यापक वितरण हुआ। परीक्षा अधिकारी या कर्मचारी कभी-कभी वित्तीय लाभ के लिए पेपर लीक करने के लिए बाहरी पक्ष के साथ सहयोग करते हैं। उदाहरण के लिएः 2023 में राज्य भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है। भौतिक उपयोगकर्ताओं के लिए छेड़छाड़-रोधी ट्रैकिंग और सुरक्षित परिवहन सुविधाओं का उपयोग करना जरुरी है। उदाहरण के लिएः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डेटाबेस डिजिटल संसाधनों का उपयोग शुरू किया है, जो केवल परीक्षा परिणामों पर अधिकृत कर्मियों के लिए आसान हैं। सुरक्षित प्रश्नपत्र प्रबंधन और वितरण के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिएः एडुब्लॉक प्रोब्लॉक का उपयोग कर-के यह सुनिश्चित करता है कि प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से चिपका हुआ हो और केवल परीक्षा केंद्र पर ही डिक्रिप्ट किया गया हो , जिससे लीक होने का जोखिम काफी कम हो जाता है। सख्त कानूनी ढांचा लीक में शामिल व्यक्तियों और अंगों के लिए कठोर दंड लागू कर सकता है। उदाहरण के लिएः सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित मौतों की रोकथाम) टिप , 2024, कारावास और भारी जुमार्ने सहित कठोर दंड का प्रस्ताव करता है। परीक्षा कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और सख्त जवाबदेही भी एक उपाय हो सकता है। उदाहरण के लिएः खतरे का पता लगाना और उन्हें रोकने के लिए नियमित ऑडिट करना और निगरानी प्रणाली लागू करना। प्रश्नपत्र लीक का छात्रों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर पड़ता है इससे छात्रों में तनाव और चिंता में वृद्धि होती है। प्रश्नपत्र लीक होने से उत्पन्न असुविधा और अनियमितता छात्रों में तनाव और चिंता को काफी हद तक बढ़ा देती है, जिससे उनका मानसिक कल्याण और परीक्षा प्रदर्शन प्रभावित होता है। जिन छात्रों ने कड़ी मेहनत की है, उन्हें लग सकता है कि उनकी उपलब्धियों को कम आंका गया है, जिससे शिक्षा प्रणाली और उनकी अपनी क्षमता में आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। पेपर लीक की बार-बार होने वाली घटनाएं छात्रों को हक कर सकती हैं, जिससे उन्हें अपने भविष्य की संभावनाओं और योग्यता-आधारित सफलता के मूल्य के बारे में मोहभंग होने लगता है बिहार में राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं के कई लीक के बाद, कई छात्र निराश महसूस करने लगे और शिक्षा प्रणाली की निष्पक्षता में विश्वास खो दिया। छात्रों की शैक्षणिक योजनाएं परीक्षा में बैठने की आवश्यकता से बाधित होती हैं , जिससे अतिरिक्त तनाव और तार्किक प्रतिभा पैदा होती है। प्रश्न-पत्र लीक होने सेकण्डरी विश्वास और परीक्षा में विश्वास की हानि होती है, जिससे छात्रों और सेवाओं में अविश्वास पैदा होता है। छात्रों पर इस मनोवैज्ञानिक प्रभाव को कम करने के लिए परामर्श और सहायता सेवाएं समय की मांग है । लीक से प्रभावित छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता और परामर्श प्रदान करना अत्यंत जरुरी है। उदाहरण के लिएः परीक्षा के समय में छात्रों को तनाव और चिंता से निपटने में मदद करने के लिए हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र स्थापित करना। भविष्य में लीक को रोकने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में संशोधित संचार बनाए रखें। छात्रों और उपभोक्ताओं को विश्वास को फिर से बनाने के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों और मुफ्त योजनाओं के बारे में सूचित करना। वैकल्पिक परीक्षा कार्यक्रम से बीमारियों को कम करने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों के साथ परीक्षाओं को जल्दी से दोबारा करवाना बहुत फायदेमंद है। छात्रों के लिए लंबे समय तक तनाव से बचने के लिए स्थानीय प्रश्न पत्र और पर्याप्त परीक्षा तिथियों की व्यवस्था करना। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं।

चूंकि प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या अनियंत्रित होती जा रही है, इसलिए केंद्र समेत विभिन्न राज्यों की सरकारों का यह प्रथम एवं सर्वोच्च दायित्व होना चाहिए कि वे प्रश्नपत्र लीक होने के प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने दें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।




# कविता

## 'अब की बार जनता ने ऐसा फैसला दिया...'

अब की बार जनता ने ऐसा फैसला दिया,
कर्णधारों को सोचने को मजबूर कर दिया।
लोकतन्त्र में भला अहंकार का क्या काम?
जिसने दिखाया उसको रास्ता दिखा दिया ।

जो कहते थे हमें नहीं चाहिए किसी का साथ,
हम तो जीत जाएंगे खुद अपने दम पर आप।
खिसियानी बिल्ली की तरह खम्बा नोच रहे हैं,
सब जानते हैं कितना क्या आया उनके हाथ?

भले कुछ लोग कमल से ही खिल गए हैं,
फिर भी कुछके चेहरे क्यों लटक गए हैं?
माना कुछ सुधार जरूर हुए थे उनके हाथों,
बाद में क्या वो रास्ते से ही भटक गए हैं ?

कुछ के न जाने क्यों बहुत बड़े फरमान थे?
जनता में ऊंचा ओहदा पाने के अरमान थे।
मेल से दहाई थे, अकेले लड़े सिफर हो गए,
घाट के रहे न घरके जैसे खाली मकान हो गए।

डा. जय किशन

## चरित्र निर्माण राष्ट्रीयता का सूत्रधार

संजीव

चरित्र अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अतः समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदूषित, खराब होता है। दूसरी तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है।

हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए।

# विचार

## लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में ...

**निर्मल रानी**

**विगत 6** जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फिल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा खालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। खबरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की 'महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने' वाले बयान से बेहद आहत हुई थी। परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- 'कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमजोर टूटे हुए राष्ट्र पर कब्जा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवकूफों की तरह नहीं बेच रहे हैं।' हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य गलत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं। ' उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल गलत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज नहीं करनी चाहिये। परन्तु कंगना के इस 'आतंकवाद ' वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये 'आतंकवाद' व उग्रवाद पर एक बहस जरूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था।

कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फैजाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग हिंदू रक्षा दल नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार ह्यराम को घर वापसी कराने वाली पार्टी (भाजपा ) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियो को गालियां दीं थी। क्या इस तरह की सोच व ऐसे कृत्य को उग्रवाद व आतंकवाद से प्रेरित सोच कहना चाहिये ? इसी तरह 13 अक्टूबर, 2011 को प्रसिद्ध वकील प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट में उनके चैंबर में हमला किया गया था। उस दिन तीन लोग प्रशांत भूषण के चैंबर में घुस आए थे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भूषण उस समय किसी टीवी चैनल को साक्षात्कार दे रहे थे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## नीट परीक्षा में चिट, छात्र हुए परेशान

**सूर्यदीप कुशवाहा**

**नीट यूजी प**रीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने माना कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है। असल में माँ गंगा के अलावा कुछ भी पवित्र नहीं हैं। ऐसा भोलाराम मानते हैं। नीट यूजी 2024 का रिजल्ट अचानक पांच जून को जारी हुआ था इसके बाद से ही एनटीए पर आरोपों की झड़ी लगी है। आरोप लगने से क्या होता है जब आरोप को मानना ही नहीं है। जब कोई मानेगा तब न कुछ गलत कहा जाएगा। सच लुका-छिपी खेलता है। इस खेल का मेल नहीं है। भोलाराम बड़ी -बड़ी नौटंकी को पकड़ लेते हैं। लेकिन एजेंसियां सरकारी दकियानूसी में जकड़ी हैं। भोलाराम के नीट यूजी परीक्षा की सुचिता को लेकर कई सवाल हैं। ज्यादातर परीक्षा में स्कैम होने की जांच को आंच लग जाता है। भगवान भास्कर टेम्प्रेचर बढ़ाकर पकौड़े तल रहे हैं। भोलाराम को अपने जासूसी से अपच है। जिम्मेदार को कैसे यह बातें पच रहीं हैं। एक ही सेंटर से 6 टॉपर का मसला भी छात्रों को हैरान कर रहा है। उनका कहना है कि नीट का पेपर इस बार आसान जरूर था, मगर इतना भी नहीं कि 67 टॉपर्स निकल जाएं। ऊपर से एक ही सेंटर के 6 टॉपर हैरान करने वाले हैं, जबकि यह सेंटर हर स्टूडेंट का होमटाउन नहीं है। हमारे बाकि छात्र राम भरोसे हैं। इस बार तो रामभरोसे बहुमत भी नहीं है। छात्रों के मन में दहशत है। ऐसा डर कि कई छात्रों ने तो डॉक्टर बनने का सपना ही छोड़ देने की बात कहने लगे हैं। लेकिन क्यों? आखिर ऐसा क्यों हुआ है? यह यक्ष प्रश्न बन कर रह गए हैं। कठिन सवाल परीक्षा में बनाया जा रहा है कि आसान। भोलाराम के जमाने में तो ऐसा नहीं था. वरना वह भी आज प्रसिद्ध दिल के डॉक्टर होते। मोबाइलयुगीन बच्चे बड़े अच्छे हैं। कच्छे संभालने की उम्र उम्र में मोबाइल संभाल रहे हैं। रील देखकर रील को रियल लाइफ समझ रहे हैं। संसाधन का उपयोग कि दुरूपयोग कर रहे हैं। अभिभावक को पता नहीं है। जबरदस्ती का ज्ञान रील में धकेल रहे हैं।

प्राइवेट कॉलेज की फीस 1.5-2 करोड़ रुपये तक जाती है, तो माध्यम वर्गीय परिवार नहीं दे सकता इसलिए बार -बार नीट देता है। अगर ऐसा वास्तव में होगा तो कितना भयावह है यह कैसा सिस्टम है, क्या तैयारी है?

## यह कैसी सीनाजोरी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**पेट्रोल** की बढ़ती कीमतों के बीच बाइक का चोरी होना लॉटरी लगने से कम थोड़ी न है। चोरी न होती तो उसकी आवभगत के लिए आए दिन पेट्रोल का चढ़ावा चढ़ाना पड़ता। कुछ चीजें खरीदने तक सवारी करने योग्य रहती हैं। बाद में पता ही नहीं चलता कि वह हम पर सवारी कर रही हैं या हम उन पर। आज को बाइक चोरी हुए आठ साल बीत गए। उम्मीद और शीशा कभी भी टूट सकता है। न जाने हम किस कांक्रिट के बने थे कि पिछले आठ साल से उसी के बारे में सोचते रहते। वह क्या है न कि कमाकर खरीदी गई ईंट फोकट के ताजमहल से कहीं अधिक कीमती होती है। धुंधली ही सही उसकी याद बनी रही। मानो यह घटना मस्तिष्क पटल पर पेंसिल से नहीं सीडी मार्कर से लिख दी गई हो। जो मिटने का नाम ही नहीं ले रही थी। फिर एक दिन बिन जड़ के पेड़ और बिन हाथों के ताली बजाने वाली खबर आई। डाकिया गुम हुई बाइक का एक चालान थमा गया। यह चालान ठीक वैसा ही था जैसे खाए कोई स्वाद बताए कोई। फिर भी एक बात की दाद देनी पड़ेगी कि आठ साल में केवल एक चालान! हो न हो चलाने वाले का हाथ एकदम साफ है। समझ नहीं आ रहा था कि चलाने वाले की तारीफ करूँ या जाकर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराऊँ। कुछ देर सोचा और पहुंच गया पुलिस थाने चालान लेकर। चालान देखकर पुलिस भौंचक्का रह गई। उन्होंने चीजों को लूटते, चोरी होते या फिर गायब होते हुए देखा है। मिलते हुए बहुत कम बार देखा है। बाइक चुराने वाले को पुलिस थाने में बुलाया गया। वैसे थाने में किसी को बुलाया नहीं जाता बल्कि पकड़कर या घसीटकर लाया जाता है। चूंकि चुराने वाला पुलिस वाला ही था, सो उसे बाइक के साथ बुलाया गया। थाने की चारदीवारी में अपनी बाइक को देख खुशी का ठिकाना न रहा। सोचा आज अपने साथ ले जाऊँगा। तभी जैसे लगा कि बाइक मुझसे कुछ कहना चाहती है। मैं हम दिल दे चुके सनम फिल्म के अजय देवगन की तरह ऐश्वर्या रूपी बाइक की बातें सुनने लगा। वह कहती रही जानते भी हो पेट्रोल की कीमत क्या है! क्या इतना महंगा पेट्रोल मुझ पर खर्च सकते हो? मैं उस पुलिस वाले के साथ बहुत खुश हूँ। उसके एक महीने की ऊपरी कमाई तुम्हारे साल भर की कमाई से कहीं अधिक है।

## न्यूज फ्लैश

### सांसद कुमारी सैलजा का राई पहुँचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया जोरदार स्वागत



**राई।** सिरसा से नवनिर्वाचित सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का नेशनल हाइवे 44 पर सुधीर ढ़ाबे पर वरिष्ठ कार्यकर्ता सुखबीर जाटी व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जगदीश चहल आदि सैकड़ों महिला व पुरूष कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कुमारी सैलजा ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत-सत्कार को वे कभी नहीं भूल पाएंगी। इतने स्नेह व अपनेपन को व्यक्त करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा हरियाणा के विकास के लिए प्रयत्नशील रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोगों को लुभावने के लिए ग्रामीणों को 100-100 गज के प्लाट देने का दिखावा कर रहे है। जो प्लाट कांग्रेस सरकार के समय मे लोगों को दिए गए थे अब बीजेपी सरकार को दस साल बाद उनकी याद आई है। लेकिन प्रदेश की जनता अब इनके प्रलोभनों में नही आने वाली। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुखबीर जाटी ने कहा कि सांसद कुमारी सैलजा की कार्यशैली, तत्परता, अनुशासन व रचनात्मक सोच सभी को प्रभावित करती है। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जगदीश चहल ने कहा कि सांसद शैलजा अपने पिता स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह के पदचिन्हों पर चलते हुए सैलजा ने कभी भी पदों को अहमियत नहीं दी बल्कि कांग्रेस पार्टी के लिए हमेशा ईमानदारी से कार्य किया है। इस दौरान सतबीर निर्माण, वेदपाल खापरा, पूर्व सरपंच इन्दु चहल, संदीप राणा,मास्टर सन्दीप,परवीन खत्री,मंदीप कुमार,मोनू सरोहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राई हलके की सडकों के सुदृढीकरण के लिए 25 करोड़ 68 लाख रुपए की मंजूरी: विधायक

**राई।** राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि राई विधानसभा के लोगों के लिए बहुत ही खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने विधानसभा की सडकों के सुद्दढीकरण के लिए 25 करोड़ 68 लाख की मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि इस राशि से राई हलके की 25 सडकों का सुद्दढीकरण किया जाएगा, ताकि लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। विधायक ने बताया कि इन 25 सडकों में बसौदी से बड़ौली रोड़ पर 15 .25 लाख, मनौली से खुर्मपुर रोड़ पर 69 .27 लाख, मनौली से बैरा बाकीपुर सडक़ पर 74 .05 लाख, जाटी कलां से दहीसरा रोड़ पर 89 .26 लाख, जठेड़ी से प्रीत्तमपुरा सडक़ पर एक करोड़ आठ



लाख 83 हजार, नाहरी से मल्हा माजरा सडक़ पर एक करोड़ 77 लाख 86 हजार, खेड़ी मनाजात से मुनीरपुर सडक़ पर 36 लाख 92 हजार, छत्तेहरा से रेलवे स्टेशन सडक़ पर 19 .96 लाख, छतेहरा में एक और सडक़ पर 24 .79 लाख, गांव जाजल अप्रोच रोड़ पर 41 .34 लाख, ओल्ड बसौदी से मुकीमपुर सडक़ पर 50 .41 लाख, किशोरा से चौहान जोशी सडक़ पर एक करोड़ 24 लाख 09 हजार, मेहंदीपुर से यमुना घाट तक की सडक़ पर एक करोड़ 94 लाख 39 हजार, जाजल टोंकी से जाजल सडक़ पर एक करोड़ 12 लाख 41 हजार रुपए, मुरथल से मेहंदीपुर सडक़ पर 22 .21 लाख, जीटी रोड़ से मुरथल कॉलेज वाया ओशो धारा आश्रम सडक़ पर 17 .5 लाख, जीटी रोड़ से मुरथल वाया हसनपुर सडक़ पर 95 .68 लाख, धतूरी से मुरथल सडक़ पर 92 .82 लाख, नाहरी से मुनीरपुर सडक़ पर 74 .04 लाख, टांडा से पबसेरा सडक़ पर एक करोड़ पांच लाख 65 हजार, जाटी कलां से खटकड़ सडक़ पर 64 .48 लाख, सेवली से असावरपुर सडक़ पर 70 .33 लाख, खुर्मपुर से मनौली टोंकी सडक़ पर 68 .33 लाख, जीटी रोड़ से मीमारपुर यमुना घाट वाया मुरथल सडक़ पर 07 करोड़ 94 लाख 58 हजार टांडा अप्रोच रोड़ पर 18 .67 लाख रुपए खर्च कर उसका सुद्दढीकरण किया जाएगा।

# कॉलोनियों की जनता को लॉलीपॉप देने का काम किया: महीपाल

ई केंद्र खोले गए हैं जो पहले भी अटल सेवा केंद्रो पर लोग शिकायतें पोर्टल पर डालते थे लेकिन उसका कोई लाभ लोगों को नहीं मिलता था

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार ने कहा कि मैंने कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर जो पानीपत ग्रामीण की कॉलोनीयों की जिन मांगों को लेकर कई प्रदर्शन किये धरने दिए। जैसे प्रॉपर्टी आईडी को खत्म करना,, फैमिली आईडी को पोर्टल से हटकर संबंधित अधिकारी द्वारा जारी करवाना,, कॉलोनीयों के डेवलपमेंट चार्ज को शहर के बराबर करवाना,, फैमिली आईडी के कारण बुढ़ापा विधवा व विकलांग पेंशन, राशन कार्ड अन्य सुविधाएं कटी हुई लागू करवाना हमारे मुख्य मुद्दे थे। लेकिन हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर के कदमों पर चलते हुए कॉलोनीयों की जनता को लॉलीपॉप देने का काम किया है। ई केंद्र खोले गए हैं जो पहले भी अटल सेवा केंद्रो पर लोग शिकायतें पोर्टल पर डालते थे लेकिन उसका कोई लाभ लोगों को नहीं मिलता था वही काम अब मुख्यमंत्रीफ ने ही ई केंद्र खोलकर लोगों की समस्याएं का समाधान करने का जो असफल प्रयास कर रहे हैं यह तो लॉलीपॉप देकर जनता को धोखा देने वाली बात है।
सरकार कॉलोनी वासियों को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाना बंद करें । पोर्टल पर तो पहले भी समाधान नहीं हुए। यह मुख्यमंत्री को देखना चाहिए। मैं मुख्यमंत्री से व स्थानीय विधायक व मंत्री से कहना चाहता हूं कि इस प्रॉपर्टी आईडी रूपी लुट को और फैमिली आईडी को खत्म किया जाए। इसका नई सिरे से सर्व करवरकर यह चीज बनवाए जाएं। और डेवलपमेंट चार्ज शहर के बराबर किया जाए। हमाने इन मांगों को लेकर बार-बार सरकार को सचेत करने बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है बीच में आचार संहिता भी एक बहाना था। लेकिन अब आचार संहिता भी खत्म हो चुकी है इसलिए मैं हरियाणा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कॉलोनीयों की मांगों की ओर ध्यान दिलवाना चाहता हूं और बताना चाहता हूं की इन कॉलोनीयों में समाज का गरीब से गरीब तबका निवास करता है जो अपने जरूरत को पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत करता है फिर भी जरूरतें पूरी नहीं हो पाती अगर घर में कोई बीमार हो जाए तो उसके भी दवा के पैसे उनके पास कई बार नहीं होते। उसी के ऊपर सरकार घाव पर नमक छिड़कने का काम करती है इनकी फैमिली आईडी में ज्यादा इनकम दिखा करके मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जाता है।

## मारपीट व चोट मारने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

थाना तहसील कैंप पुलिस टीम ने भैसवाल गांव के नजदीक स्थित वेस्ट गौदाम के मालिक व उसके पड़ोसी से मारपीट व चोट मारने मामले में तीसरे आरोपी को मंगलवार देर शाम गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अजय उर्फ बिल्लू निवासी सिद्धार्थ नगर के रूप में हुई। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी संजय व अंकुश निवासी हरिनगर व फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद कर बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना तहसील कैंप में रवि पुत्र रामेहर निवासी कुटानी ने पुलिस को दी



शिकायत में बताया था कि उसने भैसवाल गांव में कपड़े के वेस्ट का गौदाम कर रखा है। 8 मई को वह और उसको पड़ोसी विजय निवासी पूठर गौदाम के बाहर कुर्सियों पर बैठ कर बातचित कर रहे थे। तभी अक्षय जैन निवासी रेलवे फाटक अपने साथ तीन लड़कों को लेकर वहा आया और उसको गोली गलौच करने लगा। विजय ने समझाया तो अक्षय जैन साथियों के साथ वहा से चला गया। अक्षय जैन से उसे करीब 10 लाख रुपए लेने थे। अक्षय जैन ने 3 लाख रुपए का कच्चा माल देकर बाकी पैसे देने से मना कर रहा था।

### शराब पीकर प्लेटफार्म पर सो गया युवक, बाइक चोरी

**सोनीपत: शराब** पीने के बाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 पर सो गए युवक की चोर बाइक चोरी कर ले गए। जब वह सुबह उठा तो चोरी का पता लगा। राजकीय रेलवे पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोनीपत निवासी सोमबीर ने राजकीय रेलवे पुलिस को बताया कि वह 9 जून को अपने भाई की बाइक लेकर शराब के नशे में सोनीपत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 के पास खड़ी कर के वहीं सो गए। वह रात करीब 11 बजे स्टेशन पर आए थे। तडके चार बजे उनकी आंख खुली तो बाइक वहां नहीं थी। उन्होंने आसपास देखा लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

## आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 जून से 26 जून तक नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान ह्रनशा मुक्त भारत पखवाड़ाह्व शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा न करने के प्रति प्रेरित करना और नशे के दुष्प्रभावों बारे में जानकारी देकर जागरूक करना है। पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने जिला में अभियान के सफल आयोजन के लिए उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री संदीप कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त करने



के साथ ही सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए है।
बुधवार को जिला पुलिस की टीमों ने बस स्टैंड व टैक्सी स्टैंड पर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस की विभिन्न टीमों ने लोगों को नशा ना करने, इससे होने वाले कुप्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**नशा एक सामाजिक बुराई**

पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड़ने के लिए समाज को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते है। उन्होंने बताया कि नशा शरीर के लिए जहा खतरनाक है, वही अपराध का भी मुख्य कारण है। अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश धंस जाते हैं और फिर उस नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नही हिचकिचाते। नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे, तभी यह मुहिम सार्थक होगी। सभी लोग इस मुहिम में बढचढ अपना अहम योगदान दे, एक दूसरे को नशे के खिलाफ जागरूक करें। अभियान के तहत जिला पुलिस नशे के खिलाफ जागरूक्ता सेमिनार, रैली, नाटक इत्यादी का आयोजन करवा युवा वर्ग को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाएगी।

### जान से मारने की धमकी देने के मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** गाड़ी तोड़ने, फायर करने और पत्थर व लाठी-डण्डों से हमला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान दीपक वासी डैरोली अहीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को पचेरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस द्वारा चार आरोपितों डैरोली अहीर निवासी अनिश, दीपक, नितिश और सुखदर्शन को पहले गिरफ्तार किया था और न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक देसी कट्टा और एक बुलेरो गाड़ी बरामद की थी। पुलिस ने रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपितों से कैम्पर गाड़ी और डंडा बरामद किया है। पुलिस ने पता लगाया कि आपस में हुई कहासुनी को लेकर आरोपितों ने वारदात को अंजाम दिया था। सभी आरोपितों को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार वासी डैरोली अहीर ने थाना सदर महेंद्रगढ़ में दी शिकायत में बताया कि वह घर पर सो रहा था, रात में समय करीब 10:45 से 11:00 बजे के आस पास जोरझजोर से आवाज आने लगी, वह कमरे से बाहर गया तो देखा कि कुछ लोग बुलेरे व कैम्पर गाडी से उसकी गाड़ी पर हमला कर रहे थे।

## गुरसिख युवक सुखविंदर सिंह के हमलावरों पर 307 के तहत हो कार्रवाई : कवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** धर्मनगरी के पड़ौसी जिला कैथल में गुरसिख युवक पर हमला करने, अपशबद कहने व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला सीएम के दरबार में पहुंचेगा। आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने की। अजराना ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कैथल में सिख नौजवान सुखविंदर सिंह पर कुछ शरारती



तत्वों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। युवक के साथ मारपीट करने के साथ-साथ हमलावरों ने उसे अपशब्द कहे और सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए अभद्र शबदावली का प्रयोग किया। घटना के बाद पीड़ित को कैथल के अस्पताल में दाखिल

**मांग**

**सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए अभद्र शबदावली का प्रयोग किया**

कराया गया। अजराना के अनुसार जब इस घटना के बारे में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के पदाधिकायिों को पता चला तो, संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, वे स्वयं, धर्म प्रचार के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, महासचिव सुखविंदर सिंह मंडेबर, मैंबर साहब सिंह चक्कू, सिख नेता नरेंद्र सिंह गिल, तजिंदर सिंह मक्कड़ सहित कैथल जिला की अलग-अलग सिख जत्थेबंदियों के पदाधिकारी गुरुद्वारा श्री निम्म साहिब कैथल पहुंचे।
अजराना ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने जिला प्रशासन कैथल से मांग की है कि इस मामले के दोषियों पर भांदस की धारा 307 के अलावा अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई करने की जाए।

## पुलिस का उद्धेश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ना: भोरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस की टीम सुबह और शाम युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दे रही हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस



अभियान से जहां युवा खेलों से जुड़ेंगे वहीं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहेंगे। पुलिस प्रशासन के इस अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं तथा जिला के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य अभियान के माध्यम से नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का है।

### कुवि में रक्तदान शिविर 14 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा। समिति के मीडिया प्रभारी तरूण वधवा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता हैं। रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नही आती। रक्तदान करने से शरीर को लाभ मिलता हैं साथ ही किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती हैं।

## विद्या भारती के साधकों को करवाई यौगिक शुद्धि क्रियाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** विद्या भारती हरियाणा द्वारा गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, सलारपुर रोड़ में शिक्षकों के लिए आयोजित प्रांतीय पुनश्चर्या एवं विकास वर्ग के लगभग 200 प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र जिला इकाई के तत्वावधान में 3 जून से प्रतिदिन योगाभ्यास प्रशिक्षण दिया जा रहा है । संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता एवं ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष गुलशन कुमार ग्रोवर ने प्रशिक्षणार्थियों को महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के बारे में सटीक दृष्टांतों सहित विस्तार से बताया । संस्थान के प्रवीण योग



शिक्षकों मिथिलेश चौधरी, चौधरी मांगेराम, सोमा भट्ट, मनीराम सैनी, सीमा सांगवान, जगवीर सांगवान, उषा शर्मा, नीरज, देवी दयाल सैनी, जितेंद्र तलवार, राजेश भट्ट इत्यादि द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास करवाया जा रहा है जिसमें विभिन्न सूक्ष्म क्रियाओं, योगासनों, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया जाता है । सूर्य नमस्कार, शव आसन व हास्य आसन का अभ्यास भी करवाया जा रहा है । करवाई जा रही प्रत्येक क्रिया के निषेध, सावधानियां, सही विधि व लाभ भी शिक्षकों द्वारा विस्तार से बताए जाते हैं । इसी श्रृंखला में आज साधकों को शारीरिक शुद्धि क्रियाएं करवाई गई । इन यौगिक शारीरिक शुद्धि क्रियाओं में कुंजल अथवा गजकरणी, रबड़ नेति, सूत्र नेति, जल नेति व चक्षु प्रक्षालन का अभ्यास करवाया गया । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा ने उपस्थित साधकों को यौगिक शुद्धि क्रियाओं के लाभ, सावधानियों व सही विधि के बारे में बताया । उन्होंने रबड़ नेति व जल नेति का प्रदर्शन करके भी दिखाया । यौगिक शुद्धि क्रियाओं के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इनसे तीन प्रकार के लाभ मिलते हैं - देह शुद्धि, स्वास्थ्य वृद्धि एवं रोग निवृत्ति । प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने प्रत्येक प्रकार की शुद्धि क्रिया से होने वाले विशिष्ट लाभों के बारे में बताते हुए उन निषेधों के बारे में भी बताया जो कि एक साधक को शुद्धि क्रियाएं करते हुए ध्यान में रखनी चाहिएं।

## धान की उत्पादन, तकनीक पर हुआ किसान गोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्श इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

कृषि विज्ञान केंद्र उझा में धान उत्पादन की तकनीक व वर्तमान परिद्दश्य पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ कृषि विशेषज्ञ यू एस एंबेसी, अमिलिया ग्रेटॉक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्लेषक व जेसिका, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्लेषक ने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, विस्तार कार्यकताओं आदि के साथ विस्तार से चर्चा की। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य धान की उत्पादन तकनीक व वर्तमान परिद्दश्य पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉक्टर राजबीर गर्ग ने धान गेहूं फसल चक्र के बारे में विस्तार से



चर्चा करते हुए बताया कि यह फसल चक्र केवल पानीपत जिले का ही नहीं बल्कि हरियाणा प्रांत का मुख्य फसल चक्र है, यहां किसान मुख्य तौर पर बासमती धान व गैर बासमती धान की खेती करते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र व कृषि विभाग द्वारा फसल विविधीकरण के लिए काफी प्रयास किया गया परंतु फिर भी पानीपत जिले के किसान धान और गेहूं फसल चक्र को ज्यादा महत्व देते हैं क्योंकि इस फसल चक्र में किसानों को आश्वासित लाभ के साथ-साथ बेचने में भी किसी तरह की कोई समस्या नहीं आती। उन्होंने संसाधन संरक्षण तकनीकों जैसे धान की सीधी बिजाई व फसल अवशेष प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि

**विशेष महत्व**

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्लेषक ने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, विस्तार कार्यकर्ताओं आदि के साथ विस्तार से चर्चा की**

धान की सीधी बिजाई में न केवल पानी की बचत होती है बल्कि इसके साथ-साथ भूमिगत जल स्तर में भी बढ़ोतरी होती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि इस तकनीक को ज्यादा से ज्यादा अपनाए। इस अवसर पर डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, प्रतिनिधि, यू एस एंबेसी ने बताया कि कई बार धान की फसल में अंधाधुंध कीटनाशकों का स्प्रे करने से उसके अवशेष चावल में रह जाते हैं जिसकी वजह से विदेश में निर्यातित धान के खेप वापिस आ जाते हैं। जिसका सीधा सीधा असर धान के भाव पर पड़ता है। उन्होंने किसानों से अपील है कि वे वैज्ञानिकों के परामर्श के आधार पर ही कीटनाशकों का प्रयोग सही मात्रा में, सही समय पर, व सही कीड़े के लिए उपयोग करें। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में किसानों को समूह में खेती की तरफ बढना पड़ेगा व बाजार की मांग के हिसाब से फसलों का चयन करना पड़ेगा। इस अवसर पर श्रीमती अमिलिया ग्रेटॉक और श्रीमती जेसिका, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्लेषक के बताया कि विश्व में खाद्य सुरक्षा के लिए धान की खेती का विशेष महत्व है।

## निगम आयुक्त से दुकानों के आगे अतिक्रमण को हटाने के आदेश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** बिना बरसात के ही रेलवे रोड पर जगह- जगह भरने वाले नालों के गंदे पानी से निजात दिलाने के लिए निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी व नपा व जनस्वास्थय विभाग के अधिकारियों के साथ रेलवे रोड का निरीक्षण किया। नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आयुक्त व अन्य अधिकारियों ने माना की शहर के रेलवे रोड पर दुकानदारों द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नालों को स्लैब से ढका गया है। जिस कारण नालों की सफाई हुए लंबा



समय बीत गया है, स्लैब न हटने से अच्छे तरीके से नालों की सफाई नही हो पाती। आयुक्त ने नपा व जनस्वास्थय विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि बिना बरसात के शहर में रेलवे रोड पर अभी से जलभराव की समस्या आ रही है अगर नालों को स्लैब तोड़कर ठीक ढंग से साफ नही करवाया गया तो बरसात के समय शहर के क्या हालात होंगे। जिस पर दुकानदारों व अधिकारियों ने सहमित जताई। आयुक्त ने दोनो विभागों के अधिकारियों को चेताया कि बरसात के मौसम के द्दष्टिगत अगर कही भी नालों की सफाई में कमी मिलती है तो अधिकारियों के खिलाफ ही कार्रवाई होगी।

# समाधान शिविरों में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही: उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र





**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
राज्य सरकार के दिशा निर्देश अनुसार शुरू किये जा रहे समाधान शिविर में बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं का निदान करने को लेकर शिरकत की। समाधान शिविर अन्य दिनों की तरह ठीक 9 बजे प्रारंभ होकर 11 बजे सम्पन्न हुआ। शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर शिविर में पहुंचे व उनके विभाग से संबंधित मिलने वाली समस्याओं का एक निश्चित अवधि में समाधान करें। जिला सचिवालय में आयोजित किये गए समाधान शिविर में बुधवार को तीसरे दिन बड़ी संख्या में शिकायत कर्ता पहुंचे उनकी शिकायतों का एक एक करके उपायुक्त ने अन्य विभागों के अधिकारियों के सहयोग से निदान करने का प्रयास किया। उपायुक्त ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन उनकी प्राथमिकता है किसी भी कार्यालय में अगर भ्रष्टाचार संबंधित कोई भी शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ ठोस कदम उठाया जाएगा। इस समाधान शिविर में 112 समस्याएं विभिन्न नागरिकों द्वारा रखी गई। शिविर में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि विभाग से जुड़ी समस्याओं के प्रति वे गंभीर है व उन समस्याओं का तत्परता से निदान करेंगे।
उपायुक्त ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान निश्चित रूप से होगा लेकिन बहुत सी ऐसी भी समस्याएं है जिनका समाधान होने में समय लगता है। इन समाधान शिविरों में मुख्य रूप से बीपीएल कार्ड, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याएं आई।
उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि इन समाधान शिविरों का समय 9 से 11 बजे तक रखा गया है। इस दौरान सभी अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे व उनका एक ही ध्येय होना चाहिए कि जो समस्याएं लेकर नागरिक पहुंच रहे है उनका त्वरित समाधान निकले। शिविर में उपायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे समाधान शिविरों को गंभीरता से लें। उपायुक्त ने शिविर में उन समस्याओं की समीक्षा भी की जो दो दिन पूर्व विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा रखी गई थी।
उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ताओं से मधुरता से बात करें व उनकी समस्या का निदान करने का प्रयास करें। शिविर में पहुंची सत्य कुमारी ने सामान्य अस्पताल में कैंटीन अलाट करने की प्रार्थना की वहीं राजाखेड़ी के कुलदीप ने लाल डोरे की प्रॉपर्टी आईडी का रकबा दुरस्त करने की अपील की। शिकायत कर्ता काजल ने उपायुक्त से जच्चा बच्चा योजना के तहत लाभ दिलवाने का अनुरोध किया। कुलवंत कौर ने परिवार पहचान पत्र के संदर्भ में अपनी अपील की। इसी कड़ी में ऊझा के रामभज ने मैरिज प्रमाण पत्र की खामियों को दुरुस्त करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि उनके विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं का तत्परता से निदान किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों द्वारा शिविर में रखी गई समस्याओं पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का सभागार में निदान किया गया।

**समस्या का हल**
- नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के अधिकारियों को दिए निर्देश शिविर में पुलिस विभाग से जुड़ी समस्या का हल करने के लिए विभाग तत्परता :एसपी अजीत सिंह शेखावत
- समाधान शिविर के तीसरे दिन 112 समस्याएं विभिन्न नागरिकों द्वारा रखी गई

# लूट के मामले में आरोपियों को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम के लिए, चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के दौरान थाना नग्गल में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 7 जून 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए मुकदमा नम्बर 68 दिनांक 14 मई 2024 धारा 379बी थाना नग्गल मे दर्ज करके आरोपी लवप्रीत सिंह, संदीप कुमार निवासी गाँव जोदवा थाना चीका जिला कैथल, कमल कुमार निवासी गावँ भागल थाना चीका जिला कैथल व गुरविन्द्र निवासी गावँ दीवाना जिला कुरुक्षेत्र पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 08 जून 2024 को आरोपियो का 03 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया था जिनको न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया। इस मामले के सम्बन्ध में श्री धमेन्द्र निवासी ईस्माईलाबाद कुरुक्षेत्र ने 14 मई 2024 को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज करवाई थी।

**वारदात पर अंकुश**
- न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों का 03 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया था

# विदेश जाने के लिए केवल अधिकृत एजेंट से ही करें सम्पर्क: डीसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीसी डॉ. शालीन ने आमजन विशेषकर युवाओं का आह्वान किया है कि वे शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से शिक्षा, ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार समय-समय पर इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रायः देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि अनधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे कुछ मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है।

# युवती का डेबिट कार्ड बदलकर 40 हजार की नकदी निकाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गीता भवन चौक स्थित एटीएम पर नकदी निकालने आई युवती का डेबिट कार्ड बदलकर 40 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि जब वह एटीएम बूथ पर आई तो वहां दो व्यक्ति खड़े थे। जिन्होंने धोखाधड़ी से डेबिट कार्ड बदलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बैंयापुर निवासी सोनिया ने बताया कि वह मंगलवार को अपने पिता का डेबिट कार्ड लेकर गीता भवन चौक स्थित यूनियन बैंक के एटीएम बूथ पर आई थी। नकदी निकालने के दौरान बूथ पर मौजूद दो लोगों ने धोखे से उनका डेबिट कार्ड बदल लिया। बाद में उनके पिता के डेबिट कार्ड से पांच बार में 40 हजार रुपये की नकदी निकाल ली। घर जाने के बाद उन्हें धोखाधड़ी का पता लगा। जिस पर उन्होंने सिविल लाइन थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार को चोरी व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# समाधान शिविर में मौके पर हो रहा समस्याओं का समाधान





**टीम अक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह की पहल पर शुरू हुआ समाधान शिविर आमजन के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। अम्बाला जिला उपायुक्त कार्यालय में स्थित उपायुक्त कोर्ट में समाधान शिविर लगाया गया। इसकी अगुवाई एडीसी अपराजिता ने की और लोगों की समस्याओं को सुना। इसके अतिरिक्त सभी उपमंडल कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाया गया। वहां सभी एसडीएम ने शिकायतों को सुना।
अम्बाला उपायुक्त कोर्ट में लगे समाधान शिविर में एडीसी अपराजिता के समक्ष 36 शिकायतें आई। इनमें से 31 शिकायतों का निवारण मौके पर ही कर दिया गया जबकि 5 शिकायतों को संबंधित विभाग के समक्ष जल्द से जल्द निवारण के लिए भेज दिया गया। इन शिकायतों में 22 शिकायतें परिवार पहचान पत्र, 5 शिकायतें प्रोपर्टी आईडी और 9 शिकायतें पेंशन से जुड़ी थी। एडीसी अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिलास्तर और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा की गई इस पहल का आमजन अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सुबह 9 बजे से 11 बजे तक इस शिविर को लगाया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को लेकर इस शिविर में आ सकता है और अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है। समाधान शिविर में पहुंचे सुखविंद्र सिंह ने बताया कि मैं अपनी धर्मपत्नी कुलविंद्र कौर की बुढ़ापा पेंशन के लिए आया था। यहां पहुंचा तो एडीसी अपराजिता ने अच्छे से बात सुनी और फिर वहां मौजूद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को बोलकर मेरी पत्नी की पेंशन बनाने को लेकर निर्देश दिए। अधिकारियों ने तत्काल कागज लेकर इसे दूर किया और बुढ़ापा पेंशन की समस्या का समाधान किया।

# अलग-अलग तीन वारदातों में पांच-पांच हजार के ईनामी आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सोनीपत** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच-पांच हजार रुपये के ईनामी आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नाजीर मोहम्मद उर्फ नजरू निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश का है। आरोपित ने नाबालिग लड़की को अगवार किया था। मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था। तीसरे आरोपित पर पुलिस की तरफ से पांच हजार का ईनाम रखा था। पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया।
वहीं दूसरे मामले में जानलेवा हमला करने की वारदात में आरोपित व पांच हजार के इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनिल उर्फ मौला निवासी असारपुर का है। आरोपित पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने आरोपित पर पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
वहीं तीसरी वारदात में पुलिस ने जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित मोहित उर्फ मोती निवासी सलारपुर माजरा को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर गांव रेवली में जानलेवा हमला करने का आरोप था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपित वारदात के बाद से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपित पर पांच हजार का ईनाम रखा था।

**काबू**
- पुलिस ने आरोपितों को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

# जिला अस्पताल से 100 द्विवसीय एनीमिया मुक्त अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिला** को एनीमिया मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 दिवसीय एनीमिया मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत मंगलवार को नागरिक अस्पताल से सिविल सर्जन डा. जयकिशोर द्वारा की गई। अभियान जिला में ग्रामीण व शहरी स्तर पर टीमों का गठन किया जा चुका है। इन सभी टीमों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। इस अभियान के तहत पीएचसी, सीएचसी, नागरिक अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्रों व औद्योगिक क्षेत्रों में 4552 शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा फील्ड स्टाफ गांव स्तर पर स्क्रीनिंग टेस्ट भी करेगा। सोमवार को अभियान की शुरूआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर ने बताया कि इसके लिए छह टारगेटिड ग्रुप जिसमें 0-5 वर्ष, 6-9 वर्ष, 10-19 वर्ष आयु के लोगों के खून की जांच की जाएगी। विशेष रूप से स्तनपान कराने वाली व गर्भवती महिलाएं के खून की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला के 08 लाख 23 हजार लोगों की खून की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान अगर किसी व्यक्ति को एनीमिया पाया गया तो नागरिक अस्पताल द्वारा उसका ईलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत आयरन की गोलियां वितरित की जाएंगी और इसी तरह बच्चों के लिए सिरप भी वितरित किया जाएगा।

**जांच होगी**
- एनीमिया मुक्त अभियान के तहत जिला के 08 लाख 23 हजार लोगों के खून की होगी जांच

# घर के बाहर गली में खड़ी गाड़ी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव छतेहरा में घर के बाहर से गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। गाड़ी मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव छतेहरा निवासी विकास ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी को गत 10 जून को देर रात करीब 10 बजे घर के पास मंदिर के साथ खड़ी कर दिया। उसके बाद अच्छी तरह से लॉक करके घर चला गया। सुबह गली में खड़ी गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# 21 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा ज्येष्ठाभिषेक उत्सव





**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** उत्तर व दक्षिण भारतीय संस्कृति में एकजुटता कायम करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में 21 जून को ज्येष्ठाभिषेक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रवण नक्षत्र पर आयोजित होने वाले इस उत्सव के दौरान श्री तिरुपति बालाजी भगवान का 81 कलशों से महाभिषेक होगा। 81 कलशों के लिए यजमान बनाए जा रहे हैं। ये सभी यजमान महाभिषेक में विशेष भूमिका निभाएंगे। इस आलौकिक महाभिषेक के दर्शन करने के लिए हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु तिरुपति धाम पहुंचेंगे। 21 जून को प्रातः 10 बजे पूरे विधि-विधान से भगवान श्री तिरुपति बालाजी का महाभिषेक किया जाएगा। दोपहर एक बजे भक्तों में भोजन प्रसादी का वितरण होगा। सायंकाल भगवान की सवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु तिरुपति धाम में पहुंचकर अपने इष्ट के प्रति आस्था व्यक्त करेंगे।
ज्येष्ठाभिषेक उत्सव के दौरान भगवान श्री तिरुपति की पूजा व आराधना का विशेष महात्म्य है। विशेष बात यह है कि श्रवण नक्षत्र के देवता भगवान विष्णु हैं। इसलिए इस नक्षत्र में भगवान विष्णु के किसी भी रूप की पूजा-अर्चना व आराधना करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख व समृद्धि का समावेश होता है। श्री तिरुपति बालाजी भी भगवान विष्णु का स्वरूप हैं। इसलिए, श्रवण नक्षत्र में भगवान तिरुपति के महाभिषेक का विधान है। उत्सव के दौरान श्री तिरुपति धाम पधारने वाले श्रद्धालुओं को श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर के दर्शनों का भी अवसर मिलेगा।

**महाभिषेक**
- ज्येष्ठाभिषेक उत्सव में 21 जून को होगा भगवान तिरुपति बालाजी का महाभिषेक

# नागरिक अस्पताल में समस्याओं को अंबार, हर तरफ गंदगी के लगे ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल में समस्याओं का अंबार हर तरफ देखने को मिल रहा है। परिसर से लेकर शौचालयों में गंदगी आम बात है। परिसर के साथ-साथ आपातकालीन कक्ष की छत से पानी टपकने की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। आपातकालीन कक्ष के बाहर रखे डस्टबीन के साथ पड़ी गंदगी का समय पर उठान नहीं हो पा रहा है। अस्पताल परिसर में सफाई को लेकर हर माह लाखों रुपये खर्च किए जाते है, लेकिन उसके बावजूद परिसर में समस्याएं कम नहीं होने का नाम ले रही है। प्रबंधन की तरफ से कूड़े के समय पर उठान करने स डस्टबीन सहित शौचालयों में टूटी सीटों को ठीक करवाने का आश्वासन दिया है। बता दें कि नागरिक अस्पताल की ईमारत काफी पुरानी हो चुकी है। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष की छत से पानी टपकने के चलते ईमारत का खस्ता हालत में पहुंच चुकी है। वहीं अस्पताल में हर रोज मौजूदा समय में दो हजार के करीब ओपीडी रजिस्ट्रेशन दर्ज किए जा रहे है। अस्पताल में मरीजों को लंबी लाइनों में लगकर उपचार मिल पा रहा है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए लाइन, ओपीडी में लंबी लाइन, लैब में टेस्ट करवाने के लिए लंबी लाइन के साथ-साथ दवाइयां लेने के लिए मरीजों को लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। अस्पताल के मुख्य गेट पर ई-रिक्शा चालक अतिक्रमण करके बैठे हुए है। मरीजों को आने-जाने सहित एंबुलेंस को अंदर आने में समस्याएं सामने आ रही है। वहीं परिसर में पड़ी गंदगी में शरारती तत्व आग लगा देते है। गत दिनों पहले टीबी विभाग के सामने पड़े कूड़े में अज्ञात युवक ने आग लगा दी। जिसमें स्टाफ कर्मचारी की गाड़ी सर्तकता से बचा ली। वहीं आसपास के पेड़-पौधों को आग में झुलस गए। जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है।
**शौचालय की सीट टूटी, समय पर नहीं हो रही सफाई-** समाज सेवी संदीप बत्रा कानूनी सेवक एवम ज़िला संयोजक सड़क सुरक्षा संगठन सोनीपत हरियाणा द्वारा जन हित में अनुरोध करते हुए कहा कि नागरिक अस्पताल सोनीपत हरियाणा के परिसर में स्वच्छता के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। मरीजों की तरफ से तरफ से वार्डों में साफ सफाई की कमी विशेष तौर पर शौचालय में जाले नहीं साफ किए जाते। फटी हुई चादर बेडों पर मरीजों के लिए बिछाई जाती है। शौचालय में फ्लश टूटे हुए हैं। पेड़ पौधों को पानी समय पर नहीं दिया जा रहा है। परिसर के अदर की सड़के टूटी पड़ी है। सीवर सिस्टम में सुधार की जरूरत है, मुख्य गेटों के अंदर एवं बाहर अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है। अस्पताल परिसर में विभिन्न स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए है।

गेट के बाहर अतिक्रमण को लेकर निगम को पत्र लिखा जायेगा। साथ ही परिसर में सफाई को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए है। जल्द से जल्द परिसर में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कर दिया जायेगा। शौचालय में कुछ खामियां मिली है, जिन्हें जल्द से जल्द ठीक करवा दिया जायेगा। मरीजों के लिए हर संभव बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है।
**डा. गिन्नी लांबा, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।**

**गंदगी का अंबार**
- शौचालय में की सीट टूटी, परिसर में जगह-जगह भरा रहता है दूषित पानी
- छत से पानी टपकने की समस्या का नहीं हो पा रहा समाधान
- गंदी में शरारती तत्व लगा देते है आग, पेड़-पौधों को पहुंचाते है नुकसान

# सुप्रीम कोर्ट में होगा स्पेशल लोक अदालत का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आगामी 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्याय दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण प्रवीण ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस जो जिला अम्बाला से संबंधित पार्टियां है तथा विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने केस को निपटाना चाहती है तो वे 28 जुलाई से पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
सीजेएम प्रवीण ने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चैक बाउंस मामले (सेक्शन-138 एन.आई. एक्ट), दुर्घटना क्लेम मामले (मोटर दुर्घटना क्लेम), उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं अपराधिक), धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, भूमि विवाद मामले, अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# स्कॉरपियों छीनकर भागे लूटेरों को सीआईए टू ने लड़सौली गांव में गाड़ी सहित धर दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** लड़सौली गांव में दोपहर बाद उस समय सनसनी फैल गई जब गांव में पुलिस के साइरन बजती विभिन्न गाड़ियां व पुलिस के जवान गांव व खेत में लूटेरे के पीछे भागते नजर आए। इस दौरान ग्रामीणों ने आशंका जताई की कोई बड़ा मामला है। जिस तरह से गांव में सीआईए व पुलिस की अन्य टीम नजर आ रही है। गांव में जी टी रोड के फ्लाई ओवर के पास राजपुर गांव की तरफ जाने वाली सड़क व उसके साथ लगते खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते पर पुलिस ही पुलिस नजर आई। गांव के पास जब लूटेरो को गाड़ी को रास्ता नही मिला तो अचानक काले रंग की स्कारपियों




गाड़ी से उतरकर दो युवक भागने लगे तो सोनीपत की सीआईए टू की टीम ने इंस्पैक्टर अजय धनखड़ के नेतृत्व में टीम ने उनका पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। लूटेरों के पकड़े जाने के बाद पुलिस से ग्रामीणों को पता चला कि बुधवार को करीब 11 बजे बहादुरगढ़ ओमेक्स सिटी से ब्लैक स्कोरपियों को लूट कर भागे थे। लड़सौली गांव में पीछा कर रही पुलिस टीम से बचने के लिए लूटेरों ने भागने का प्रयास किया तो उन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर बाद सोनीपत में कन्ट्रोल रूम से सूचना मिली को बहादुरगढ़ की ओमेक्स सिटी से लूटी गई काले रंग की स्कारपियों सोनीपत में प्रवेश करने के बाद मुरथल से जी टी रोड की तरफ जा रही है तो सीआईए टू की टीम प्रभारी अजय धनखड़ के नेतृत्व में तुरन्त कार्रवाई करते हुए लूटेरों को पकड़ने का अभियान चलाया तो लूटेरे मुरथल से गाड़ी लेकर गन्नौर की तरफ भागने लगे। लड़सौली गांव के पास आते ही जब तेज गति से गाड़ी चलाने का मौका नही मिला और सीआईए की टीम बिल्कुल नजदीक आ गई तो एक लूटेरा गांव के अन्दर गलियों में भाग और दूसरा गांव के खेतों में, सीआईटीम ने कार्रवाई करते हुए दोनो का धर दबोचा। इसी दौरान आसपास के पुलिस स्टेशन से भी पुलिस पहुंच गई। मामले को लेकर सीआईए 2 के प्रभारी इंस्पैक्टर अजय धनखड़ ने बताया कि कन्ट्रोल रूम से सूचना के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए लूटेरो का पीछा किया। टीम के साथ उन्हें लड़सौली गांव से गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है। गाड़ी लूटकर पकड़े गए आरोपित की पहचान बहालगढ़ गांव के रोहित व बढ़खालसा गांव के त्रिथतिक के रूप में हुई। पुलिस ने पकड़े गए लूटेरो को मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए दोनो लूटेरों ने ओमेक्स सिटी में अभिषेक बरोणा से छीनी थी। अभिषेक उस समय अपने मकान पर जा रहा था। वह बहादुरगढ़ में रहकर अपना व्यवसाय कर रहा है।

# जन स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र में हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी कैंप कार्यालय करनाल जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान अशोक यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव राम रतन शर्मा ने किया। बैठक की जानकारी देते हुए राज्य चेयरमैन सत्यपाल वर्मा, राज्य उप कोषाध्यक्ष राम रतन शर्मा व जिला प्रधान अशोक यादव ने संयुक्त बयान में प्रमुख अभियंता आशीम खन्ना पर तानाशाही एवं सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार ने सेक्शन पोस्ट कर रखी है, खाली पदों पर सरकार प्रमोशन पर रोक लगा रखी है, एल.टी.सी. का



भुगतान नहीं हुआ है तथा सेवा नियमों की खामियों को दूर नहीं किया जा रहा है इत्यादि मांगों को लेकर 18 जून को कुरुक्षेत्र से जन स्वास्थ्य परिमंडल कैथल के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर प्रमुख अभियंता पंचकूला आशीम खन्ना का पुतला दहन करेंगे। उपरोक्त कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो सभी परिमंडलों पर धरना प्रदर्शन व पुतला दहन के कार्यक्रम होंगे। इस के बाद 4 जुलाई को रोहतक में यूनियन की राज्य परिषद की बैठक होगी। साथ सरकार के खिलाफ एक बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### मूव ने पेश किया मूव कूल

**नोएडा।** भारत के अग्रणी पेन रिलीफ ब्रांड मूव ने कोल्ड थेरेपी से प्रेरित एक क्रांतिकारी इनोवेशन मूव कूल को लॉन्च किया है। मेन्थॉल की कूलिंग पावर से भरपूर, इस नए प्रोडक्ट को एक्टिव लाइफस्टाइल से जुड़ी चोटों, मोच, खिंचाव और मांसपेशियों में दर्द के कारण होने वाले मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत देने के लिए डिजाइन किया गया है। दिसंबर 2021 में हुए रेकिट पेन इंडिया ऊ़ऋडिमांड सर्वे, जिसमें भारत के 4000 से अधिक उत्तरदाताओं ने हिस्सा लिया, इस सर्वे में शामिल करीब 8% उत्तरदाताओ ने बताया कि उन्हें हुए अधिकांश दर्द का कारण खेलकूद या व्यायाम रहे हैं। मूव कूल मांसपेशियों में दर्द, मोच और खिंचाव जैसी फिटनेस से जुड़ी चोटों को ठीक करता है। मेन्थॉल से भरपूर, मूव कूल बर्फ जैसी ठंडक का एहसास देता है*, जो दर्द से प्रभावित हिस्से को सुन्न करने में मदद करता है और 15 सेकंड में काम करना शुरू कर देता है**। लॉन्च के मौके पर बात करते हुए, कनिका कालरा, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, रेकिट साउथ एशिया ने कहा, "भारत के सबसे भरोसेमंद पेन रिलीफ ब्रांडों में से एक, मूव बीते कई दशकों से भारतीयों को उनके दर्द का मुकाबला करने में मदद कर रहा है। बदलती लाइफस्टाइल के बीच, स्पोर्ट एवं फिटनेस से जुड़ी चोटें बेहद आम हो चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर ग्राहक भी इंस्टेंट पेन रिलीफ के लिए नए-नए सॉल्यूशन की तलाश कर रहे हैं। ग्राहकों की इन जरूरतों को पूरा करने के लिए, हमें मूव कूल को पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। मूव कूल कोल्ड थेरेपी से प्रेरित एक खास फॉमूर्ला है जो मोच, खिंचाव और मांसपेशियों में दर्द जैसी चोटों के कारण होने वाले मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से लोगों को तुरंत राहत प्रदान करता है। यह लॉन्च हमारे ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे बेहतरीन सॉल्यूशन पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसी के साथ ही यह हमारे प्रोडक्ट इनोवेशन को और विस्तार प्रदान करता है।"

### एचएमडी ने शुरू किया नया कैम्पेन- भरोसा वही, शुरूआत नई

**नोएडा।** एचएमडी ने आज अपने बहुप्रतीक्षित एचएमडी 105 डिवाइस को भारत में लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी के शानदार उत्पादों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, एचएमडी 105 दरअसल एक बड़ी तकनीकी छलांग को दर्शाता है, क्योंकि इसमें लोगों को मिलती है शानदार परफॉर्मेंस, बेहद आकर्षक डिजाइन और ऐसी बेमिसाल खूबियां जो इसे इंडस्ट्री में सबसे आगे खड़ा करती हैं। फोन इनबिल्ट यूपीआई एप्लिकेशन के साथ आता है, जो एचएमडी फोन की विश्वसनीयता को यूपीआई की सुविधा और पहुँच के साथ जोड़ता है, जिससे



उपयोगकर्ता स्मार्टफोन के बिना भी सुरक्षित और सहज रूप से यूपीआई भुगतान लेनदेन कर सकते हैं। एचएमडी 105 फोन उद्योग की अग्रणी विशेषताओं के साथ आता है। इनमें शामिल हैं बेहतरीन मल्टीमीडिया सुविधाएं, वॉयस असिस्टेंस और इमर्सिव क्लैरिटी, बेहतर विजिबिलिटी और बड़ा डिस्प्ले। फोन एक साल की रिप्लेसमेंट गारंटी के साथ भी आता है, जो इसे उपयोगकताओं के लिए एक विश्वसनीय विकल्प बनाता है। एचएमडी ग्लोबल के वाइस प्रेसिडेंट-इंडिया और एपीएसी रवि कुंवर ने एचएमडी 105 की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए कहा, एचएमडी 105 और एचएमडी 110 स्टाइलिश नए डिजाइन और यूपीआई क्षमताओं के साथ भारत में लॉन्च होने वाले हमारे पहले फीचर फोन हैं। ये डिवाइस आसान और उपयोगी तकनीक प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

### डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड का आईपीओ 19 जून, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड ("डी पाइपिंग" या "कंपनी") इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में बुधवार, 19 जून, 2024 को अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) के कुल ऑफर में रु 3,250 मिलियन तक के नए निर्गम ("ताजा निर्गम") और 45,82,000 इक्विटी




शेयरों की बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल हैं। ("बिक्री के लिए प्रस्ताव")। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए कुल मिलाकर रु 10.00 मिलियन (रु 1 करोड़) तक का आरक्षण शामिल है ("कर्मचारी आरक्षण भाग")। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार, 18 जून, 2024 होगी। बोली/ऑफर सदस्यता के लिए बुधवार, 19 जून, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 21 जून, 2024 को बंद होगा ("बोली विवरण")।

# गढ़ी केसरी में फिर भरा नाले का दूषित पानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। नगरपालिका** की अनदेखी के चलते गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास सड़क पर फिर से नाले का दूषित पानी का जमाव हो गया है। ऐसे में स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका के खिलाफ विरोध करते हुए एसडीएम से गंदे पानी की निकासी का स्थाई समाधान करवाने की मांग की है। स्थानीय निवासी प्रदीप कौशिक, चंद्रभान कौशिक, भगवत दयाल कौशिक, मुकेश शर्मा, संदीप, रमेश आदि ने बताया कि कंठी माता मंदिर के पास नाले का दूषित पानी सड़क पर भर जाता है। नगरपालिका द्वारा नाले की दीवार भी पक्की करवा



दी, लेकिन फिर भी पानी ओवरफ्लो हो जाता है। उन्होंने बताया कि नाले की सफाई उचित ढंग से न होने की वजह से यह समस्या बार-बार हो रही है। उन्होंने बताया कि इस बारे में वे कई बार नगरपालिका से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नही रहा। दूषित पानी के जमाव से वहां रहना भी दुर्भर हो गया है। साथ लगते घरों के लोग बीमार रहने लगे हैं। उन्होंने बताया कि कंठी माता पार्क में गढ़ी केसरी के लोग के समारोह का आयोजन करते हैं। ऐसे में समारोह में आने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने एसडीएम से नालो की सफाई करने की गुहार लगाई है।

**पार्षद खुद करवाएंगे निकासी का समाधान**

गढ़ी केसरी वार्ड पार्षद अंकित त्यागी ने बताया कि पानी निकासी के लिए बने नाले में हर बार यही समस्या पैदा होती है। नगरपालिका द्वारा इसका समाधान नहीं करवाया गया तो निकासी के लिए पाइप दबा कर उसे जोहड़ में छोड़ दिया गया था, जिससे इस समस्या का हल हो गया था। अब किसी शरारती तत्व ने उस पाइप में कुछ फंसा कर उसकी निकासी को रोक दिया।

# प्रो. मुकेश बने इलेक्ट्रानिक साईंस के विभागाध्यक्ष बने

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग के प्रोफेसर





मुकेश कुमार को 22 जून से आगामी तीन वर्षो के लिए इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इसके साथ ही प्रोफेसर मुकेश कुमार एकेडमिक काउंसिल व फैकल्टी ऑफ साइंसेज के सदस्य होंगे तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी होंगे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार इतिहास विभाग के प्रोफेसर एसके चहल के इतिहास विभाग के अध्यक्ष के कार्यकाल को 13 जून से आगामी एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है।

# मारकंडा नेशनल कॉलेज परिसर में किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंडा : मारकंडा** नेशनल कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार के निर्देशन में प्रजापिता ब्राकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा पौधारोपण किया गया। स्थानीय सेवा केन्द्र की प्रभारी राजयोगिनी नीति दीदी ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर बीके निजा, प्रो. सुनील गुप्ता, शशि गुप्ता, पवन परूथी, आरती, शैलजा, ज्ञान चन्द भी मौजूद थे। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने प्रजापिता ब्राकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा महाविद्यालय में पौधारोपण करने की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। बीके नीति दीदी ने स्थानीय सेवा केन्द्र द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने हेतु प्रण करवाया।

# हंगामा डिजिटल मीडिया और भामला फाउंडेशन ने भूमि नमस्कार एंथम को लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। हंगामा डिजिटल मीडिया और भाम**ला फाउंडेशन ने आज हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बहुप्रतीक्षित भूमि नमस्कार एंथम के लॉन्च की घोषणा की। इस कार्यक्रम में भामला फाउंडेशन के अध्यक्ष आसिफ भामला, हंगामा डिजिटल मीडिया के संस्थापक नीरज रॉय विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में शामिल होने वाली अन्य हस्तियों में आर बाल्की, शान, प्रसून जोशी, भूमि पेडनेकर, शंकर महादेवन, शेखर रवजियानी, श्यामक डावर और नीति मोहन शामिल थे। भूमि नमस्कार एंथम पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण के साथ तालमेल वाली जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की एक बेहतरीन पहल है। इस प्रेरक गीत के लिए




इंडस्ट्री की कुछ बेहद प्रतिभाशाली और सम्मानित हस्तियां एक साथ आईं और इन सभी लोगों ने इस नेक काम को आगे बढ़ाने के लिए अपनी आवाज और रचनात्मक ऊर्जा लगाई। गीत के बोल, प्रकृति के साथ तालमेल से रहने की सीख देने वाले, पर्यावरण की रक्षा की जरूरत पर जोर देने वाले और प्रकृति के साथ तालमेल से रहने वाली जीवनशैली से होने वाले फायदों के बारे में बताने वाले हैं। इस गीत के संगीत में विभिन्न शैलियों का प्रभाव है और यह बताता है कि पर्यावरण की देखभाल दुनिया के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

जाने-माने लोगों को एक साथ लाकर, भूमि नमस्कार एंथम न केवल यह दर्शाता है कि पृथ्वी की देखभाल करना कितना जरूरी है, बल्कि लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव करने के लिए भी प्रेरित करता है।

# डिकाडला के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**अपनी** मांगों को लेकर लेक्चरर वल्फेयर एसोसिएशन (लवा) का एक प्रतिनिधिमण्डल मुख्य संरक्षक डा० रविन्द्र डिकाडला के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से चंडीगढ़ स्थित सचिवालय में मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में लवा के राज्य प्रधान महाबीर गहलावत, संरक्षक सुनीत नेहरा, महासचिव विक्रम बैनीवाल, जिला पानीपत के प्रधान राजेश मलिक, जिला पंचकूला के प्रधान कृष्ण कुमार शामिल रहे। संगठन ने शिक्षा मन्त्री से आग्रह किया कि स्कूल मे पी.जी.टी. के पदनाम को बदलकर वापिस लैक्चरर किया जाये।

# सीएए एसो. ने गोहाना को जिला बनाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहानाः सीए एसोसिएशन** गोहाना के सदस्यों ने बुधवार को बैठक का आयोजन किया। बैठक सीए नवीन गर्ग के कार्यालय पर आयोजित की गई। गोहाना को जिला बनाने की मांग को लेकर बैठक में चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्मबीर लठवाल ने की। सीए कर्मवीर लठवाल ने कहा कि भाजपा ने गोहाना को जिला बनाने का वादा किया था। भाजपा ने गोहाना की जनता के साथ धोखा किया है। भाजपा का दूसरा कार्यकाल भी खत्म होने को है। लेकिन गोहाना को जिला नहीं बनाया गया है। भाजपा ने गोहाना को जिला बनाने के वादे के साथ वोट लिया था।



गोहाना हरियाणा की सबसे पुरानी तहसील है। इस शहर को तहसील का दर्जा 1826 में अंग्रेजों के शासनकाल में मिला था। गोहाना तहसील, हरियाणा राज्य बनने से भी पहले की तहसील है। हरियाणा में इसके बाद बनने वाली बहुत सी तहसील जिला बन चुकी है। गोहाना की जनता को अपने प्रशासनिक कार्य के लिए सोनीपत जाना पड़ता है, जो कि गोहाना से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर है।

इससे गोहाना की जनता के समय और पैसे दोनों का नुकसान होता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल 22 जून को महान संत कबीरदास की जयंती पर गोहाना आ रहे हैं। उनके सामने गोहाना को जिला बनाने की मांग रखी जाएगी। इस अवसर पर सीए नवीन गर्ग, सीए सुभाष फॉर, सीए सौरभ गोयल, सीए आदित्य गोयल आदि मौजूद रहे।

# शिविर श्रृंखला में मातृ शक्ति को कराया गया योग अभ्यास



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा बुधवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ज्योति नगर की महिला योग इकाई को योग प्रशिक्षण शिविर में योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के परामर्श दाता डॉ. चक्रपाणि आर्य, पीआरओ मनोज, योग भारती के जिला सचिव जगतार सिंह एवं पीजी स्कॉलर मौजूद रहे। योग शिक्षक योगेंद्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य को बरकरार रखने के लिए आसनों के साथ-साथ प्राणायाम का अभ्यास बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसमें श्वासों को लेना यथा संभव रोकना और धिरे-धिरे बाहर छोड़ना पूरक कुंभक रेचक कहलाता है।

# एसडीएम डा. निर्मल नागर ने टीन शैड हटाने के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 660, 639 व 247 नंबर फैक्ट्रियों में लगी आग के मामले में एसडीएम ने संज्ञान लिया है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने फैक्ट्रियों का निरीक्षण कर फैक्ट्रियों के बिल्डिंग प्लान के हिसाब से न मिलने पर टीन शैड से कवरर्ड मिलने के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के अधिकारियों की कार्यालय में बैठक ली और अधिकारियों को सबसे पहले आगजनी वाली फैक्ट्रीयों में पूरी तरह से कवरर्ड टीन शैड को हटाने के सख्त आदेश दिए। इसके बाद एसडीएम ने अधिकारियों को कहा कि इसके बाद वे सभी फैक्ट्रीयों में अभियान चलाए और बिल्डिंग प्लान के



हिसाब से नही पाए जाने व टीन शैड लगाने वालों के शैड हटवाएं ताकि आगजनी की घटना होने पर जान-माल का नुकसान न हो। ज्ञात रहे कि निरीक्षण के दौरान पाया कि 639 नंबर आयुर्वेदिक दवा की फैक्ट्री का निर्माण नियमानुसार नहीं किया गया था। फैक्ट्री का पिछला हिस्सा पूरी तरह से कवर कर रखा है। ऐसे में आगजनी की घटना होने पर काफी नुकसान हुआ। गत रविवार की रात 660 नंबर रबड़ फैक्ट्री में आग लग गई थी। इसके बाद आग ने पीछे लगती 639 नंबर आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री को भी चपेट में ले लिया था। दमकल की गाड़ियों ने तीनों कंपनी में लगी आग को काबू पाया था।

**पेपकोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 247 नंबर फैक्ट्री की दोनो तरफ टीन शैड कवरर्ड को हटाए**

- एसडीएम ने एचएसआईआईडीसी के सम्पदा अधिकारी विनोद कत्याल व एक्सईन जसबीर देशवाल व अन्य को आदेश दिए कि निरीक्षण में मिला कि 247 नंबर पेपकोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री पूरी तरह से टीन शैड लगाकर पूरी तरह से बंद की गई है। जब कि यह नियमों की अवहेलना है। ऐसे में अगर बड़ी आगजनी की घटना हो जाती है तो कंपनी के अन्दर कोई भी दमकल कर्मी अन्दर जाने की हिम्मत जुटा पाएगा और आग लगने का खामियाजा आसपास की कंपनी को भी भुगतना पड़ेगा।

**औद्योगिक क्षेत्र में आग के बढते मामलों को देख कोताही बर्दास्त नही :** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में आगजनी के बढते मामलों को देखते हुए एसडीएम ने अधिकारियों को कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में आग के बढते मामलों को देख खुद उद्योगपतियों को अपनी व अपने कर्मचारियों व नुकसान के दृष्टिगत नियमों की पालना करना चाहिए ताकि आगजनी व अन्य घटना हो जाए तो उस पर काबू पाया जा सके।

# एसडीएम ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। महात्मा गांधी** ग्रामीण बस्ती योजना को लेकर एसडीएम डा. निर्मल नागर ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में तहसीलदार सुमन लता, नायब तहसीलदार गजे सिंह, बीडीपीओ पूनम चंदा, एसईपीओ जयभगवान उपस्थित रहे। एसडीएम ने कहा कि प्लाट आवंटन से वंचित रह गए पात्र लोगों को जल्द से जल्द प्लाट दिए जाने हैं। ऐसे में सभी औपचारकताएं पूरी करके कब्जा कागजात उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें। गन्नौर ब्लाक में करीब 416 लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लाट सौंपे जाने हैं। उन्होंने आदेश दिए कि जिन प्लाटों पर गैर कानूनी कब्जे



में उन्हें एक दिन के भीतर छुड़वा कर उन्हें कब्जा मुक्त करवाएं, अगर कोई समस्या आती है तो उसको दूर कर दिया जाएगा। एसडीएम ने एक दिन के भीतर अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। उन्होंने तहसीलदार सुमन लता,

**बैठक**

**एसडीएम ने कहा कि प्लाट आवंटन से वंचित रह गए पात्र लोगों को जल्द से जल्द प्लाट दिए जाने हैं**

नायब तहसीलदार गजे सिंह को निर्देश दिए कि वह लाभार्थियों के प्लाटों की रजिस्ट्री भी प्राथमिकता के आधार पर करें। उपायुक्त के आदेशानुसार तीन दिन के भीतर सभी लाभार्थियों को प्लाट सौंपे जाने ऐसे में किसी भी प्रकार की ढील के लिए कोई स्थान नहीं है।

# भाजपा दिल्ली प्रदेश ने किया दिल्ली की जनता का आभार

## दिल्ली में मिली बड़ी जीत के लिए तिलकराज कटारिया की पीठ थपथपाई







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के कुशल नेतृत्व में तथा संगठन महामंत्री पवन राणा के मार्ग निर्देशन में दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार भी दिल्ली की सातों लोक सभा जीत कर इतिहास रच दिया और दिल्ली की जनता को शत-शत नमन करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति दिल्ली की जनता का यह अनुराग प्यार और आशीर्वाद देने के लिए आप सबका ह्रदय से धन्यवाद करते हैं ।

विशेष उलेखनीय परिणाम यह भी हैं कि दिल्ली की 70 विधानसभाओं में से 52 विधानसभाओं पर भाजपा को विजयी बना कर जनता ने यह संकेत भी दे दिया कि केजरीवाल साहब के दिन अब लद गए हैं। केजरीवाल साहब ने 21 दिनों की जमानत करवा कर दिल्ली को गुमराह कर अपने झूठ से करिश्मा दिखाने के झूठे कंपैग्न व भाषणों की भी पोल खोल कर आम आदमी पार्टी को बेनकाब कर दिया और दिल्ली की 12 एससी विधानसभाओं में से केजरीवाल जिसे अपना स्ट्रॉंग होल्ड समझते थे उसमें भी भाजपा ने 9 विधानसभाएँ जीत केजरीवाल के खेमे में सेंध मार कर भाजपा का परचम फहरा दिया है। भारतीय जनता पार्टी की बूथ प्रबंधन टोली ने जिसमें सभी लोक सभा बूथ प्रबंधन संयोजक एवं ज़िला बूथ प्रबंधन संयोजक तथा सभी 256 वार्डो के बूथ प्रबंधन संयोजकों ने प्रदेश टोली के संयोजक व सह संयोजक क्रमश तिलक राज कटारिया व विवेक त्यागी के विशेष सानिध्य सहयोग से मिलकर तथा सभी लोक सभा विस्तारको के सहयोग से बूथ स्तर पर जो इंटेंसिव संपर्क किया वह एक सराहनीय प्रयास हुआ। 3823 के शक्तिकेंद्रों के अन्तर्गत 13637 पोलिंग बूथ पर 40911 त्रिदेव रूपी कार्यकर्ताओं की योजना करते हुए सभी बूथो पर 265655 पन्ना प्रमुखों की टीम के द्वारा दिल्ली के हर बूथ के मिलाकर 38 लाख परिवारों में प्रधानमंत्री की 10 वर्षीय कार्यकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियां का पत्रक घर-घर पहुँचाया गया। हर बूथ पर 15227 वाट्सऐप ग्रुप बनाकर 501021 लोगों को भाजपा की योजनाओं से अपडेट करने का काम पूरा किया। सारथी बूथ कनेक्ट ऐप के माध्यम से 3745 शक्ति केंद्रों के साथ संजीवता निर्माण करने का सफल प्रयास किया गया। हर बूथ को सक्रिय बनाए रखने हेतु हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ हर बूथ पर आयोजित करते हुए 205825 परिवारों को अपने संपर्क में बनाए रखने में सफलता प्राप्त की। हर बूथ पर प्रधानमंत्री के लाभार्थी योजनाओं को पहुँचाने का कार्य किया गया और 61 हजार से अधिक परिवारों को लाभार्थी योजना की जानकारी दी गई। प्रदेश व लोक सभा एवमं ज़िला विधानसभा तथा मण्डल टोली तक लगभग 3.5 लाख कार्यकर्ताओं ने जी तोड़ मेहनत की जिसके परिणामक स्वरूप इंडी गठबंधन के सारे मंसूबे धाराशाही हो गए।

बूथ के सभी पन्ना प्रमुखों ने घर-घर परिवार पर्ची बांट कर तथा बूथ जागरण एवं अनुवर्ति प्रणाली अभियान के माध्यम से मतदान के सुबह 4 बजे से सुबह 6.30 बजे तक साढ़े तीन लाख कार्यकर्ताओं को जगाकर सब को समय से अपने-अपने मोर्चे पर तैनात करने की योजना भी स्फूर्तिदायक सिद्ध हुई। सुबह 4 बजे पहली काल प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा शुरू की गई उसके बाद सभी ने अपनी-अपनी चेन को जगाकर अपने-अपने मोर्चो को तैयार कर दिया। यह टीम वर्क का ही कमाल था सुबह से शाम तक सभी कार्यकर्ता डट कर खड़े रहे। इन ऊजार्वान टीम सहित जन जन के आशिर्वाद के लिए दिल्ली प्रदेश आभार है। भाजपा दिल्ली प्रदेश बूथ प्रबंधन टीम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी का भी आभार व धन्यवाद व्यक्त करते है कि उन्होंने दिल्ली से बूथ टोली के एक प्रमुख कार्यकर्ता व सांसद हर्ष मल्होत्रा को परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री बना कर बूथ प्रबंधन विभाग को जो सम्मान दिया है।

# प्रदेशाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने किया राधा कृष्ण मंदिर पर हवन व भंडारे का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** दिल्ली के जीटी करनाल रोड़ स्थित बाईपास के पास बने राधा कृष्ण मंदिर में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पंजाब प्रभारी देवेन्द्र यादव ने अपने पूज्य पिता महेन्द्र यादव की स्मृति में हवन व भंडारे का आयोजन किया। आपको बतों दें कि देवेन्द्र यादव द्वारा प्रत्येक माह की 12 तारीख को हवन व भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर अशोक यादव, जयप्रकाश राणा, अजय यादव, बालेराम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सांसद गिरीराज सिंह को भारत सरकार में कपड़ा मंत्री बनाए जाने पर उनको बधाई देते हुए शालीमार बाग के पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर व अन्य।

# जनता दरबार लगाकर पार्षद ने सुनीं जनता की समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी अपने वादों पर खरे उतर रहे है और जनता की समस्याओं पर ध्यान दे रहे है ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर निगम पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि कौशलपुरी में जनता दरबार लगाकर जनता की जो भी समस्याएं थी, उनको सुना गया और समाधान का आश्वासन दिया गया। पार्षद सुशील जोंटी ने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता दरबार लगाकर जनता की जो भी समस्याएं है उनका समाधान किया जा रहा है। श्री जोंटी ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पीने के पानी को तरस रहें हैं लोग'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** करावल नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि बुराड़ी विधानसभा में पिछले कई दिनों से जल आपूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है जिसके चलते क्षेत्रीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां तक कि लोग पलायन के बारे में भी विचार करने लगे हैं। इन सब की जानकारी मुझे कुछ अलग-अलग कालोनियों के निवासियों ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर व फोन द्वारा दी गई है। आम जनों को हो रही मुश्किलों को देखते हुए जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने दिल्ली के उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री कार्यालय



और दिल्ली जल आपूर्ति मंत्री आतिशी को पत्र लिखकर क्षेत्र में सुचारू रूप से साफ पानी की सप्लाई करने की मांग की है।

आदेश भारद्वाज ने बताया कि उनको पिछले कई दिनों से मुकुंदपुर, कंडक्टर कालोनी, बाबा कालोनी, सुनील कालोनी, तोमर कालोनी, अजीत विहार, प्रधान एन्कलेव, अमृत विहार, संतनगर व झड़ौदा जैसे इलाको से कुछ लोगों के यहां पर पानी ना आने, टैंकर सप्लाई न होने और कई जगह पानी तो आया लेकिन पाइप लाइनों से गन्दा पानी सप्लाई होने के फोन आ रहे थे, जबकि कई लोगों ने व्यक्तिगत रूप से भी इस समस्या से अवगत कराया। मुझे लोगों ने बताया कि उनको मजबूरीवश प्राइवेट पानी सप्लायरों से बोतल जार का पानी खरीदकर प्रयोग करना पड़ रहा है। आदेश भारद्वाज ने कहा कि जान लेने को आमादा 49 डिग्री तापमान के बावजूद लोगों को पीने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है और अगर किसी इलाके में पानी आता भी है तो बहुत ही ज्यादा गन्दा व बदबूदार, कच्ची कॉलोनियों में कई-कई दिनों तक पानी टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं। साथ ही गंभीर विषय यह भी है कि जो मजबूर लोग पानी खरीद नहीं सकते उनको मजबूरी में हैंडपंप का दूषित पानी पीना पड़ रहा है जो कई तरह के असाध्य रोगों को बढ़ावा देगा जोकि एक सोचनीय विषय है।


मैं आपके अखबार के माध्यम से भी उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री कार्यालय से और जल बोर्ड मंत्री व जलबोर्ड के तमाम अधिकारियों से अपील करता हूँ कि बुराड़ी के साथ-साथ पूरी दिल्ली में पानी की सप्लाई सुचारु रूप से करवाए।

# राष्ट्रीय पक्षी मोर को लेकर सत्यपाल ने उपनिदेशक को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि शालीमार बाग में काली मंदिर के साथ सटे दिल्ली विकास प्रधिकरण के चमारी वाला पार्क में सौन्दर्यकरण का कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है, मगर पार्क के विकास के नाम पर राष्ट्रीय पक्षी मोर के लिए जो झाड़ियां है उसे तोडा जा रहा है।

श्री शर्मा ने आगे बताया कि इस भंयकर गर्मी में बेजान पक्षी कहा जायेगें। उन्हें सिर छिपाने के लिए जगह तो चाहिए ही। डीडीए को इतना असंवेदनशील तो नहीं होना चाहिए।



जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने डीडीए के बागवानी विभाग उप निदेशक को पत्र लिखकर इस प्रकार की कार्रवाही का विरोध किया है तथा अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय पक्षी मोर के रहने के लिए उचित स्थानों की रक्षा करते हुए पार्क का सौन्दर्यकरण किया जाये।

# खंडेलवाल की जीत पर आभार कार्यक्रम आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वार्ड नंबर-55 शालीमार बाग के धरना कैंप, बूथ नंबर-87 सेवा बस्ती में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के भारी मतों से जीतने पर सभी सेवा बस्ती के निवासियों का प्रवीण खंडेलवाल की भतीजी पूनम खंडेलवाल द्वारा सभी कार्यकर्ताओ व सेवा बस्ती के भाइयों-बहनों का धन्यवाद किया गया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर के अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव, वीरेंद्र सिंह पिंटू, संघ से लालू, चंदन, अमर, डेजी, रमिता झा, सीमा, बसंती, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा नागर, गुड्डी, आशा, उर्मिला, बृंदा व अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर पूनम खंडेलवाल ने कहा कि यह जीत प्रवीण खंडेलवाल की जीत नहीं, बल्कि यह आप सभी की जीत है, मैं आप सभी से कहना चाहती हूं कि आप सभी की जो भी समस्याएं होगी, उसका तुरन्त समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने भी जनता का स्वागत किया और कहा कि आप सभी ने जो भाजपा के समर्थन में वोट किया है, मैं उसके लिए आप सभी का आभारी हूं। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# ट्रस्ट के अध्यक्ष ने जन-जागरुकता अभियान का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नेशनल चाइल्ड एंड वूमन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर भारत में बाल मजदूरी उन्मूलन का संकल्प लेकर और जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। वत्स ने कहा कि ट्रस्ट के प्रयासों से पिछले कई वर्षों में बाल मजदूरी कर रहे सैकड़ों बच्चों के अभिभावकों को समझा बुझाकर उनको सरकारी स्कूलों में प्रवेश कराया गया। इस अभियान में सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षकों का बड़ा योगदान रहा है। भारत में गरीबी के कारण बच्चों को काम पर लगा दिया जाता है जिसका फायदा उठाकर ठेकेदारों द्वारा उनका शोषण हो रहा है। समाज में जन जागरूकता बढ़ाकर ही इस समस्या का हल किया जा सकता है। बाल श्रम में लगे बच्चों को हर हाल में स्कूलों में प्रवेश कराना ही ट्रस्ट का ध्येय है। सरकार की ओर से भी सार्थक प्रयास हो रहे हैं।

बाल श्रम का उन्मूलन सामूहिकता से ही संभव है। ट्रस्ट के इस जन जागरुकता अभियान में मजदूरी कर रहे बच्चों के माता पिता को शिक्षा का महत्व बताकर ही उन्हें स्कूलों तक लाया जाएगा। यह काम इतना आसान नहीं है फिर भी हम प्रयास करते रहेंगे।

# नल से जल नहीं, निकल रही है तो बस हवा: पंचायत संघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ व दिल्ली ग्राम विकास पंचायत ने दिल्ली देहात व गांवों में बढ़ते बिजली पानी संकट पर आक्रोश व्यक्त किया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली सरकार 10 वर्षो में दिल्ली देहात गांव ग्रामीणों को फ्री बिजली व पानी देने की बजाए पैसो में भी नहीं दे पाई है। दिल्ली के सभी प्रकार के जल स्त्रोतों को संरक्षित व विकसित नहीं कर पाई। हर घर नल से जल देश की राजधानी में ये बिजली आफ, पानी पूरा मुफ्त देने वाली सरकार नहीं पहुंचा पाई है। इसकी जिम्मेवारी लेते हुए आप के मुखिया दिल्ली देहात गांव ग्रामीणों से माफी मांगें। दिल्ली ग्राम विकास



पंचायत के महासचिव डा रामनिवास सहरावत ने कहा की गांवों में लाल डोरा, विस्तारित लाल डोरा, 20 प्वाइंट प्रोग्राम की प्रोपर्टी व अनधिकृत कॉलोनियों में बिजली के कनेक्शन लेना बढ़ा मुश्किल हो रहा है। इसके लिए उपराज्यपाल दिल्ली से मांग की कि सभी को बिजली पानी कनेक्शन सुगमता से मिल सके।

# अलीपुर: विहिप बजरंग दल का जम्मू की घटना के विरोध में प्रदर्शन

**नई दिल्ली /एक्शन इंडिया**

**विश्व** हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा आज पूरे भारत में जम्मू में माता वैष्णो देवी दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले के बाद प्रदर्शन किया। साथ ही हर राज्य के जिले में दंडाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपति को संबंधित ज्ञापन भी दिया। इसी कड़ी में बाहरी उत्तरी दिल्ली के अलीपुर में दंडाधिकारी कार्यालय पर विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला उत्तरी विभाग एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने पहुंचकर आतंकियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा, वहीं ज्ञापन में आतंकियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की






मांग की। आपको बता दें 9 जून को शिवखोड़ी से कटरा जा रही बस पर आतंकियों ने फायरिंग कर दी, जिसमें 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 41 श्रद्धालु घायल हैं। श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया गया। अलीपुर में हुए प्रदर्शन के दौरान विहिप उत्तरी विभाग सह मंत्री मनोज बंसल ने कहा कि जिस प्रकार से श्रद्धालुओं की बस पर आतंकियों ने हमला किया है वह बेहद शर्मनाक है। सिर्फ एक जिहादी मानसिकता वाले लोग ही ऐसा कर सकते हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है, जिस दिन देश की नई सरकार के शपथ ग्रहण के समय इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देकर इस्लामी आतंकवादियों ने देश की संप्रभुता को चुनौती दी है। जिसको विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से महामहिम से मांग करता है कि इस घटना पर कठोर कदम उठाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश दें। विरोध प्रदर्शन में विहित उत्तरी विभाग अध्यक्ष नरसिंह सहरावत, उत्तरी विभाग सह मंत्री मनोज बंसल, बुराड़ी जिला अध्यक्ष कंदर्प गुप्ता, बजरंग दल नरेला जिला मंत्री कुलदीप मान, कपिल गोड, प्रवीन गुप्ता, गीता, विपुल त्यागी, लतेश दहिया, उषा तोमर, रिया प्रभाकर, सतीश, विकास गोड, जमुना दत्त गोड,अजय भारद्वाज, नवीन मल्होत्रा सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में गरीबों का हक छीनने का काम किया है: बजरंग गर्ग

खिलवाड़

▶▶भाजपा सरकार ने नौकरी देने के नाम पर युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है- बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश भर में 7,755 लाभार्थियों को प्लांट के पत्र देकर प्रदेश की जनता को बरगलाना चाहती है जबकि हुड्डा सरकार ने गरीबों के हित में अनेकों योजनाएं चालू की थी जिसमें गरीब 3 लाख 82 हजार परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लांट, 20 रुपए किलो दाल, 2 रुपए किलो गेहूं, 3 रुपए किलो चावल? व 10 लाख से ज्यादा गरीब परिवारों के घर में पीने के पानी की पाइपलाइन, टूटीं व 200 लीटर की टंकी फ्री लगाने का काम किया परंतु हरियाणा में 2014 से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने पर मनोहर लाल खट्टर ने गरीबों के हित के सभी योजनाएं बंद कर दी। अब भाजपा सरकार आगामी विधानसभा में अपनी हार को देखते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा जो 3 लाख ओर गरीब परिवारों को प्लांट देने थे जिसके जमीन की निशान देही कर ली गई थी मगर भाजपा सरकार ने प्लाट देने की योजना को बंद कर गरीबों को बेघर करने का काम किया है। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश में फिर से 100-100 गज के प्लांट के साथ दो कमरे बनाकर गरीबों को दिए जाएंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार ने अपने पौने 10 साल के राज में गरीबों के हक को छीनने का काम किया और कांग्रेस पार्टी द्वारा गरीबों के हित में जो योजनाएं लागू की थी उसे बंद करने का काम किया। अब भाजपा सरकार भी मान चुकी है कि कांग्रेस पार्टी की योजनाएं गरीबों के हित में थी। भाजपा ने मान लिया है कि कांग्रेस की योजनाओं को बंद कर-के नुकसान उठाना पड़ा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार ने पोर्टल लागू करके किसान, आढ़ती व मजदूरों को बर्बाद करने का काम किया है और प्रॉपर्टी आईडी लागू करके प्रदेश की जनता को 2 साल से लाइनों में लगा रखा है यहां तक की परिवार पहचान पत्र नहीं परिवार परेशान पत्र हरियाणा में लागू करके जनता को पूरी तरह से परेशान करने का काम किया। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों के हित में आज तक कोई काम नहीं किया। भाजपा ने देश व प्रदेश में महंगाई बढ़ाकर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने का काम किया है।

# श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में सच्चे मन से मांगी गई मुराद होती पूरी: महाराज

अनुष्ठान

▶▶- बीड़ बबरान धाम में अखंड ज्योति अनुष्ठान जारी, श्याम बाबा के दरबार के दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**

महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ जारी है। इस अनुष्ठान के दौरान हथेली पर जागृत की गई ज्योति व श्याम बाबा के दरबार के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला जारी है। बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा द्वारा हथेली पर जगाई गई बाबा की ज्योति देखकर श्रद्धालु नतमस्तक हो रहे हैं।



विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर रात्रि संकीर्तन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संकीर्तन में श्याम बाबा की महिमा का गुणगान सुनकर वे भावविभोर हो गए।

इस अवसर पर महंत महाराज विनोद शर्मा ने कहा कि भक्तों के कष्टों के निवारण के लिए 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। यह अनुष्ठान 18 जून तक जारी रहेगा।

18 जून की रात्रि को भव्य संकीर्तन किया जाएगा। इस संकीर्तन में देशभर से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान सच्चे मन से मांगी गई मुराद अवश्य पूरी होती है।

बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान व संकीर्तन में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं को महाभारतकालीन पीपल का वृक्ष भी देखने का अवसर मिला। यह वृक्ष वीर बर्बरीक के शौर्य की याद दिलाता है। इसके साथ ही भक्तों ने बीड़ बबरान धाम में शिव परिवार, अखंड जोत, धूणा, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन किए।

## संक्षिप्त खबरें

### शमलेच के समीप बाईपास पर पलटा चावल से भरा ट्रक

**मनीष**

**सोलन :** कालका-शिमला नेशनल हाइवे पांच पर शमलेच बाईपास पर चावल से भरा ट्रक पलट गया। इसके कारण फोरलेन पर एक लेन बंद हो गई है। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ। यह ट्रक नारायणगढ़ से फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के चावल लेकर सोलन आ रहा था। सोलन एफसीआई के गोदाम में चावलों को उतरना था। जब ट्रक सुबह सोलन से कुछ दूरी पर शमलेच के पास पहुंचा तो आगे चल रही टैंपो ट्रैवलर ने अचानक ब्रेक लगा दी। इसे देखते हुए ट्रक चालक ने ट्रक को दूसरी तरफ के लिए काटा तो नियंत्रण खो बैठा और ट्रक डिवाइडर से टकराता हुआ पलट गया।गाड़ी के मालिक विभु बक्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि रात करीब 3 बजे की घटना है जब ट्रक के आगे चल रहे टैम्पो ट्रेवलर ने अचानक ब्रेक लगा दी जिसे बचाने के चक्कर में ट्रक चालक ने ब्रेक लगाई और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। फिलहाल घटना में चालक पूरी तरह से सुरक्षित है।

### सेल्समैन की हत्या करने के मामले में पुलिस को मिली बडी कामयाबी।

**जुलाना** थाना के अंतर्गत गाँव जयजयवंती में हुए शराब ठेके के सेल्समैन की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दीपांशु उर्फ काली व विजय वासी जयजयवंती के रूप में हुई है।

मामले में जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक रोहताश ढुल ने बताया कि दिनांक 09.06.2024 को पुलिस को सूचना मिली कि आनंद वासी जयजयवंती की हत्या कर दी गई है जिस सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर मृतक के भाई अशोक का ब्यान अंकित किया गया जिसने बताया कि उसका भाई आनंद हमारे गांव जयजयवंती में शराब के ठेके पर बतौर सेल्समैन का काम करता था रात को करीब 1 बजे उसे सूचना मिली की उसके भाई आनंद की किसी ने चोट मार दी और उसे हमारे गांव के खेडा में फेंक गए। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गोसाई खेडा बस अड्डा से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिनको आज अदालत में पेश करके दो दिन का पुलिस रिमांड साहिल किया गया है। जिस दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ करके साक्ष्य जुटाए जाऐंगे।

प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे शराब पीने के आदी है कुछ दिन पहले उन्होंने गांव में बने ठेके पर उधार की शराब लेने के लिए गये थे जहां सेल्जमैन आनन्द ने उन्हे उधार की शराब देने से मना कर दिया था। दिनांक 08.06.2024 को उनका शराब पीना का मूड हुआ तो उन्होंने योजना बनाई कि आज ठेके पर जाकर शराब मांगते हैं यदि सेल्समैन उधार में शराब देने से मना करेगा तो उसे जान से मार देंगें। जिस योजना के तहत घर से कुल्हाड़ी व झंडा लेकर ठेके पर पहुंचे सेल्जमैन आनन्द के मना करने पर दोनो ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी व उसे जबरदस्ती मोटरसाईकिल पर बैठा लिया और गावं के खेडा के पास ले जाकर उसे बिंडा व कुल्हाड़ी से चोट मार कर मौके से भाग गए।

### वर्षा ऋतु से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटा नगर निगम

**लोकेश चौधरी**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

वर्षा ऋतु के दौरान नगर को जल भराव से मुक्त रखने के दृष्टिगत विभिन्न नालों को पूर्णतया अतिक्रमण मुक्त एवं साफ रखने के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाए गए हैं। वर्षा ऋतु के दौरान नगर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व ही नगर के समस्त छोटे बड़े नालों की तली झाड़ सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बीएसए रोड से सदर एसटीपी तक जाने वाले नगर के प्रमुख बड़े नाले को पूर्व में नौ सेक्टर में विभाजित किया गया था एवं प्रत्येक सेक्टर में एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल नामित करते हुए अपने अपने सेक्टर में नाले को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त एवं शत प्रतिशत तली झाड़ सफाई कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था। नगर के अन्य विभिन्न नालों से पूर्णतया अतिक्रमण हटाए जाने के लिए 11 प्रभारी एवं सह प्रभारी नामित किए गए हैं।

### रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कराया जाएगा कड़ाई से पालन

**लोकेश चौधरी**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में भूगर्भ जल रिचार्ज हेतु जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, परियोजना निदेशक अरुण कुमार तथा समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग के नियमों को कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए तथा अनुपालन न करने वालों को नोटिस व आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# बचपन के श्रेष्ठ संस्कार ही वास्तव में जीवन की मजबूत नींव: आशा दीदी

शिविर

▶▶- बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ शुभारंभ ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर ने किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

ब्रह्माकुमारीज के भोराकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में 3 दिवसीय बाल व्यक्तित्व शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि बचपन के श्रेष्ठ संस्कार ही वास्तव में जीवन की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदय मोहिनी मात्र 9 वर्ष की आयु से ही ईश्वरीय विश्व विद्यालय से जुड़ी। उनका जीवन हमारे लिए आदर्श रूप है। उन्होंने जीवन में कभी क्रोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण भी अपने पूर्व जन्म के संस्कारों के कारण ही श्रीकृष्ण जैसे दिव्य गुणों वाले देवता बने।



संस्था के बहादुरगढ़ सेवाकेंद्रों की निदेशिका बीके अंजली ने अपने उद्बोधन में कहा कि छोटी आयु से ही ऐसा श्रेष्ठ संग मिलना बहुत बड़े भाग्य की निशानी है। चंडीगढ़ से पधारी बीके अनिता ने कहा कि जब भी गुस्सा आए तो एक गिलास ठंडा पानी पिएं। साथ ही ओम शांति कहें तो गुस्सा शांत हो जायेगा।

हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के एचआर डिपार्टमेंट के डीजीएम अमित मलिक ने कहा कि सफलता का अर्थ ये नहीं कि अच्छे पद व प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो। बल्कि जीवन में सदा शांति एवं खुशी बनी रहना ही सबसे बड़ी सफलता है। कार्यक्रम में द अर्थ सेवियर्स के अध्यक्ष जस कालरा एवं हिसार के मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. देवेंद्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

"चलो नई उड़ान भरें" विषय पर आयोजित शिविर में बच्चों के लिए मानसिक और शारीरिक स्तर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के द्वारा भी बच्चे अपनी कला प्रदर्शित करेंगे। शिविर में 500 से भी अधिक बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में बीके विधात्री ने मंच संचालन किया।

कैप्शनः- 1. डफ्ड ड्रैंशिल्ल उँस्र. दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ओआरसी की निदेशिका बीके आशा, हीरो मोटोकॉर्प से एचआर के डीजीएम अमित मलिक, द अर्थ सेवियर फाउंडेशन के अध्यक्ष जस कलर, बीके अंजली एवं बीके अनिता। 2,3,4. डफ्ड ड्रैंशिल्ल उँस्र में उपस्थित बच्चे एवं पैरेंट्स। 5. डफ्ड ड्रैंशिल्ल उँस्र को संबोधित करते हुए आशा दीदी।

# हरियाणा के 182 कॉलेजों में 4618 प्रोफेसरों के पद खाली: जगवीर हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/*रोहतक**

आम आदमी पार्टी के संयुक्त सचिव जगवीर हुड्डा ने बुधवार को सीएम नायब सिंह के तीन महीने में 50 हजार नौकरी देने के वादे पर बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा कि जो काम बीजेपी पिछले 5 साल में नहीं कर सकी। वो काम 3 महीनों में करने का वादा कर युवाओं को बरगलाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले 50 हजार पद देना हरियाणा सरकार के बस की बात नहीं है। पिछले 5 साल में बीजेपी सरकार ने पेपर लीक और पेपर रद्द करने के रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। प्रदेश के युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।



उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं और जनता ने बीजेपी को सिरे से नकार दिया है। सीएम नायब सिंह को हरियाणा में बीजेपी की हार साफ नजर आने लगी है। इसलिए सीएम नायब युवाओं को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन प्रदेश का युवा जाग चुका है।

इसलिए विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता और युवा बीजेपी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि प्रदेश के 182 सरकारी कॉलेज में प्रोफेसर के 7986 पदों में से 4618 रिक्त हैं।सबसे ज्यादा अंग्रेजी के 625 और ज्योग्राफी के 500 पद खाली है।

### एसआईएस के भर्ती कैंप में नौ को मिली नौकरी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

रीजनल ट्रेनिंग अकादमी नई दिल्ली के द्वारा भारती कैंप में 16 अभ्यर्थी अपना आवेदन लेकर प्रस्तुत हुए थे। नौ अभ्यर्थी चयनित हुए। एसआईएस लिमिटेड अधिकारी पीन मलिक ने बताया है कि यह भर्ती 12 जून से 2 जुलाई तक हर ब्लॉक पर चलेगी। ब्लॉक वार तिथि तय कर दी गई हैं। एसआईएस लिमिटेड रीजनल ट्रेनिंग अकादमी नई दिल्ली में भर्ती होने के बाद एक महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद 65 वर्ष की स्थाई नौकरी सुनिश्चित होगी। वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्नति, बोनस भी मिलेगा। सरकारी पेंशन, ग्रेच्युटी, वेतन वृद्धि वार्षिक वेतन वृद्धि एवं समय समय पर सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी जैसी सुविधाएं भी देय हैं।

# पशुपति फैक्ट्री से चोरी हुआ 10 लाख का सामान बरामद



गिरफ्तार

▶▶करीब दस लाख रुपए ) तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण एवं पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है।

**लोकेश चौधरी**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

थाना कोसीकलां पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में बंद पडी पशुपति फैक्ट्री से लोहे का सामान, मोटर व अन्य मशीनरी को चोरी करने वाले गिरोह के आठ चोरों को चोरी की छोटी बडी मोटर, लोहे के अन्य सामान, मशीनरी (अनुमानित कीमत करीब दस लाख रुपए ) तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण एवं पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह के मुताबिक थाना कोसीकलां क्षेत्र में बंद पडी पशुपति फैक्ट्री से लोहे का सामान, मोटर व अन्य मशीनरी को चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पशुपति फैक्ट्री के गेट के पास से गिरोह के आठ सदस्यों अब्दुल पुत्र भुल्लन खाँ,.शान मौहम्मद पुत्र जमील, जान मौहम्मद पुत्र जमील, नन्हें पुत्र हसद मौहम्मद, अरमान पुत्र मुन्ने मिस्त्री निवासीगण ग्राम शाहपुर चौधरी थाना गढमुक्तेश्वर जिला हापुड उत्तर प्रदेश, समयदीन पुत्र हुसैन निवासी ग्राम सकरी थाना सकरी जिला मधुबन हरियाणा, अमित पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम वलियाली थाना बवानी खेडा जिला भिवानी हरियाणा, ओम सिंह पुत्र जयनारायण निवासी सिसरखास थाना महम जिला रोहतक हरियाणा को चोरी की छोटी बडी मोटर, लोहे के अन्य सामान व अन्य मशीनरी व चोरी में प्रयुक्त उपकरण व पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह, चौकी प्रभारी कोटवन हरेन्द्र सिंह, एसआई अवन कुमार थाना कोसीकलां, प्रशिक्षु एसआई फिरोज खान थाना कोसीकलां आदि थे।

# तस्करी: इंडियन फ्लैपशेल टर्टल प्रजाति के 22 कछुए बरामद

कार्यवाही

▶▶ वन विभाग की टीम ने पुलिस के साथ कार्यवाही करते हुए इंडियन फ्लैपशेल टर्टल प्रजाति के 22 कछुए मुक्त कराये हैं।

**लोकेश चौधरी**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

वन विभाग की टीम ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए इंडियन फ्लैपशेल टर्टल प्रजाति के 22 कछुए मुक्त कराये हैं। इन कछुओं को तस्करी कर ले जाया जा रहा था। तस्करी में प्रयुक्त की जाने वाली मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया। बृजेश सिंह उप क्षेत्रीय वन अधिकारी कोसीकलां ने बताया कि



कोसीकला थाना पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम कार्यवाही करते हुए नंदगांव रजवाह की बम्बे की पटरी से कछुए की तस्करी करने वाले गिरोह के अभियुक्त चांद पुत्र गफ्फार निवासी करीमउल्लावास कस्बा व थाना कोसीकला को 22 कछुओं (इंडियन फ्लैपशेल टर्टल प्रजाति) व तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना, मोबाईल फोन सहित गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त कन्नू पुत्र अल्लाबक्श निवासी खरोंट का नगला थाना की कला जनपद मथुरा मौके से भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर थाना कोसीकला पर धारा 3, 39, 39 डी, 49, 49 डी, 5बी, 51, 52 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया है। फरार अभियुक्त कन्नू की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2021 में भी इसके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में थाना कोसीकला पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

अन्य थानों से आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। कार्यवाही करने वाली टीम में थाना प्रभारी कोसीकला अजीत सिंह, बृजेश सिंह उप क्षेत्रीय वन अधिकारी कोसी, एसआई मनमोहन शर्मा थाना कोसीकला, रोहित सिंह चौकी प्रभारी गढीबरवारी, बनवारी लाल बन दरोगा कोसीकलां आदि थे।

# भारतीय योग संस्थान ने विद्या भारती के साधकों को करवाई यौगिक शुद्धि क्रियाएं

यौगिक क्रियाएं

▶▶शुद्धि क्रियाओं से देह शुद्धि, स्वास्थ्य वृद्धि एवं रोग निवृति का लाभ प्राप्त होता है : सुरेश कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

विद्या भारती हरियाणा द्वारा गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, सलारपुर रोड़ में शिक्षकों के लिए आयोजित प्रांतीय पुनश्चर्या एवं विकास वर्ग के लगभग 200 प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र जिला इकाई के तत्वावधान में 3 जून से प्रतिदिन योगाभ्यास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता एवं ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष गुलशन कुमार ग्रोवर ने प्रशिक्षणार्थियों को महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के बारे में सटीक दृष्टांतों सहित विस्तार से बताया। संस्थान के प्रवीण योग शिक्षकों मिथिलेश चौधरी, चौधरी मागेराम, सोमा भट्ट, मनीराम सैनी, सीमा सांगवान, जगवीर सांगवान, उषा शर्मा, नीरज, देवी दयाल सैनी, जितेंद्र तलवार, राजेश भट्ट इत्यादि द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास करवाया जा रहा है जिसमें विभिन्न सूक्ष्म क्रियाओं, योगासनों, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया जाता है। 12 सूर्य नमस्कार, शव आसन व हास्य आसन का अभ्यास भी करवाया जा रहा है। करवाई जा रही प्रत्येक क्रिया के निषेध, सावधानियां, सही विधि व लाभ भी शिक्षकों द्वारा विस्तार से बताए जाते हैं। इसी श्रृंखला में आज साधकों को शारीरिक शुद्धि क्रियाएं करवाई गई। इन यौगिक शारीरिक शुद्धि क्रियाओं में कुंजल अथवा गजकरणी, रबड़ नेति, सूत्र नेति, जल नेति व चक्षु प्रक्षालन का अभ्यास करवाया गया। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा ने उपस्थित साधकों को यौगिक शुद्धि क्रियाओं के लाभ, सावधानियों व सही विधि के बारे में बताया। उन्होंने रबड़ नेति व जल नेति का प्रदर्शन करके भी दिखाया। यौगिक शुद्धि क्रियाओं के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इनसे तीन प्रकार के लाभ मिलते हैं - देह शुद्धि, स्वास्थ्य वृद्धि एवं रोग निवृत्ति। प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने प्रत्येक प्रकार की शुद्धि क्रिया से होने वाले विशिष्ट लाभों के बारे में बताते हुए उन निषेधों के बारे में भी बताया जो कि एक साधक को शुद्धि क्रियाएं करते हुए ध्यान में रखनी चाहिएं। अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी द्वारा शुद्धि क्रियाओं के लिए आवश्यक योग सामग्री उपलब्ध करवाई गई। कृष्ण जिला प्रधान देवी दयाल सैनी ने कुंजल क्रिया का प्रदर्शन किया। उपरोक्त सभी अधिकारियों के अतिरिक्त उषा शर्मा व राजेश भट्ट ने भी साधकों को शुद्धि क्रियाएं करवाने में सहयोग दिया।

# फुटपाथ पर फड लगाने वाले 12 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

फुटपाथ पर फड लगाकर या दुकान सजा कर बैठने वालों की खैर नहीं है। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले रास्ते पर फड लगाने वाले ऐसे ही 12 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन का शांतिभंग में चालान किया गया है। वहीं आगे से ऐसा करने पर सख्त कार्यवाही करने की हिदायत दी गई है। साथ ही फुटपाथ पर फूल मालाओं के अलावा अन्य सामान की बिक्री करने वाले लोगों को हिदायत दी है कि रास्ते में कहीं भी फड़ लगाकर अपने सामान की बिक्री न करें। जिससे कि रास्ते गुजरने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार परेशानी का सामना करना पड़े। अगर कोई



भी दुकानदार नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के साथ जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जायेगी। मंगलवार को 12 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया और इन्हें थाने ले गई। कड़ी चेतावनी के बाद शांतिभंग में इन लोगों का चालान कर दिया गया। वृंदावन में आम दिनों में भी भीडभाड रहती है। बडी संख्या में श्रद्धालु ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने आते हैं। जबकि वीक एंड और अन्य अवसरों पर भीड़ का दबाव बहुत ज्यादा रहता है।

ऐसे में श्रद्धालुओं और दूसरे लोगों को रास्ता निकालने में परेशानी होती है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## उ. रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया

**मुरादाबाद:** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है । 11.06.2024 को नीलामी बंद होने तक, उत्तर रेलवे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 101.11 करोड़ रुपये के स्क्रैप का निपटान करके भारतीय रेलवे की सभी क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों के बीच स्क्रैप बिक्री में नंबर 1 पर है। उत्तर रेलवे चालू वित्त वर्ष में 100 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री में मील का पत्थर हासिल करने वाला पहला क्षेत्रीय रेलवे भी है। इस प्रक्रिया में, उत्तर रेलवे ने बिक्री हासिल करने में सबसे कम समय में 71 नीलामियों में 528 लॉट्स बेचे हैं। स्क्रैप का निपटान एक महत्वपूर्ण कार्य है । स्क्रैप से राजस्व अर्जित किये जाने के साथ-साथ, यह रेल परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है । रेल पटरियों के टुकड़े, स्लीपर, टाई-बार इत्यादि स्क्रैप को एकत्रित कर इसकी बिक्री से संरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है । उत्तर रेलवे ने स्टाफ क्वार्टरों, केबिनों, शेडों, वाटर टैंकों इत्यादि परित्यक्त ढांचों के निपटान के कार्य को मिशन मोड में शुरू किया है । इससे न केवल राजस्व अर्जन में मदद मिली है बल्कि बहुमूल्य स्थान की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है । इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है । इनका त्वरित निपटान सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता सूची में रहा है तथा इसकी निगरानी भी उच्च स्तर पर की जाती है । उत्तर रेलवे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप पीएससी स्लीपरों का निपटान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके । जीएम ने कहा कि उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्टेटस हासिल करने और इस वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए अपने परिसरों को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## उत्तर प्रदेश में लू से अभी राहत नहीं

**कानपुर:** बंगाल की खाड़ी से मानसून आगे बढ़ रहा है जिसका असर उत्तर प्रदेश में भी पड़ रहा है। इससे उत्तर प्रदेश में बादलों की आसमान में आवाजाही तो बनी है पर तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। ऐसे में फिलहाल मानसून आने तक उत्तर प्रदेश में लू का कहर बरकरार रहेगा। हालांकि बीच-बीच में स्थानीय स्तर पर तेज धूल भरी आंधी के साथ मेघ गर्जन की भी संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान महाराष्ट्र, तटीय और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है।

# यूपी में नौकरियों की आएगी बहार...

### यूपी में रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया, योगी सरकार ने दिये पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश

भर्ती प्रक्रिया

▸▸ विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: योगी सरकार प्रदेश** के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 तथा पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह घ के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी।

**योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी की जाए:** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियों एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी की जाए और लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए।

## रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म' का हब बनाएगी योगी सरकार

वैश्विक स्तर पर

▸▸ रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म अट्रैक्शन' के तौर पर विकसित करने की दिशा में बढ़ाए कदम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास की पटकथा लिख रही योगी सरकार प्रदेश की अनुपम प्राकृतिक छटा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। प्रदेश के वन्य क्षेत्रों, अभ्यारण्यों व रिजर्व सैंक्चुरीज के विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अब चित्रकूट के रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म अट्रैक्शन' के तौर पर विकसित करने जा रही है। रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म' का हब बनाने के लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी जिसको क्रियान्वित करते हुए वन विभाग ने परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया है। रानीपुर टाइगर रिजर्व में पर्यटक सुविधाओं के विकास और बफर जोन रीजन में अन्य अवसंरचनात्मक कार्यों की पूर्ति के लिए 38 लाख रुपये के अनुमानित व्यय से विकास की परियोजनाओं को पूर्ण किए जाने का खाका खींचा गया है। इन प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के लिए कार्यालय उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व/ प्रभागीय अधिकारी, चित्रकूट द्वारा आदेश जारी किया गया है।

**कई मायनों में विशिष्ट है रानीपुर टाइगर रिजर्व:** 230 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र प्रसार वाला रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रदेश का चौथा तथा देश का 53वां टाइगर रिजर्व है। यह टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व से मात्र 150 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां बाघ के अतिरिक्त तेंदुआ, भालू, सांभर, हिरण, चिंकारा समेत तमाम प्रकार के वन्य जीवों व प्रजातियों का बसेरा है। यही कारण है कि योगी सरकार ने इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावना को देखते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी है। पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों का पालन करते हुए इस क्षेत्र का मानकों के अनुरूप विकास किया जा रहा है।

**लग्जरी टेंट एरिया समेत तमाम सुविधाओं का होगा विकास :** रानीपुर टाइगर रिजर्व में फिलहाल जिन टूरिस्ट सेंट्रिक एमिनिटीज का विकास किया जा रहा है, उनमें लग्जरी टेंट एरिया मुख्य है। यहां पर लग्जरी टेंट स्टे एरिया का विकास किया जाएगा जिससे यहां आकर रुकने वाले पर्यटकों को प्रकृति की अनुपम छटा निहारने का मौका मिलेगा। उन्हें जंगल में उत्तम नागरिक सुविधाएं तो मिलेंगी ही, साथ ही लॉन एरिया तथा पार्किंग के लिए लैंडस्केप जैसी सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। इतना ही नहीं, केन बेंच इंस्टॉलेशन तथा इंटरप्रिटेशन सेंटर के जरिए निगरानी प्रणाली को भी सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

## केंद्र में सरकार बनती तो जनता को नया जरूर देखने को मिलता: अखिलेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**इटावा:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र में एनडीए की सरकार जरूर बन गई है, लेकिन उनके चेहरों पर खुशी दिखाई नहीं दे रही है। जिन लोगों ने शपथ ली, वे भी खुश नहीं हैं। जनता में भी खुशी का अहसास नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि अगर आईएनडीआई गठबंधन की सरकार बनती तो जनता को कुछ नया जरूर देखने को मिलता। एनडीए सरकार से कुछ नया मिलने वाला नहीं है। अखिलेश ने कहा कि योगी सरकार ने सरकारी नौकरियां निकालनी शुरू कर दी हैं, यह अच्छा हुआ कि सरकार जनता के लिए कुछ काम शुरू कर रही है। अच्छा यह भी होता कि केंद्र सरकार अग्निवीर योजना को समाप्त कर देती।

## बिहार: सभी जिलों में प्रभारी मंत्री नियुक्त

जिम्मेवारी

▸▸ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर, भोजपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने बिहार में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति कर दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर, भोजपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। वहीं सीएम नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया, नालंदा और मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को वैशाली का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद और मंत्री सुमित कुमार संह सारण का मंत्री बनाया गया है।

**नीतीश मिश्रा को अररिया और गया का प्रभारी मंत्री बनाया गया:** वहीं बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार को नवादा, श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, पूर्व उपमुख्यंत्री रेणु देवी को सीवान, मंत्री मंगल पांडेय को दरभंगा और बेगूसराय, नीरज कुमार सिंह को कटिहार, मंत्री अशोक चौधरी को सीतामढ़ी और जहानाबाद, लेशी सिंह को मधबुनी, मदन सहनी को सुपौल, मंत्री नीतीश मिश्रा को अररिया और गया का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जमा खान को किशनगंज और शिवहर, रत्नेश सदा को जमुई, केदार प्रसाद गुप्ता को मुंगेर, सुदेश मेहता को बांका और संतोष कुमार सिंह भागलपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है

## हिंदू तीर्थयात्रियों पर हुए हमले पर जताया आक्रोश

**टीम एक्श इंडिया**

**लखीमपुर खीरी:** जम्मू कश्मीर के शिव खोड़ी में हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल व विहिप के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट गेट पर आतंकियों का पुतला फूंका और राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को सौंपा। बजरंग दल के जिला संयोजक आनंद दीक्षित ने इस दौरान बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया।



नई दिल्ली में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने पदभार ग्रहण किया और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने सम्मानित करते हुए।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पथराव

**टीम एक्शन इंडिया**

**कपूरथला:** पंजाब के फगवाड़ा में बुधवार सुबह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंकने का मामला सामने आया है। पत्थरबाजी के बाद ट्रेन यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार ट्रेन के सी-3 कोच पर पथराव किया गया है जिसमें दो विंडोपैन के शीशे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए है। ट्रेन के सी 3 कोच में यात्रा कर रही गुरुग्राम की रहने वाली पूनम कालड़ा और डाली ठुकराल ने बताया कि वे फगवाड़ा से दिल्ली के लिए वंदे भारत ट्रेन एक्सप्रेस में बैठी तो उनके पास वाली सीट के पास जोरदार आवाज सुनाई दी।

## उदयपुर सांसद को जान से मारने की धमकी

जांच जारी

▸▸ धमकीबाज ने कंगना रनौत की तरह गेम बजाने की बात लिखी हैं, पुलिस कर रही मामले की जांच



**टीम एक्शन इंडिया**

उदयपुर: उदयपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सांसद बने मन्नालाल रावत को एक शख्स ने सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में सांसद रावत ने पुलिस को सूचित कर मामला दर्ज करवा दिया है, जिसके बाद से ही साइबर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि कुछ दिन पहले सांसद ने एक मीडिया संस्थान को इंटरव्यू दिया था। जब इस इंटरव्यू की वीडियो क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर की गई तो कुछ लोगों को पंसद नहीं आई। इसी के चलते कुछ लोगों ने वीडियो पोस्ट पर ही कमेंट करते हुए सांसद को धमकी दे डाली। जैसे ही ये धमकियां सांसद ने देखी तो उन्होंने बिना देरी पुलिस को इस बारे में सूचित किया और उनसे कार्रवाई करने के लिए कहा। बताते चलें, कानूराम मीणा के नाम से बनाई गई एक प्रोफाइल के जरिए वीडियो पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा गया है, बहुत जल्द उदयपुर में भी रगड़ा निकाल दिया जाएगा। याद रखना मन्नालाल बहुत जल्द तुम्हारी वाडीया उठने वाली है। जय जोहार जिंदाबाद। इससे एक दिन पहले इसी शख्स ने एक अन्य कमेंट में लिखा था, कंगना रनौत की तरह इसका भी गेम बजाना पड़ रहा है। इसको सांसद बना के जनता ने गलत कर दिया। बीजेपी ने उदयपुर लोकसभा सीट पर अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर मन्नालाल रावत पर बड़ा दांव खेला था। इस परीक्षा में वे पास भी हो गए। मन्नालाल रावत ने कांग्रेस के ताराचंद मीणा को दो लाख 61 हजार वोटों से हरा दिया।

## बसपा नेता को हिरासत में लेने पर बवाल...



पथराव

▸▸ ासपा नेता को हिरासत में लिए जाने के विरोध में उनके निजी सुरक्षा कर्मियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरदोई:** हरदोई जिले के पाली में युवराज हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होने के बाद भी राजनीति चमकाने की कोशिश करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आई। पाली के निजामपुर में बसपा नेता को हिरासत में लिए जाने के विरोध में उनके निजी सुरक्षा कर्मियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने जमकर लाठियां चलाईं और महज 10 मिनट में ही स्थिति काबू में कर ली। उधर, दूसरी ओर पाली जा रहे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुलिस ने धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए मल्लावां में ही रोक लिया। देर शाम वह वापस चले गए। बीती 30 मई को पाली थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी युवराज सिंह (17) की किशोरी को लेकर हुए विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में युवराज के ताऊ की तहरीर पर तीन किशोरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हुआ था। 30 मई की रात ही पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी तीन किशोरों और उनके दो साथियों को पकड़ लिया था।

नामजद किशोरों की मदद करने वाले युवक कामरान को पुलिस की गोली भी लगी थी और वह घायल हो गया था। बाद में मामले को राजनीतिक रंग दे दिया गया। बीती दो जून को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू बसपा नेता राजवर्धन सिंह के साथ इस्माइलपुर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने हत्यारोपियों के मकान पर बुलडोजर चलवाने की मांग की थी। को वह फिर से पाली जा रहे थे।

## कतर: विवादास्पद हार के खिलाफ अपील करेगा एआईएफएफ

शिकायत

▸▸ पर्यवेक्षण त्रुटि के खिलाफ अपील करेंगे, भारत को क्वालीफायर राउंड 3 में जगह बनाने से हाथ धोना पड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कतर के खिलाफ भारत की विवादास्पद हार के बाद, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान जारी कर पुष्टि की है कि वे मैच के दौरान हुई गंभीर पर्यवेक्षण त्रुटि के खिलाफ अपील करेंगे, जिसके कारण भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह बनाने से हाथ धोना पड़ा। 2026 फीफा विश्व कप में जगह बनाने का भारत का सपना मंगलवार रात दोहा में कतर से 1-2 से हार के साथ टूट गया।

एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "मंगलवार रात फीफा 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 के समापन मैच में कतर के खिलाफ हार पूरे भारतीय फुटबॉल जगत के लिए एक बड़ी निराशा थी। हालांकि जीत और हार खेल का एक अभिन्न अंग हैं, और हमने इसे विनम्रता से स्वीकार करना सीख लिया है, लेकिन कल रात भारत के खिलाफ किए गए दो गोलों में से एक ने कुछ सवालों को अनुत्तरित छोड़ दिया।"

मैच के 37वें मिनट में लालियांजुआला छांगटे ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हॉफ की समाप्ति पर भारत 1-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ में मैच के 75वें मिनट में कतर के लिए यूसुफ अयमन ने नेट के पीछे से गोल मारा। गुरप्रीत द्वारा अयमन के हेडर को बचाए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगा कि गेंद खेल से बाहर चली गई है। रेफरी की सीटी नहीं बजी और भारतीय खिलाड़ियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। वीडियो असिस्टेंट रेफरी की अनुपस्थिति में रेफरी ने असिस्टेंट रेफरी से सलाह ली।

## चंडीगढ़: इंस्टीट्यूट-एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ के गवर्नमेंट मेडिकल रिसर्च अस्पताल सेक्टर-32 के मेंटल हेल्थ इंस्टीट्यूट और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल के जरिए धमकी दी गई है। धमकी मिलते ही अस्पताल के प्रशासनिक व सिक्योरिटी अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पाते ही चंडीगढ़ पुलिस, बम स्क्वायड, क्राइम ब्रांच सहित अन्य कई जांच टीमें अस्पताल में पहुंच गई है। इंस्टीट्यूट में करीब 15 मरीज और अन्य स्टाफ था लेकिन धमकी आने के बाद पूरे संस्थान को खाली करवा दिया गया है। इंस्टीट्यूट में भर्ती मरीजों को सेक्टर 48 के अस्पताल में शिफ्ट किया जा रहा है। मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल सहित पुलिस के कई बड़े अधिकारी भी मौजूद हैं। वहीं मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि पूरे इंस्टीट्यूट की तलाशी ले ली गई है लेकिन यहां कुछ भी संदिग्ध बम जैसा नहीं मिला है। हालांकि अब बम स्कवाड की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। धमकी भरी ईमेल कहां से आई थी, इसकी जांच अभी की जा रही है। डीएसपी दलबीर सिंह ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान कुछ नहीं मिला है।

एयरलिफ्ट — चुनावी मशीनरी को दूरस्थ स्थानों तक ले जाने के लिए किया एयरलिफ्ट, सेना और बीएसएफ के हेलीकॉप्टरों को भी उड़ानों में शामिल किया गया

## लोकसभा चुनावों के दौरान वायु सेना के हवाई बेड़े ने निभाई अहम भूमिका

सहयोग

▸▸ परिवहन और हेलीकॉप्टर बेड़े को चुनावों के बीच मशीनरी को एयरलिफ्ट करने के लिए तैनात किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना की भी अहम भूमिका रही है। युद्ध और शांति काल में विभिन्न कार्य करने वाले वायु सेना के परिवहन और हेलीकॉप्टर बेड़े को चुनावों के बीच प्रशासनिक मशीनरी को एयरलिफ्ट करने के लिए तैनात किया गया था। वायु सेना के मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने इस दौरान पर्याप्त उड़ान भरकर पोलिंग पार्टी को दूरस्थ स्थानों तक पहुंचाने और वापस लाने का कार्य किया है। वायु सेना का हवाई बेड़ा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लड़ाकू सैनिकों को हवाई मार्ग से ले जाने और शांतिकालीन भूमिका के अलावा राष्ट्र निर्माण की दिशा में कई कार्य करता है। नागरिक शक्ति की सहायता में भारतीय वायुसेना विशेष रूप से सबसे आगे रही है।

हाल ही में हुए लोकसभा आम चुनाव के दौरान मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने पर्याप्त उड़ान भरी हैं। वायु सेना इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को पोलिंग पार्टी के साथ एयरलिफ्ट करने और चुनाव ड्यूटी पर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के कर्मियों को तैनात करने के कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रही है। आम चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना ने देश के दूरदराज के इलाकों तक चुनाव कर्मियों की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां सड़क मार्ग से आवाजाही एक सुरक्षा चिंता का विषय थी।

## इलाज के लिए अभिषेक बनर्जी ले रहे हैं राजनीति से 'छोटा ब्रेक'

सेहत पर ध्यान

▸▸ 'केंद्र-राज्य संघर्ष' में बंगाल के लोग आवास अधिकार से वंचित हैं। दिसंबर तक इसे पूरा किया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी चिकित्सा उपचार के लिए राजनीति से 'छोटा ब्रेक' ले रहे हैं। अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को खुद सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही अभिषेक ने लिखा, 'केंद्र-राज्य संघर्ष' में बंगाल के लोग आवास अधिकार से वंचित हैं। तृणमूल ने वादा किया है कि दिसंबर तक इसे पूरा किया जाएगा। अभिषेक ने पोस्ट में बताया कि इसे सुनिश्चित करने का अनुरोध उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से किया है। अभिषेक ने लिखा, "मैं इलाज के लिए संगठन से एक छोटा सा ब्रेक लूंगा। इस दौरान मुझे आम लोगों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिलेगा। मुझे विश्वास है कि राज्य सरकार लोगों की समस्याओं का शीघ्र और अच्छे से समाधान करेगी और यह भी सुनिश्चित करेगी कि लोगों को न्याय मिले।"